सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

गुरुवार, 10 सितम्बर , 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 62, पेज 12, 3.50 रुपये
www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 813 अंकों की गिरावट

कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंचने से मानक सूचकांक सेंसेक्स 813 अंक लुढ़का और एनएसई निफ्टी 23,450 अंक के नीचे आ गया। } 10

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर जल्द होंगे हस्ताक्षर



वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता लगभग अंतिम रूप ले चुका है। दोनों पक्ष कुछ मुद्दों पर अभी बातचीत कर रहे हैं और उचित समय पर समझौते पर हस्ताक्षर किये जायेंगे। } 12

## श्रीलंका के साथ और बढ़ायेंगे सहयोग : राजनाथ

### क्षेत्रीय सुरक्षा पर मिलकर करेंगे काम दोनों देशों

एजेंसी



कोलंबो। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच बहुआयामी साझेदारी से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान क्षेत्र की सुरक्षा, संरक्षा, शांति और समृद्धि सुनिश्चित करने के तरीकों पर भी विचार-विमर्श किया गया। सिंह मंगलवार को तीन दिवसीय यात्रा पर श्रीलंका पहुंचे।

रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, उन्होंने श्रीलंका के राष्ट्रपति दिसानायके को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शुभकामनाएं दीं और कहा कि दोनों देशों के नागरिकों के बीच मजबूत ऐतिहासिक व सभ्यतागत संबंधों पर आधारित गहरी मित्रता है। सिंह ने श्रीलंकाई राष्ट्रपति को उनकी सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर भी बधाई दी।

रक्षा मंत्रालय ने कहा दोनों पक्षों ने इस बात की पुष्टि की कि सभ्यतागत रूप से समान, करीबी पड़ोसी और समुद्री साझेदार होने के नाते भारत और श्रीलंका अपने देशों के विकास और अपने लोगों के कल्याण के लिए मिलकर काम करना जारी रखेंगे। साथ ही, हम अपने क्षेत्र की सुरक्षा, संरक्षा, शांति और ...शेष पृष्ठ 10 पर

## एनआईए की चार्जशीट : लाल किले पर किया गया था आत्मघाती हमला

### विस्फोट में मारा गया उमर उन नबी था हमले का मास्टरमाइंड, कार में बैठकर उसी ने किया था धमाका

एजेंसी



नई दिल्ली। दिल्ली के लाल किले के पास नवंबर 2025 में हुए कार विस्फोट की जांच में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने बड़ा दावा किया है। एनआईए की चार्जशीट के मुताबिक, इस हमले का कथित मास्टरमाइंड उमर उन नबी था, जो विस्फोट में मारा गया था। जांच एजेंसी ने उसे कथित तौर पर फिर से सक्रिय किए गए अंसार गजवत-उल-हिंद मॉड्यूल का संचालन संभालने वाला व्यक्ति बताया है। अब सवाल है कि आखिर उमर उन नबी ने किस तरह इस कथित आतंकी साजिश को आगे बढ़ाया और लाल किले तक विस्फोटक से भरी कार कैसे पहुंची।

एनआईए के मुताबिक, उमर उन नबी उर्फ पिंडा और राहुल भट 2022 की शुरूआत से कथित तौर पर निष्क्रिय पड़े अंसार गजवत-उल-हिंद मॉड्यूल को दोबारा सक्रिय करने में लगा था। जांच एजेंसी ने उसे एजीयूएच इंटरिम का कथित परिचालन प्रभारी बताया है। एजेंसी के अनुसार, यह मॉड्यूल भारतीय उपमहाद्वीप में अल-कायदा के कथित फिर से सक्रिय रूप का हिस्सा था। चार्जशीट में नबी के अफगानिस्तान जाने की कथित योजना का भी जिक्र है। एनआईए के अनुसार, वह कट्टरपंथी विचारधारा से जुड़ने के बाद हिजरत के नाम पर अफगानिस्तान जाने की तैयारी कर रहा था। जांच एजेंसी का दावा है कि नबी और मॉड्यूल से जुड़े दूसरे लोगों के पास कट्टरपंथी साहित्य था और उसे आपस में साझा भी किया जाता था। जांच में जिहाद की परिभाषा, जिहाद की जरूरतें, जिहाद के 21 उद्देश्य, जिहाद में सेवा और भागीदारी के 39 तरीके और जिहाद का समर्थन करने के 44 तरीके जैसे दस्तावेजों की जांच की गई।

एजेंसी के अनुसार, इन दस्तावेजों में हिंसा और सशस्त्र संघर्ष को सही ठहराने की कोशिश की गई थी तथा गुप्त तरीके से काम करने, पहचान छिपाने और अलग-अलग तरह के हमलों से जुड़ी बातें भी थीं। एनआईए की चार्जशीट के अनुसार, आरोपी लोग सिग्नल जैसे एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग ऐप के जरिए संपर्क में रहते थे। आरोप है कि नबी ने इस कथित मॉड्यूल के लिए पैसे जुटाने, अवैध हथियार हासिल करने और सदस्यों तथा कथित तौर पर साजिश से जुड़े सामान के लिए जगह उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभाई। जम्मू-कश्मीर और ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### हत्या मामले में छह को आजीवन कारावास

बाराबंकी (उप्र)। जिले के मसौली के ग्राम रोशन चक में 24 साल पहले एक व्यक्ति की हत्या मामले में अदालत ने छह लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है और सभी पर 48-48 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। शासकीय अधिवक्ता रमेश चंद्र वर्मा ने बताया कि थाना मसौली ग्राम रोशन चक मजरे सुल्तानपुर गांव निवासी संजय कुमार यादव ने 31 अक्टूबर 2002 को पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि गांव के कुछ लोगों ने लाठी, डंडा, बन्दूक, तमंचा से लैस होकर उसके दादा श्री पाल की पिटाई कर दी जिससे वह घायल हो गये। उसने तहरीर में बताया कि आनन-फानन उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनकी मौत हो गई। तहरीर मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज करके सभी आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था। विवेचक ने विवेचना पूरी करने के बाद आरोप पत्र अदालत पर दाखिल किए थे। अपर सत्र न्यायाधीश विनय आर्या की अदालत ने हत्या के मामले में मंगलवार को अपना फैसला सुनाया।

### नेशनल टीबी टास्क फोर्स के उपाध्यक्ष बने डा. सूर्यकान्त

लखनऊ। किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सूर्यकान्त को राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत गठित नेशनल टास्क फोर्स का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनका कार्यकाल दो वर्ष का रहेगा। नेशनल टास्क फोर्स का उद्देश्य देश के मेडिकल कॉलेजों में टीबी उन्मूलन संबंधी गतिविधियों को मजबूत करना तथा राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना है। केजीएमयू की कुलपति डा. सोनिया नित्यानंद ने कहा कि डॉ. सूर्यकान्त की यह नियुक्ति न केवल केजीएमयू बल्कि उत्तर प्रदेश और देश के चिकित्सा समुदाय के लिए भी गौरव का विषय है।

# बेटियों को डराने वालों की जगह सिर्फ जेल या जहन्नुम

### ○ माफिया के सामने कभी नहीं झुकती डबल इंजन की सरकार : योगी ○ अर्थव्यवस्था में महिलाओं का अहम योगदान

विशेष संवाददाता



वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कुछ लोग वोट बैंक के लिए समाज को जातीय आधार पर बांटने और विभाजन की राजनीति करने का प्रयास करते हैं, लेकिन जब दुर्दान्त माफिया और अपराधियों पर कार्रवाई की बात आती है तो इनकी सिट्टी-पिट्टी गुम हो जाती है। वे मौन हो जाते हैं। भले ही उनके अपने परिवार का नुकसान हुआ हो, वे माफिया के सामने गिड़गिड़ाते हुए ही दिखाई दिए। लेकिन, डबल इंजन की सरकार माफिया के सामने नहीं झुकती। अपराधी चाहे कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो, कानून अपना काम करेगा। खासकर बेटियों व महिलाओं की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। बेटी की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों के लिए जेल या जहन्नुम के अलावा कोई तीसरा रास्ता नहीं। जब महिला बिना डर घर से निकलेगी, तभी वह स्कूल, कॉलेज, नौकरी, कारोबार और सामाजिक जीवन में अपनी भागीदारी बढ़ा सकती है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को वाराणसी के पिंडरा विधानसभा में कामकाजी महिला सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह आयोजन आधी आबादी के सम्मान और उसकी सामर्थ्य का अहसास कराने वाला है। महिलाओं की भागीदारी केवल परिवार तक सीमित नहीं है, बल्कि वे प्रदेश की अर्थव्यवस्था, सामाजिक व्यवस्था और विकास की दिशा तय करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। सीएम योगी ने कहा कि 2017 से पहले बेटी को स्कूल भेजना हो तो परिवार को उसकी सुरक्षा की चिंता होती थी। घर में शौचालय न हो तो बेटी, बहन और मां के सम्मान की चिंता रहती थी। रसोई में धुआं हो तो स्वास्थ्य की चिंता, इलाज कराना हो तो पैसे की चिंता और घर चलाना हो तो आमदनी की चिंता होती थी। महिला घर से बाहर निकलकर कुछ करना चाहती थी तो उसके सामने रास्ते, कनेक्टिविटी, अवसर और उस अवसर तक पहुंचने की कीमत का सवाल खड़ा होता था। जब परिवार को सुरक्षा का भरोसा नहीं होता है तो सबसे पहले बेटी के सपनों पर रोक लगती है। भाजपा सरकार ने तय किया कि बेटी को पढ़ाना है, बढ़ाना है और सुरक्षा की चिंता भी समाप्त करनी है। हमने पहले डर हटाया, फिर बेटी को पढ़ाया, हुनर दिया और उसे रोजगार से जोड़ा। पहले सवाल था कि बेटी घर से बाहर कैसे निकलेगी, आज सवाल यह है कि उसे जाना कहां तक है। अब कोई बेटी केवल इसलिए अपने सपनों को नहीं छोड़ेगी कि वह गरीब परिवार में पैदा हुई है। कोई महिला केवल पूंजी के अभाव में पीछे नहीं रहेगी ...शेष पृष्ठ 10 पर

### 2017 से पहले पोषाहार आपूर्ति में शामिल था शराब माफिया : सीएम

वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्ववर्ती सरकारों पर तीखा हमला करते हुए कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में बच्चों के पोषाहार की सप्लाई तक में शराब माफिया का दखल था। तीन-तीन महीने तक आंगनवाड़ी केंद्रों पर राशन नहीं पहुंचता था और बच्चे अपना टाट लेकर केंद्रों पर आते थे। न शुद्ध पेयजल की व्यवस्था थी, न शौचालय और न गर्म भोजन की सुविधा। पूर्ववर्ती सरकारों में गलती कोई और करता था, लेकिन उसकी गाली आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को मिलती थी। 2017 के बाद सरकार ने पोषाहार वितरण व्यवस्था में बदलाव कर पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की। आज आंगनवाड़ी केंद्रों को आधुनिक सुविधाओं से लैस कर पोषण और प्रारंभिक शिक्षा का मजबूत आधार बनाया जा ...शेष पृष्ठ 10 पर

## उच्चतम न्यायालय ने नोएडा के कार्यकारी मजिस्ट्रेट को लताड़ा

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) की अगुवाई में हुए प्रदर्शन में शामिल होने को लेकर एक छात्र को नोटिस जारी करने पर ग्रेटर नोएडा की कार्यकारी मजिस्ट्रेट को बुधवार को कड़ी फटकार लगाई। न्यायालय ने पूछा कि उसके पहले के आदेश के बावजूद मजिस्ट्रेट ने ऐसा नोटिस जारी करने की हिम्मत कैसे की।

शीर्ष न्यायालय ने कहा कि वह इस मामले में ग्रेटर नोएडा की कार्यकारी मजिस्ट्रेट से स्पष्टीकरण मांगेगा। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने पूछा कि कार्यकारी मजिस्ट्रेट ऐसा नोटिस कैसे जारी कर सकती हैं, जबकि शीर्ष अदालत पहले ही निर्देश दे चुकी है कि छात्रों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्वाई नहीं की जाएगी। वरिष्ठ अधिवक्ता विश्वजीत भट्टाचार्य ने सीजेआई की अगुवाई वाली तीन सदस्यीय पीठ के समक्ष इस मामले का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत के छात्रों पर प्रयोग किया जा रहा है और यह नोटिस भी उच्चतम न्यायालय के एक सितंबर के आदेश के विपरीत था। हालांकि, नोटिस बाद में ...शेष पृष्ठ 10 पर

## केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने तीन रेल परियोजनाओं को दी मंजूरी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने बुधवार को रेल मंत्रालय की 10,783 करोड़ रुपये की लागत वाली तीन मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी। इन परियोजनाओं में खड़गपुर-झारसुगुड़ा खंड और कटनी-पेंड्रा रोड खंड के बीच चौथी लाइन तथा बिलासपुर (उसलापुर)-पेंड्रा रोड खंड के बीच तीसरी लाइन का निर्माण शामिल है।

आधिकारिक बयान के मुताबिक, इन परियोजनाओं से रेल लाइन की क्षमता बढ़ेगी, जिससे आवाजाही में सुधार के साथ परिचालन दक्षता और सेवाओं की विश्वसनीयता बढ़ेगी। इससे रेल परिचालन सुगम होगा और भीड़भाड़ कम करने में भी मदद मिलेगी। ये तीनों परियोजनाएं पश्चिम बंगाल, झारखंड, ओडिशा, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के 14 जिलों से होकर गुजरेंगी। इनके निर्माण से भारतीय रेल के मौजूदा नेटवर्क में करीब 656 किलोमीटर की वृद्धि होगी। सरकार ने कहा कि प्रस्तावित मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं से करीब 4,790 गांवों को बेहतर रेल संपर्क मिलेगा, जहां लगभग 56 लाख लोग रहते हैं। इन परियोजनाओं से तारातरणी मंदिर, श्रीक्षेत्र जगन्नाथ मंदिर, बंधवगढ़ टाइगर रिजर्व, विराटेश्वर मंदिर, अमरकंटक मंदिर, ज्वालेश्वर धाम, अचानकमार ...शेष पृष्ठ 10 पर

## बिहार में बाढ़ से 40 लाख से अधिक प्रभावित

### गंडक, कोसी, गंगा, पुनपुन, बागमती व घाघरा समेत कई नदियां उफान पर

एजेंसी



पटना। बिहार में पिछले चार-पांच दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश और नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रों में भारी वर्षा के कारण 14 जिलों में बाढ़ की स्थिति गंभीर हो गई है। आपदा प्रबंधन विभाग के अनुसार राज्य में 40.21 लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं।

एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि लगातार बारिश के कारण नदियां और बरसाती नाले उफान पर हैं। नेपाल में हुई भारी वर्षा के चलते भी कई नदियां विभिन्न स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार पटना, भोजपुर, सारण, वैशाली, भागलपुर, बेगूसराय, बक्सर, समस्तीपुर, मुंगेर, कटिहार, लखीसराय, खगड़िया, पूर्णिया और अरवल जिलों के 84 प्रखंडों की 514 ग्राम पंचायतों के लगभग 40.21 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। विभाग के ताजा बुलेटिन के मुताबिक, भागलपुर के सुल्तानगंज में बुधवार सुबह नौ बजे गंगा का जलस्तर 36.78 मीटर दर्ज किया गया, जो 17 अगस्त 2021 के 36.75 मीटर के पिछले उच्चतम बाढ़ स्तर (एचएफएल) से अधिक है। हालांकि, जलस्तर फिलहाल स्थिर बना हुआ है। गंडक, कोसी, बूढ़ी गंडक, गंगा, पुनपुन, बागमती और घाघरा समेत कई नदियां विभिन्न ...शेष पृष्ठ 10 पर

## उन्नाव में 2,078 करोड़ के क्राउन प्लांट का भूमि पूजन

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की एफडीआई नीति का असर अब बड़े वैश्विक निवेश के रूप में दिखने लगा है। वैश्विक पैकेजिंग कंपनी क्राउन होल्डिंग्स की भारतीय इकाई क्राउन पैकेजिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने उन्नाव के इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक्स क्लस्टर में करीब 2,078.44 करोड़ रुपये की लागत से अपने पहले ग्रीनफील्ड एल्युमीनियम बेवरेज कैन प्लांट का भूमिपूजन किया। करीब 40 एकड़ में स्थापित होने वाली यह इकाई भारत में क्राउन होल्डिंग्स की पहली विनिर्माण इकाई होगी। संयंत्र की शुरूआती स्थापित क्षमता 116.2 करोड़ कैन प्रतिवर्ष होगी, जिसे भविष्य में बढ़ाकर 178.6 करोड़ कैन प्रतिवर्ष तक किया जा सकेगा। परियोजना के पहले वर्ष में करीब 67 करोड़ कैन उत्पादन का अनुमान है। परियोजना से 200 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष और 1,500 से अधिक लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार मिलने की संभावना है। इसके साथ ही लॉजिस्टिक्स, वेयरहाउसिंग, परिवहन, रखरखाव और स्थानीय वेंडर नेटवर्क में भी कारोबार और रोजगार के नए अवसर बनेंगे। भूमिपूजन समारोह में औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने कहा कि प्रदेश में अब औद्योगिक परियोजनाएं ...शेष पृष्ठ 10 पर

○ 1,700 से ज्यादा लोगों को मिलेगा रोजगार



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 30.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 26.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**

○ स्पेशल टीईटी परीक्षा 3 नवंबर को होगी (पृष्ठ-02)
○ महिलाओं की आमदनी बढ़ाने पर हो जोर : मौर्य (पृष्ठ-02)
○ रुपया 34 पैसे टूटकर 95.08 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-10)
○ वृद्धि के लिए सेवा निर्यात में विविधता की जरूरत (पृष्ठ-10)
○ पेट्रोलियम कंपनियों को हो रहा है नुकसान (पृष्ठ-10)

**विशेष खबर** बुंदेलखंड में जल संकट का जवाब बनेगा गंगावली मॉडल, 19.1 करोड़ की परियोजना तेज

## बुंदेलखंड में बूंद-बूंद का हिसाब, तैयार हो रहा जल प्रबंधन का नया मॉडल

विशेष संवाददाता



लखनऊ। बुंदेलखंड में जल संकट के बीच उपलब्ध पानी के बेहतर इस्तेमाल और कम पानी में अधिक उत्पादन की दिशा में इंडिया-इजराइल बुंदेलखंड वाटर प्रोजेक्ट आगे बढ़ रहा है। झांसी के बड़ागांव विकासखंड के गंगावली गांव में करीब 19.1 करोड़ रुपये की लागत से चल रहे मिनी पायलट प्रोजेक्ट के कई प्रमुख कार्य पूरे हो चुके हैं। परियोजना का निर्माण चरण 31 दिसंबर 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य है।

गंगावली में जलाशय का अर्थवर्क और जियोमेम्ब्रेन लाइनिंग, सोलर पंप, नहर से जलाशय तक इंटेक पाइप, इंटेक वेल और पीयूएफ पैनल आधारित भवनों का निर्माण पूरा हो गया है। जलाशय की सुरक्षा के लिए डिमार्केशन और फेंसिंग भी पूरी कर ली गई है। गांव से आने वाले अपशिष्ट जल को जलाशय में पहुंचने से रोकने और उसके उपचार के लिए नेचुरल एसटीपी भी तैयार किया गया है। नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के विशेष सचिव और भूगर्भ जल विभाग के निदेशक डॉ. राजेश कुमार प्रजापति के अनुसार परियोजना में जल संरक्षण, भंडारण, सौर ऊर्जा, माइक्रो इरिगेशन, आधुनिक कृषि तकनीक और किसान प्रशिक्षण को एक साथ जोड़ा गया है। इसका उद्देश्य बुंदेलखंड की स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप ऐसा मॉडल विकसित करना है, जिसमें उपलब्ध पानी का वैज्ञानिक और अधिकतम उपयोग हो सके। अगले चरण में ड्रिप और स्प्रिंकलर आधारित माइक्रो इरिगेशन, ग्रीनहाउस, टनल, पाइपलाइन और सिंचाई ऑटोमेशन-एससीएडीए व्यवस्था को क्रियाशील किया जाएगा। जलाशय के आसपास सड़क का निर्माण अभी जारी है। मिनी पायलट प्रोजेक्ट के तहत करीब 8.5 हेक्टेयर क्षेत्र में आधुनिक कृषि तकनीकों का प्रदर्शन किया जाएगा। किसानों को फसल की जरूरत के मुताबिक पानी देने, सिंचाई दक्षता बढ़ाने और कम पानी में बेहतर उत्पादन हासिल करने का व्यावहारिक तरीका दिखाया जाएगा। परियोजना में पानी की खपत, सिंचाई दक्षता, फसल उत्पादन, लागत और जल ...शेष पृष्ठ 10 पर

## एथनॉल मिश्रण को ई-20 से अधिक करने पर काम कर रही है सरकार

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री के सलाहकार तरुण कपूर ने बुधवार को कहा कि सरकार फ्लेक्सी-फ्यूल गाड़ियों के जरिये मौजूदा ई-20 स्तर से ज्यादा पेट्रोल में एथनॉल मिलाने की अनुमति देने पर काम कर रही है।

द इंडिया शुगर एंड बायो-एनर्जी कॉन्फ्रेंस 2026 के चौथे संस्करण को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए कपूर ने कहा कि ई-20 कार्यक्रम अबतक बहुत सफल रहा है और कई वाहन कंपनियों ने जल्द ही फ्लेक्सी-फ्यूल गाड़ियां पेश करने की योजना की घोषणा की है। उन्होंने कहा अब हमारा ध्यान फ्लेक्सी-फ्यूल गाड़ियों पर है और ऐसी सम्मिश्रण की मंजूरी देना है जो ई-20 से ज्यादा हो। उन्होंने कहा कि ऐसी गाड़ियों की पेशकश के साथ-साथ ईंधन बिक्री केंद्रों पर शुद्ध एथनॉल की उपलब्धता भी बढ़ानी होगी। कपूर ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट के बीच जैव-ईंधन पर जोर देना और भी जरूरी हो गया है। इस संकट ने आपूर्ति में रुकावट डाली है और कच्चे तेल की कीमतों को लगभग 100 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंचा दिया है, साथ ही और बढ़ोतरी की आशंका भी बनी हुई है। उन्होंने कहा यह जरूरी है कि हम देश में जो कुछ भी उपलब्ध है, उसका इस्तेमाल करने की कोशिश करें। उन्होंने कहा कि देश में एथनॉल उत्पादन की क्षमता पेट्रोल में इसे मिलाने की जरूरतों से ज्यादा हो गई है।

# राष्ट्रीय पोषण मेले में दिखी देश की आहार विविधता

## मुख्यमंत्री ने ओडिशा, तमिलनाडु, गुजरात व गोरखपुर की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं से किया संवाद

## वणक्कम से शुरू हुआ संवाद, जुड़वां बच्चों की कहानी ने छुआ दिल

विशेष संवाददाता (vol)

**वाराणसी।** मां अन्नपूर्णा की धरती काशी से 9वें राष्ट्रीय पोषण माह-2026 का शुभारंभ हुआ। रुद्राक्ष इंटरनेशनल कोऑपरेशन एंड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित पोषण मेले में देश के विभिन्न राज्यों की पोषण परंपराओं, आहार विविधता और नवाचारों की झलक देखने को मिली। अलग-अलग राज्यों के व्यंजनों और उन्हें तैयार करने के तरीकों में भले ही विविधता रही, लेकिन सभी में पौष्टिकता को प्राथमिकता दी गई।




मेले में पोषण एवं स्वास्थ्य से जुड़े 15 स्टॉल लगाए गए। इनमें सात राज्यों के स्टॉल के अलावा आंगनवाड़ी सेवाओं, अनुपूरक पुष्टाहार, प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा (ईसीसीई), सक्षम आंगनवाड़ी और स्वास्थ्य विभाग की गतिविधियों को प्रदर्शित किया गया।

उत्तर प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, हरियाणा, मिजोरम और बिहार के प्रतिनिधियों ने अपने राज्यों की योजनाओं, पोषण आहार और प्रयोगों की जानकारी साझा की।

मिजोरम से आई जोयला ने बताया कि मेले में विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों को एक-दूसरे के पोषण आहार और उसे तैयार करने की प्रक्रिया समझने का अवसर मिला। राजस्थान की आईसीडीएस उपनिदेशक डॉ. मंजू यादव ने उत्तर प्रदेश की पोषण योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि यहां स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं पोषण आहार प्लांट चला रही हैं। विश्वविद्यालयों के होम साइंस विभाग भी जागरूकता कार्यक्रमों से जुड़े हैं। अक्षय पात्र के माध्यम से स्कूली बच्चों को गर्म और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने की पहल की भी उन्होंने जानकारी दी।

उत्तराखंड की चाइल्ड डेवलपमेंट प्रोजेक्ट ऑफिसर नीतू पुलारा ने मिजोरम में मिलेट्स से तैयार किए जा रहे नूडल्स को बच्चों को फास्ट फूड से दूर रखने की दिशा में उपयोगी प्रयोग बताया। छत्तीसगढ़ में यूनिसेफ के सहयोग से संचालित कार्यक्रमों की जानकारी को उपयोगी बताया। वाराणसी और आसपास के जिलों से आई आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने मानदेय में बढ़ोतरी और कैशलेस चिकित्सा सुविधा मिलने पर प्रदेश सरकार के प्रति आभार जताया। गाजीपुर की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शशिकला और सहायिका स्नेहलता ने कहा कि कार्यक्रम से उन्हें कई नई जानकारियां मिली हैं, जिन्हें वे अपने कार्यक्षेत्र में लागू करने का प्रयास करेंगी। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तारा पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री के संबोधन से मिली जानकारी को केंद्रों के माध्यम से बच्चों और उनके परिवारों तक पहुंचाया जाएगा।


कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ओडिशा, तमिलनाडु, गुजरात और गोरखपुर की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं से संवाद किया। तमिलनाडु की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आर. रंजनी ने मुख्यमंत्री से वणक्कम कहकर बातचीत शुरू की। उन्होंने बताया कि एक परिवार में 21 दिन के जुड़वां बच्चों की मां की मृत्यु हो गई थी। इसके बाद उन्होंने परिवार को समझाया और आंगनवाड़ी केंद्र के माध्यम से बच्चों के पालन-पोषण की जिम्मेदारी संभालने के साथ व्यक्तिगत स्तर पर भी सहयोग किया। रंजनी ने बताया कि दोनों बच्चे अब दो वर्ष से आंगनवाड़ी केंद्र आ रहे हैं। उन्हें स्वस्थ और सामान्य रूप से बढ़ते देखकर काफी खुशी होती है। यह अनुभव बताता है कि आंगनवाड़ी कार्यकताओं की भूमिका केवल पोषण आहार वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि जरूरत पड़ने पर वे बच्चों और परिवारों को भावनात्मक और व्यक्तिगत सहयोग भी देती हैं।

मुख्यमंत्री ने ओडिशा से आई सहायिका से कुपोषित बच्चों के विकास में आंगनवाड़ी केंद्रों की भूमिका के बारे में जानकारी ली। वहीं, गोरखपुर के बसियापुर गांव की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि वह उनके गांव जा चुके हैं। इस पर कार्यकर्ता ने सहज अंदाज में कहा कि मुख्यमंत्री उनके घर भी आ चुके हैं।

# स्पेशल टीईटी परीक्षा 3 नवंबर को

विशेष संवाददाता (vol)

- टीईटी/सीटीईटी उत्तीर्ण नहीं करने वाले शिक्षकों को भी परीक्षा में शामिल होने का अवसर, आवेदन प्रक्रिया शुरू



लखनऊ। उत्तर प्रदेश शासन के बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग ने विशेष शिक्षकों के लिए आयोजित की जाने वाली विशेष अध्यापक पात्रता परीक्षा (स्पेशल टीईटी) को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। शासन के निर्देशों के क्रम में उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा स्पेशल टीईटी का विज्ञापन प्रकाशित कर दिया गया है। यह परीक्षा प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर पर कार्यरत शिक्षकों एवं विशेष शिक्षकों (सीडब्ल्यूएसएन) के लिए आयोजित की जा रही है। परीक्षा में निर्धारित पात्रता पूरी करने वाले संबंधित विद्यालयों के शिक्षक शामिल हो सकेंगे।

अपर मुख्य सचिव बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि प्राथमिक स्तर पर उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित विद्यालय, स्थानीय निकाय एवं जिन विद्यालयों को राज्य सरकार/बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा समय-समय पर मान्यता/सम्बद्धता प्रदान की गई है, राज्य सरकार से सहायता प्राप्त विद्यालय तथा विशेष एजुकेटर्स प्राथमिक स्तर (कक्षा 1 से 5) के शिक्षक पात्र होंगे। इसी प्रकार उच्च प्राथमिक स्तर पर बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित विद्यालयों, स्थानीय निकाय एवं मान्यता/सम्बद्धता प्राप्त विद्यालयों, राज्य सरकार से सहायता प्राप्त विद्यालयों तथा विशेष एजुकेटर्स उच्च प्राथमिक स्तर (कक्षा 6 से 8) के शिक्षक पात्र होंगे।

उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार स्पेशल टीईटी के लिए विज्ञापन प्रकाशन की तिथि 3 सितंबर तय की गई है। ऑनलाइन पंजीकरण/ओटीआर एवं आवेदन प्रक्रिया 5 सितंबर से शुरू हो गई है। ऑनलाइन आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 4 अक्टूबर, जबकि ऑनलाइन आवेदन में संशोधन की अंतिम तिथि 8 अक्टूबर निर्धारित है। परीक्षा 3 नवंबर को आयोजित की जाएगी।

अपर मुख्य सचिव बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि ऐसे शिक्षक जिन्होंने पूर्व में टीईटी या सीटीईटी परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है, उनके लिए स्पेशल टीईटी परीक्षा को पुनः उत्तीर्ण करना आवश्यक/अनिवार्य नहीं है। वहीं, जिन अध्यापकों ने पूर्व में टीईटी या सीटीईटी परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की है, उन्हें निर्धारित विज्ञापन के तहत पंजीकरण कर आवेदन करने और परीक्षा में भाग लेने के लिए अवगत कराने के निर्देश दिए गए हैं। बेसिक शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से सभी संबंधित अध्यापकों को इसकी जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि पात्र शिक्षक निर्धारित समयसीमा के भीतर अपना पंजीकरण एवं आवेदन पूरा कर सकें।

# सर्वोदय विद्यालयों में एआई आधारित स्मार्ट क्लास को बढ़ावा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** योगी सरकार उत्तर प्रदेश में जनकल्याणकारी योजनाओं को आधुनिक तकनीक से जोड़कर सुशासन को नई गति दे रही है। इसी क्रम में समाज कल्याण विभाग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के इस्तेमाल को बढ़ावा देने वाले अग्रणी विभागों में शामिल हो रहा है। विभाग ने शिक्षा क्षेत्र से इसकी शुरूआत की है और अब पेंशन, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ और छात्रवृत्ति जैसी योजनाओं में भी एआई के उपयोग की तैयारी की जा रही है। उद्देश्य है कि तकनीक के जरिए योजनाओं की निगरानी और लाभार्थियों से जुड़ी प्रक्रियाएं अधिक सरल, तेज और पारदर्शी बनें।

समाज कल्याण विभाग ने एआई आधारित तकनीकों की शुरूआत जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों से की है। स्मार्ट क्लास, डिजिटल सामग्री, 3डी वीडियो और एआई आधारित लैंग्वेज लर्निंग लैब के जरिए विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा से जोड़ा जा रहा है। एडोब एजुकेशन इंडिया पहल के तहत विद्यार्थियों और शिक्षकों को एडोब डिजिटल अकादमी के माध्यम से डिजिटल क्रिएटिविटी और एआई कौशल का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। इससे विद्यार्थी डिजिटल स्टोरीटेलिंग, रचनात्मक समस्या-समाधान और एआई-सहायित कंटेंट निर्माण जैसे भविष्य के उपयोगी कौशल सीख रहे हैं। वृद्धावस्था पेंशन और राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना में एआई आधारित प्रमाण पत्र सत्यापन के इस्तेमाल का प्रस्ताव है। इससे प्रमाण पत्रों की जांच प्रक्रिया को सरल और तेज बनाने में मदद मिलेगी। तकनीक आधारित सत्यापन से पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने की प्रक्रिया को और प्रभावी बनाया जा सकेगा। छात्रवृत्ति योजना में आवेदन और लाभ वितरण से जुड़े आंकड़ों के विश्लेषण के लिए भी एआई के इस्तेमाल की तैयारी है। डेटा विश्लेषण के जरिए योजना की मॉनिटरिंग को अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा। इससे योजना के क्रियान्वयन की स्थिति का बेहतर आकलन और आवश्यक सुधार संभव होगा। समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि सरकार का लक्ष्य केवल योजनाएं संचालित करना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि उनका लाभ पात्र व्यक्ति तक समय पर पहुंचे। एआई के उपयोग से योजनाओं की मॉनिटरिंग, डेटा विश्लेषण और प्रमाण पत्रों के सत्यापन में कार्यकुशलता बढ़ाने में मदद मिलेगी। राजकीय छात्रावासों में विद्यार्थियों को एआई और पाठ्यक्रम आधारित प्रशिक्षण देने की दिशा में काम किया जाएगा।

# 75 जिलों में लगेंगे सहायक उपकरण-कृत्रिम अंग वितरण शिविर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** दिव्यांगजनों को अधिक सक्षम, आत्मनिर्भर और समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए योगी सरकार लगातार कल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ा रही है। इसी क्रम में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की ओर से वित्तीय वर्ष 2026-27 में पात्र दिव्यांगजनों को विभिन्न प्रकार के गुणवत्तापूर्ण सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग उपलब्ध कराने के लिए चरणबद्ध तरीके से वितरण शिविर आयोजित किए जाएंगे।

पहले चरण में प्रदेश के सभी 75 जनपदों को दो समूहों में विभाजित किया गया है। 17 सितंबर को 41 जनपदों में तथा 2 अक्टूबर को 34 जनपदों में वितरण शिविर आयोजित होंगे। इसके बाद द्वितीय चरण 20 अक्टूबर से 15 नवंबर 2026 तथा तृतीय चरण 3 दिसंबर से 15 दिसंबर 2026 तक निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रदेश के सभी जनपदों में शिविर लगाए जाएंगे।

17 सितंबर को आगरा, अलीगढ़, एटा, अयोध्या, सुलतानपुर, आजमगढ़, बरेली, बदायूं, बांदा, देवरिया, कुशीनगर, गोंडा, झांसी, कानपुर नगर, उन्नाव, मेरठ, मुरादाबाद, सहारनपुर, जौनपुर, गोरखपुर, कन्नौज, प्रयागराज, शामली, वाराणसी, मिजार्पुर, गाजीपुर, सिद्धार्थनगर, श्रावस्ती, फतेहपुर, प्रतापगढ़, संतकबीर नगर, बिजनौर, इटावा, हापुड़, ललितपुर, मथुरा, रामपुर, सीतापुर, कौशाम्बी, हरदोई और बुलन्दशहर वितरण शिविर अयोजित किये जाएंगे।

इसी तरह 2 अक्टूबर को लखनऊ, गौतमबुद्धनगर, चन्दौली, बलरामपुर, चित्रकूट, अम्बेडकर नगर, अमरोहा, फिरोजाबाद, जालौन, कानपुर देहात, खीरी, महाराजगंज, मऊ, पीलीभीत, रायबरेली, सम्भल, शाहजहांपुर, सोनभद्र, अमेठी, औरैया, बागपत, बाराबंकी, भदोही, फरुर्खाबाद, गाजियाबाद, हमीरपुर, हाथरस, कासगंज, महोबा, मुजफ्फरनगर, बहराइच, बलिया, बस्ती एवं मैनपुरी में वितरण शिविर आयोजित होंगे। विभाग ने सभी जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारियों को निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार शिविरों के सफल आयोजन के लिए कार्ययोजना तैयार कर शीघ्र क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। राज्य सरकार की ओर से दिव्यांगजनों के कल्याण, सशक्तीकरण, आत्मनिर्भर बनाने तथा उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए विभिन्न योजनाएं एवं कार्यक्रम संचालित किए जाते रहें।

सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग वितरण योजना इसी श्रृंखला की एक कड़ी है। योजना का उद्देश्य पात्र दिव्यांगजनों तक शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी, प्रभावी एवं समयबद्ध ढंग से पहुंचाना है। वितरण शिविरों के माध्यम से लाभार्थियों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग उपलब्ध कराकर उन्हें अधिक सक्षम एवं आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जाना है। प्रदेश सरकार की ओर से दिव्यांगजनों की दैनिक गतिविधियों को सुगम बनाना तथा उनकी गतिशीलता, कार्यक्षमता एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है।

# डाक्टरों की दूर होगी कमी, 70 साल की आयु तक सेवाएं देंगे सेवानिवृत्त विशेषज्ञ

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रादेशिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा (पीएमएचएस) संवर्ग के सेवानिवृत्त विशेषज्ञ चिकित्सकों के पुनर्नियोजन की अधिकतम आयु सीमा 65 वर्ष से बढ़ाकर 70 वर्ष किए जाने का निर्णय लिया है। सरकार के इस फैसले से प्रदेश के अस्पतालों में अनुभवी विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता बढ़ेगी और बढ़ती जनसंख्या तथा अस्पतालों में मरीजों के बढ़ते दबाव के बीच चिकित्सा सेवाओं को मजबूती मिलेगी। विशेष रूप से गरीब और वंचित वर्ग को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में यह कदम महत्वपूर्ण साबित होगा। उप मुख्यमंत्री एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि प्रदेश में चिकित्सकों, विशेषकर विशेषज्ञ चिकित्सकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। अस्पतालों के बाह्य एवं अन्तः रोगी विभागों में लगातार बढ़ रही मरीजों की संख्या को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का यह निर्णय चिकित्सा सेवाओं की निरंतरता बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### सेवानिवृत्ति के बाद 70 वर्ष की आयु तक रिअप्वॉइंटमेंट पर जतायी खुशी

**लखनऊ।** प्रदेश के सरकारी डाक्टरों की सेवानिवृत्ति के बाद 70 वर्ष की आयु तक रिअप्वॉइंटमेंट के माध्यम से सेवाएं दे सकेंगे। इसको लेकर वरिष्ठ चिकित्सकों ने खुशी का इजहार करते हुए कहा कि सरकार का निर्णय काफी सराहनीय है कि इससे रिटायर होने के बाद प्राइवेट सेक्टर में जाने की मजबूरी नहीं होगी। उनके अनुभव का लाभ गरीब मरीजों तक पहुंचेगा। प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष डा. यशवीर सिंह ने बताया कि स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की कमी वाले विभागों में यह व्यवस्था प्रभावी साबित होगी। प्रांतीय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा संवर्ग स्वास्थ्य विभाग का प्रमुख चिकित्सकीय संवर्ग है, इसमें चिकित्सा अधिकारी एवं विशेषज्ञ चिकित्सक शामिल हैं, जो प्रदेश के सरकारी अस्पतालों, सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभालते हैं।

# भाजपा लोकतंत्र की दुश्मन है : अखिलेश

## पार्टी नेताओं को भाजपा से सावधान रहने की दी हिदायत

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा लोकतंत्र की दुश्मन हैं। लोकतांत्रिक व्यवस्था को तहस-नहस करने पर उतारू है। भाजपा राजनीतिक गैंग और बेईमान लोगों का गिरोह है। भाजपा नफरत फैलाने को अपनी सफलता मानती है। पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं को भाजपा से सावधान रहना है।

समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में बुधवार को विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में आए नेताओं-कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने लोक नायक जयप्रकाश नारायण को धोखा दिया है। समाजवादी सरकार में बनायी गयी सिग्नेचर बिल्डिंग, जयप्रकाश नारायण इंटरनेशनल सेन्टर को बेच दिया। भाजपा ने जेपी नाम पर बनी बिल्डिंग को क्यों बेचा? उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी चरम पर है। भाजपा ने समाजवादी सरकार में बनायी गयी कई सरकारी चीजों को बेच दिया। प्लासियो मॉल, किसान बाजार, कन्नौज का काऊ मिल्क प्लांट समेत कई चीजें बेच दी। सपा सरकार में प्रदेश में जो विकास हुआ है उसे भाजपा सरकार ने बर्बाद करना चाहती है। भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश में कोई काम नहीं किया। दस साल की सरकार में भाजपा के लोगों ने भ्रष्टाचार और बजट की लूट के सिवा कोई काम नहीं किया। भाजपा सरकार में बने हाई-वे और एक्सप्रेस-वे में भारी भ्रष्टाचार हुआ। जल जीवन मिशन में पानी की टंकियां लगातार टूट रही है। पानी की टंकियां भाजपा के भ्रष्टाचार का भार नहीं सहन कर पा रही है। प्रदेश में हर विभाग में भ्रष्टाचार और लूट है। चिकित्सा-स्वास्थ्य व्यवस्था चौपट है। गरीबों को इलाज नहीं मिल रहा है। अस्पतालों में मरीजों को सीजनल और संक्रामक बीमारियों का भी इलाज नहीं मिल पा रहा है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार कोई काम नहीं करती है। विरोधी दलों विशेष तौर पर समाजवादी पार्टी पर अनर्गल आरोप लगाकर बदनाम करने की साजिश करती है। जनता को गुमराह करती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि जनता के बीच रहना है। व्यवहार और भाषा में शिष्टाचार होना चाहिए। जनता सपा की सरकार बनाने के लिए तैयार है। 2027 में चुनाव जीतना ही है। जनता को भाजपा के कुशासन से छुटकारा मिलेगा इसीलिए भाजपा सपा और पीडीए से घबराई हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा किसान, नौजवान, मजदूर विरोधी है। भाजपा ने हर वर्ग को ठगा है। महंगाई बढ़ाकर जनता की जेब काट ली। पेट्रोल में इथेनाल की मिलावट कर गाड़ियों का इंजन खराब कर दिया। लोगों को भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि सपा सरकार में किसानों के लिए फैसले किए जाएंगे। 24 घंटे में गन्ना किसानों को गन्ने का भुगतान होगा। किसानों को समय पर खाद-बीज, पानी मिलेगा।

# क्लासरूम से हॉस्टल तक नशे पर नकेल युवाओं को नशामुक्त बनाने में जुटी सरकार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए योगी सरकार ने उच्च शिक्षण संस्थानों को नशामुक्ति अभियान का प्रमुख केंद्र बनाने की तैयारी की है। विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में अब नशामुक्त जीवन का संदेश विद्यार्थियों की नियमित दिनचर्या का हिस्सा बनाया जाएगा। इसके तहत हर कक्षा में नशामुक्ति की शपथ, सप्ताह में कम से कम एक जागरूकता व्याख्यान और विभिन्न रचनात्मक गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं।

उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने मंगलवार को विधानसभा कार्यालय में अभियान की समीक्षा की। बैठक में प्रमुख सचिव, विशेष सचिव, निदेशक उच्च शिक्षा सहित राज्य और निजी विश्वविद्यालयों के कुलपति एवं कुलसचिव वर्चुअल माध्यम से जुड़े। मंत्री ने कहा कि नशामुक्ति को केवल एक अभियान या किसी विशेष दिवस तक सीमित रखने के बजाय इसे युवाओं के जीवन में संस्कार के रूप में विकसित करने की जरूरत है। निर्देशों के अनुसार कक्षा शुरू होने से पहले विद्यार्थियों को प्रतिदिन करीब आधे से एक मिनट की नशामुक्ति शपथ दिलाई जाएगी। सप्ताह में कम से कम एक दिन शिक्षक नशे के दुष्प्रभाव और स्वस्थ जीवन के लाभ पर विद्यार्थियों से संवाद करेंगे। सरकार का जोर लगातार जागरूकता के जरिए नशे के प्रति नकारात्मक सोच और स्वस्थ जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने पर है। अभियान के लिए विश्वविद्यालय स्तर के साथ-साथ महाविद्यालय और फैकल्टी स्तर पर भी नोडल अधिकारी नामित किए जाएंगे। उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों को अलग-अलग क्षेत्रों की जिम्मेदारी देकर नियमित निगरानी कराई जाएगी। पहले किए गए निरीक्षणों और जांच की रिपोर्ट भी विभाग को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। छात्रावासों को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। बाहर से आने वाली सामग्री की गेट स्तर पर आवश्यक जांच के साथ वार्डन और संबंधित अधिकारी समय-समय पर आकस्मिक निरीक्षण करेंगे। नशीली सामग्री के इस्तेमाल की संभावना को शुरूआती स्तर पर रोकने के साथ विद्यार्थियों को समझाकर और जागरूक कर नशे से दूर रखने पर भी जोर दिया जाएगा।

# पूर्व डीआईजी समेत कई दलों के नेताओं ने ली कांग्रेस की सदस्यता




**लखनऊ।** सीतापुर निवासी पूर्व डीआइजी केके चौधरी ने बुधवार को कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित समारोह में कांग्रेस के प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम ने पूर्व डीआईजी सहित भाजपा नेता मनोज कुमार चौहान, हरवंश सिंह चौहान, सपा के प्रदेश सचिव सुनील कुशवाहा को पार्टी की सदस्यता ग्रहण करायी। वहीं, सिद्धार्थनगर की राष्ट्रीय जन सरदार पार्टी के अध्यक्ष हेमन्त चौधरी ने अपनी पार्टी का कांग्रेस पार्टी में विलय करने की घोषणा की। उनके साथ पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सौरव सिंह सहित 32 प्रधान एवं 17 बीडीसी सदस्यों ने भी कांग्रेस का दामन थामा। यूपी कांग्रेस प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम की मौजूदगी में भी विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े कई नेताओं ने कांग्रेस की सदस्यता ली। इनमें सपा के प्रदेश सचिव और देवरिया-कुशीनगर पूर्व सहकारी बैंक अध्यक्ष सुनील कुशवाहा तथा भाजपा ओबीसी मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सह-प्रभारी मनोज कुमार चौहान प्रमुख हैं। इसके अलावा जनवादी पार्टी (राष्ट्रीय) के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एडवोकेट हरकेश सिंह चौहान, अपना दल के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी प्रो. शिव राम सिंह चौहान और भारतीय चौहान महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व बसपा प्रत्याशी राजेश चौहान ने भी कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

# महिलाओं की आमदनी बढ़ाने पर हो जोर : केशव मौर्य

## उपमुख्यमंत्री ने की अनुबंधित तकनीकी सहयोगी एजेंसियों, बैंकरों, दुग्ध उत्पादक कंपनियों के साथ समीक्षा बैठक

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत अनुबंधित तकनीकी सहयोगी एजेंसियों, बैंकरों, दुग्ध उत्पादक कंपनियों एवं एचसीएल संस्था के कार्यों की समीक्षा बैठक बुधवार को योजना भवन लखनऊ में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने की। बैठक में राज्य मंत्री, ग्राम्य विकास विभाग विजय लक्ष्मी गौतम विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहीं।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उत्तर प्रदेश महिला उद्यमी योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर देते हुए कहा कि एक करोड़ से अधिक महिलाओं को प्रथम किश्त के रूप में 20 हजार रुपये उपलब्ध कराये जाने हैं, जिसका ब्याज विभाग द्वारा वहन किया जाएगा। इसके बाद दूसरी किश्त के रूप में 30 हजार रुपये दिये जाएंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि पात्र महिलाओं को ऋण उपलब्ध कराने की प्रक्रिया सरल एवं सुगम बनाई जाए। बैंकर्स को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि वे गरीब महिलाओं को ऋण उपलब्ध कराने में सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाएं और केवल लाभ कमाने की मंशा से कार्य न करें। सरकार द्वारा ब्याज का वहन किया जा रहा है, इसलिए पात्र महिलाओं को योजना का लाभ दिलाने में किसी प्रकार की बाधा नहीं आनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में 3 करोड़ महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने तथा 1 करोड़ महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को केवल कर्ज उपलब्ध कराना सरकार का उद्देश्य नहीं है, बल्कि उनकी आमदनी बढ़ाना और उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना प्राथमिकता है। महिलाओं की आय बढ़ेगी तो परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और गांवों में समृद्धि का आधार तैयार होगा।

उप मुख्यमंत्री द्वारा डेवलपमेंट अल्टरनेटिव संस्था को निर्देशित किया कि मिशन के अधिकारियों के साथ 2 लाख रुपये तक के अच्छे ई-रिक्शा की पहचान कर, उस तरह के रिक्शे ही समूह की महिलाओं को उपलब्ध कराये जाएं ताकि समूह की दीदियों पर आर्थिक रूप से अधिक बोझ न पड़े और कम लागत में उनको अधिक लाभ हो। उन्होंने निर्देश दिए कि तकनीक के माध्यम से महिला स्वयं सहायता समूहों की आय बढ़ाने के प्रयास किए जाएं। इसके लिए योजना तैयार की जाए कि प्रत्येक संकुल स्तरीय संघ के पास कम से कम एक ड्रोन उपलब्ध हो।

ड्रोन के उपयोग से कृषि एवं अन्य गतिविधियों में नई तकनीक को बढ़ावा देने के साथ-साथ महिलाओं के लिए आय के नए अवसर सृजित किए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि बीमा क्लेम के मामलों का सभ्य, संवेदनशील एवं शालीनता के साथ समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि किसी भी गरीब महिला के साथ छल या धोखाधड़ी न हो तथा इस संबंध में अधिकारी लगातार पैनी नजर रखें। उन्होंने महिलाओं को गाय-भैंस खरीदने के लिए सरल एवं सुगम तरीके से ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दुग्ध उत्पादन से महिलाएं अपनी आय बढ़ा सकती हैं और इससे प्रदेश में अधिक से अधिक महिलाओं को लखपति दीदी बनाने के लक्ष्य को गति मिलेगी। उपमुख्यमंत्री ने बैंकर्स एवं अधिकारियों को सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी एवं जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए।

# पर्यटकों को और अधिक पर्यावरण मित्र सुविधाएं उपलब्ध करायें

## वन मंत्री ने की पीलीभीत बाघ संरक्षण फाउण्डेशन के शासी निकाय की तृतीय बैठक

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** वन विभाग मुख्यालय स्थित पारिजात कक्ष में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) वन, पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग डा. अरूण कुमार सक्सेना की अध्यक्षता में पीलीभीत बाघ संरक्षण फाउण्डेशन के शासी निकाय (गवर्निंग बॉडी) की तृतीय बैठक सम्पन्न हुई।



शासी निकाय की द्वितीय बैठक की कार्यवाही, पिछली बैठक मे लिए गए निर्णय के सापेक्ष कृत कार्यवाही, वित्तीय वर्ष 2025-26 के प्राविधानित कार्यों के विरूद्ध आय-व्यय का विवरण, पीलीभीत टाइगर कंजर्वेशन फाउण्डेशन की वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-2026 की बैलेंस शीट का अवलोकन और अनुमोदन, पर्यटन सत्र 2026-27 के लिए प्रस्तावित दरें एवं वित्तीय वर्ष 2026-27 में पीलीभीत बाघ संरक्षण फाउण्डेशन में उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष विभिन्न क्षेत्रों में प्रस्तावित कार्य, पीलीभीत टाइगर रिजर्व एवं अन्य एजेण्डा बिन्दुओं पर विचार-विमर्श के बाद गवर्निंग बॉडी ने प्रस्तावों का अनुमोदन किया।

मंत्री डा. अरूण कुमार सक्सेना ने पीलीभीत बाघ संरक्षण फाउण्डेशन के गठन के बाद फाउण्डेशन द्वारा किये गये कार्यों व पीलीभीत टाइगर रिजर्व के समीपवर्ती क्षेत्रों में मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं की रोकथाम के लिए किए गए प्रभावी उपायों की सराहना करते हुए कहा कि इस दिशा में निरन्तर जागरूक रहते हुए सतर्कता पूर्वक त्वरित कार्यवाही की जाए। गवर्निंग बॉडी के अध्यक्ष डा. अरूण कुमार सक्सेना ने पीलीभीत टाइगर रिजर्व में इको पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए पर्यटकों को और अधिक पर्यावरण मित्र सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मानव-वन्यजीव संघर्ष से पीड़ित ग्रामवासियों व उनके परिवारों के प्रति सहानुभूति व्यक्त करते हुए शासन द्वारा दी गयी सुविधाएं तत्काल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। पीलीभीत टाइगर रिजर्व का प्रधानमंत्री द्वारा मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में पीलीभीत टाइगर रिजर्व में बाघ मित्रों के कार्यों का उल्लेख करने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों को इस सफलता के लिए बधाई दी।

शासी निकाय (गवर्निंग बॉडी) की बैठक में राज्य मंत्री केपी मलिक ने कहा कि वन्यजीव विशेषकर बाघों के संरक्षण में पीलीभीत टाइगर रिजर्व ने सराहनीय कार्य किया है तथा जैव विविधता संरक्षण व संवर्द्धन व प्राकृतवास समृद्ध करने के फलस्वरूप मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं में कमी आयी है।

# डीएम के प्रयास से शिक्षा व्यवस्था में अप्रत्याशित बदलाव

## 982 विद्यालयों के कायाकल्प से मॉडल स्कूलों तक विकास की नयी तस्वीर

एस.पी.सिंह परिहार



**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग के दिशा-निर्देशन में जिले की बेसिक शिक्षा व्यवस्था में तेजी से हो रहे बदलाव और उपलब्धियों की पूरी जानकारी बुधवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आकांक्षा रावत ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत की। ऑपरेशन कायाकल्प, स्मार्ट क्लास, मॉडल स्कूल, नामांकन, डीबीटी, आरटीई, दिव्यांग बच्चों के समावेशन, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय और वयस्क साक्षरता सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति सामने रखी गई। ऑपरेशन कायाकल्प के तहत जिले के 982 विद्यालयों में अवस्थापना सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। 161 ग्राम पंचायतों में पुस्तकालय, 167 बालिका शौचालय और 715 दिव्यांग शौचालय पूरे हो चुके हैं, जबकि 267 प्रस्तावित हैं। 277 विद्यालयों में फर्नीचर उपलब्ध कराया गया और 880 विद्यालय संतृप्त हैं। 860 विद्यालयों में बाउंड्रीवाल पूरी हो चुकी है। वर्ष 2023-24 से अब तक 106 जर्जर भवन ध्वस्त किए गए हैं। वर्ष 2023 से 69 विद्यालय और 49 अतिरिक्त कक्षों का निर्माण हुआ है। वर्ष 2026-27 में प्रबंध समितियों के माध्यम से 23 प्राथमिक, आठ उच्च प्राथमिक विद्यालय और 34 अतिरिक्त कक्षों का निर्माण चल रहा है। समग्र शिक्षा के तहत 34 बाउंड्रीवाल भी बनाई जा रही हैं। 982 विद्यालयों में 981 में सुरक्षित पेयजल, 958 में बालक शौचालय, 960 में बालिका शौचालय, 982 में शौचालयों में टैप वाटर, 930 में टाइलिंग, 919 में मल्टीपल हैंडवाश, 902 में कक्षा-कक्ष टाइलिंग, 918 में किचन, 947 में बिजली, 849 में बालक यूरिनल, 868 में बालिका यूरिनल, 880 में डेस्क-बेंच और 860 में बाउंड्रीवाल की सुविधा उपलब्ध है। ब्लैकबोर्ड, रंगाई-पुताई, रैंप, विद्युत उपकरण और सबमर्सिबल के मामले में शत-प्रतिशत संतृप्ति हासिल की गई है। वर्षा के दौरान 59 विद्यालयों में जलभराव की समस्या है। 58 विद्यालयों से हाईटेंशन लाइन हटाई जा चुकी है और शेष पर कार्रवाई जारी है। 56 विद्यालयों तक खराब मार्ग चिन्हित किए गए हैं। अधिकारियों ने यह भी माना कि रखरखाव के अभाव में भविष्य में कुछ सुविधाएं असंतृप्त हो सकती हैं।

मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट स्कूल योजना के तहत इकौना और भिनगा में दो विद्यालय प्रस्तावित हैं। प्री-प्राइमरी से कक्षा 12 तक संचालित होने वाले इन विद्यालयों में 1,500-1,500 विद्यार्थियों की क्षमता होगी। पांच से दस एकड़ क्षेत्र में बनने वाले प्रत्येक विद्यालय की सिविल लागत 24.78 करोड़ रुपये होगी। इनमें 42 आधुनिक कक्षाएं, स्मार्ट क्लास, रोबोटिक्स व मशीन लर्निंग, विज्ञान, गणित, रसायन व भौतिकी प्रयोगशालाएं, कंप्यूटर व भाषा लैब, पुस्तकालय, खेल मैदान, ओपन जिम, सोलर पैनल, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, आरओ-यूवी प्लांट, एमडीएम किचन, डाइनिंग हॉल, फायर सेफ्टी और सीसीटीवी जैसी सुविधाएं होंगी। शिक्षा के क्षेत्र में नामांकन में 105.46 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। कक्षा पांच से छह और आठ से नौ में शत-प्रतिशत संक्रमण हुआ है। 1,420 आउट ऑफ स्कूल बच्चों को विद्यालय से जोड़ा गया, इनमें 660 बालक और 760 बालिकाएं हैं। 1,64,395 नामांकनों के सापेक्ष 1,24,267 प्रथम बैच और 13,985 द्वितीय बैच समेत 1,38,252 बच्चों को डीबीटी का लाभ मिला, जो 84.10 प्रतिशत है। आरटीई में श्रावस्ती लगातार दो वर्षों से प्रदेश में प्रथम रहा है। 2025-26 में उपलब्धि 98.49 और 2026-27 में 97.67 प्रतिशत रही।

अभिभावकों की भागीदारी बढ़ाने के लिए 29 अगस्त को पीटीएम आयोजित की गई और प्रत्येक माह के अंतिम सप्ताह में बैठक प्रस्तावित है। लर्निंग बाई डूइंग को बढ़ावा दिया जा रहा है। 15 विद्यालयों में स्पेस लैब, 309 में सीएसआर स्मार्ट क्लास, 257 में राज्य परियोजना कार्यालय की स्मार्ट क्लास और 79 विद्यालयों में आईसीटी क्लास संचालित हैं। सभी 25 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में रिक्त पदों के सापेक्ष चयन पूरा कर 100 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की गई है।

समेकित शिक्षा के तहत पांच मेडिकल असेसमेंट कैंपों में 371 दिव्यांग बच्चों ने भाग लिया और 268 दिव्यांग प्रमाणपत्र बनाए गए। एलिम्को के सहयोग से जमुनहा और इकौना में 264 बच्चों को सहायक उपकरणों के लिए चिन्हित किया गया है, जिनका वितरण 20 और 21 नवंबर को प्रस्तावित है। उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम में 18,000 के लक्ष्य के सापेक्ष 18,810 निरक्षर व्यक्तियों और 1,480 स्वयंसेवकों का चयन किया गया। 8,000 बच्चों को स्टडी टेबल भी उपलब्ध कराई गई हैं।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आकांक्षा रावत, जिला समन्वयक, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी और पत्रकार मौजूद रहे।

### संक्षेप

## पीएम में युवक के आत्महत्या की आयी रिपोर्ट, हुआ अंतिम संस्कार

प्रतापगढ़। पेड़ की डाली से फंदे में झूलते मिले युवक की मौत का कारण पीएम रिपोर्ट में आत्महत्या आयी है। वहीं पीएम के बाद बुधवार को मृतक के परिजनों ने उसका अन्तिम संस्कार जिला मुख्यालय पर बेल्हा देवी घाट के समीप सई के किनारे कर दिया। हालांकि युवक की आत्महत्या के कारण को लेकर अभी भी संशय बना हुआ है। घटना के बाबत परिजनों ने भी चुप्पी साध रखी है। लालगंज कोतवाली के रानीगंज कैथौला पुलिस चौकी के खैरा छेमी निवासी परमेश्वर गौतम के पुत्र कुंदन (20) का शव मंगलवार को दोपहर गांव से दूर एक बाग में पेड़ की डाली पर झूलता मिला था। सूत्रों के मुताबिक मृतक कुंदन तीन दिनों से घर से लापता था। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है पीएम रिपोर्ट में मौत का कारण आत्महत्या है। फिर भी पुलिस घटना के कारणों की जांच कर रही है।

## तीन आरोपियों के खिलाफ धमकी का केस

प्रतापगढ़। बारात में व्यवस्था को लेकर हुई कहा सुनी में पीड़ित के साथ मारपीट को लेकर उदयपुर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मारपीट व गाली गलौज तथा धमकी का केस दर्ज किया है। उदयपुर थाना के नरवल निवासी गणेश कुमार कोरी पुत्र भुल्लर कोरी ने दी गयी तहरीर में कहा है कि जांच सितम्बर को पड़ोस में अजय कुमार के यहां बारात आयी थी। वह अपने मकान के सामने बैठा था तभी उदयपुर थाना के मूसी निवासी श्यामू तथा लालगंज कोतवाली के रमनी का पुरवा मेढावां निवासी धर्मेन्द्र व बालिया पुत्रगण मुन्ना बारात में व्यवस्था को लेकर गाली गलौज करने लगे। मना करने पर आरोपियों ने पीड़ित को भी गाली देते हुए शाम करीब सात बजे ईंट पत्थर से हमला कर दिया। हमले में पीड़ित को गम्भीर चोटे आयी हैं। तहरीर के आधार पर पुलिस ने श्यामू समेत तीन के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## अज्ञात कार चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस

प्रतापगढ़। अज्ञात कार की टक्कर से मौत को लेकर लालगंज पुलिस ने चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के डगरारा देवापुर निवासी अशोक कुमार सिंह पुत्र स्व. राजाराम सिंह ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती पांच सितम्बर को उसका लड़का पवन कुमार सिंह अपनी पत्नी अंजू के साथ बाइक से लालगंज बाजार से घर आ रहे थे। शाम करीब सात बजे नया का पुरवा के पास बिना नम्बर के अर्टिगा कार ने उसके लड़के पवन कुमार सिंह व बहू अंजू को टक्कर मार दिया। दुर्घटना में पीड़ित के बेटे पवन की इलाज के दौरान मौत हो गयी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी कार चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है।

## किशोरी का अपहरण, अज्ञात के खिलाफ मुकदमा

प्रतापगढ़। किशोरी के अपहरण को लेकर लालगंज पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के टोडरपुर पंडित का पुरवा निवासी एक पीड़ित ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि उसकी पन्द्रह वर्षीय पुत्री बीती सात सितम्बर को शाम छह बजे घर से निकली। देर रात तक पुत्री के वापस न आने पर वह परेशान हो उठा। पुत्री के साथ अप्रिय घटना की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है।

## रिश्वत मांगने का आरोपी दारोगा निलंबित

शाहजहांपुर। जिले में दुराचार के मामले में आरोपी के बेटे का नाम मामले से निकालने के एवज में दो लाख रुपये की रिश्वत मांगने के आरोप में पुलिस अधीक्षक ने जांच अधिकारी उप निरीक्षक को निलंबित कर दिया है। पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने बुधवार को बताया कि थाना पुवाया में एक कस्बे की रहने वाली 21 वर्षीय एक युवती ने 10 दिन पूर्व आरोपी अशोक शर्मा (50) पर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत दर्ज कराई थी जिसके बाद कथित पीड़िता ने अदालत में दिए गए बयान में आरोपी के बेटे का नाम भी शामिल कर लिया। उन्होंने बताया कि अदालत में दिए गए बयानों में पीड़िता ने दुराचार किए जाने की बात भी कह दी और इसी मामले में आरोपी अशोक शर्मा के बेटे का नाम मामले से हटाने के लिए जांच अधिकारी ने दो लाख रुपये की मांग की, जिसे आरोपी की पत्नी ने अपने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया।

# रोडवेज से पथरा रोड तक पटरी पर अतिक्रमण, यातायात प्रभावित



बांसी, सिद्धार्थनगर। जिले के बांसी नगर में रोडवेज पुलिस बूथ से पथरा रोड नगरपालिका बोर्ड तक सड़क की पटरियों पर दुकानदारों, गल्ला व्यापारियों और कबाड़ कारोबारियों का अतिक्रमण यातायात व्यवस्था के लिए परेशानी बन गया है। पटरी पर सामान फैलाने और छोटी गाड़ियों के बेतरतीब खड़े होने से मुख्य मार्ग संकरा हो गया है, जिससे आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। अतिक्रमण के कारण पैदल राहगीरों और स्कूली बच्चों को सड़क पर चलना पड़ता है, जिससे हादसे का खतरा बना रहता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि समय-समय पर कार्रवाई के बावजूद कुछ दिनों बाद स्थिति फिर जस की तस हो जाती है। नागरिकों ने प्रशासन, नगरपालिका और यातायात विभाग से अभियान चलाकर सड़क की पटरियों को अतिक्रमणमुक्त कराने, अवैध रूप से खड़े वाहनों पर कार्रवाई और नियमित निगरानी की मांग की है।

# भाजपा की असली ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता

## भाजपा के नये नेतृत्व से श्रावस्ती संगठन को मिलेगी नयी ऊर्जा सुभाष सत्या



**श्रावस्ती।** प्रदेश प्रभारी अवध क्षेत्र दिलीप पटेल एवं नवनियुक्त क्षेत्रीय महामंत्री राहुल राज रस्तोगी के श्रावस्ती प्रथम आगमन पर भाजपा कार्यकताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। विधानसभा क्षेत्र भिनगा की सीमा पर भाजपा जिलाध्यक्ष मिश्री लाल वर्मा एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि तथा भाजपा नेता सुभाष सत्या के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकताओं ने दोनों नेताओं का फूल-मालाओं से भव्य एवं आत्मीय स्वागत कर अभिनंदन किया। कार्यकताओं ने जोरदार नारों के साथ अपने नेताओं का स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद एवं जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा ने कहा कि भाजपा की असली ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। वरिष्ठ नेतृत्व का अनुभव और मार्गदर्शन संगठन को निरंतर नई दिशा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि दिलीप पटेल के मार्गदर्शन एवं राहुल राज रस्तोगी के नेतृत्व से श्रावस्ती में संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कार्यकताओं से एकजुट होकर बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया। भाजपा नेता सुभाष सत्या ने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकताओं की एकजुटता और सक्रियता पर निर्भर करती है। राहुल राज रस्तोगी के प्रथम आगमन पर उनका स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि उनके अनुभव और नेतृत्व क्षमता का लाभ संगठन को मिलेगा। उन्होंने कार्यकताओं से जनता के बीच निरंतर संवाद बनाए रखने और सरकार की योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने की अपील की।

भाजपा जिलाध्यक्ष मिश्री लाल वर्मा ने कहा कि वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन कार्यकताओं के लिए सदैव प्रेरणादायी रहा है। दिलीप पटेल के अनुभव तथा राहुल राज रस्तोगी के नेतृत्व से संगठन को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने सभी कार्यकताओं से बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। स्वागत कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्साह का माहौल बना रहा। कार्यकताओं ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने और पार्टी को और प्रभावी बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

# बार और बेंच की समन्वय बैठक आयोजित

## न्यायिक कामकाज के वातावरण पर दिया गया जोर



प्रतापगढ़। स्थानीय तहसील सभागार में बुधवार को विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श के लिए बार एवं बेंच की समन्वय बैठक हुयी। बैठक में न्यायिक कामकाज के सुचारू संचालन तथा अधिवक्ताओं की समस्याओं के निस्तारण एवं परिसर में जल भराव आदि के समाधान को लेकर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम वाचस्पति सिंह ने अधिवक्ताओं से लम्बित पत्रावलियों के न्यायिक निस्तारण में कोर्ट संचालन को लेकर सहयोग मांगा। उन्होंने अधिवक्ताओं की समस्याओं के निस्तारण के लिए तहसीलदार को कार्रवाई के निर्देश दिये। वहीं उन्होंने परिसर में जल निकासी की समस्या को लेकर नगर पंचायत के ईओ को कार्रवाई के निर्देश दिये हैं। बैठक में एसडीएम न्यायिक विमल कुमार, तहसीलदार धनंजय कुमार यादव, तहसीलदार न्यायिक गौरीशंकर वर्मा ने भी न्यायिक कामकाज के वातारण को सुदृढ़ बनाने पर जोर दिया। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेशचन्द्र तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अबरार खान, उपाध्यक्ष नामवर सिंह, पूर्व अध्यक्ष राममोहन सिंह, राव वीरेन्द्र सिंह, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, संदीप सिंह, केके शुक्ला, दिनेश मिश्रा ने बार एवं बेंच के समन्वय की मजबूती को लेकर सुझाव रखे। बैठक का संचालन संघ के महामंत्री शिवरंजन यादव ने किया। इस मौके पर पूर्व उपाध्यक्ष संतोष पाण्डेय, केबी सिंह, शैलेन्द्र सिंह, अम्बुज पाण्डेय, प्रभात श्रीवास्तव, संतोष तिवारी, सिंटू मिश्रा, हरिश्चन्द्र पाण्डेय आदि अधिवक्ता रहे। आभार प्रदर्शन नायब तहसीलदार पंकज कुमार ने किया।

# बढ़नी में सीमा सुरक्षा को लेकर डीआईजी ने की समन्वय गोष्ठी



सिद्धार्थनगर। आगामी त्योहारों एवं भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा को लेकर बुधवार को एसएसबी कैम्प बढ़नी में डीआईजी बस्ती परिक्षेत्र संजीव त्यागी ने पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के साथ विभिन्न सुरक्षा एवं प्रशासनिक विभागों के अधिकारियों के साथ समन्वय गोष्ठी की। गोष्ठी में एसएसबी, आईबी, कस्टम, पुलिस, एलआईयू और राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ सीमा सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा की गई। डीआईजी ने सीमा पर सघन चेकिंग, पेट्रोलिंग और निगरानी बढ़ाने तथा अवैध तस्करी व घुसपैठ पर प्रभावी रोक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी सुरक्षा एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर सूचना तंत्र मजबूत करने, संदिग्ध व्यक्तियों पर सतर्क निगरानी रखने तथा आगामी त्योहारों को देखते हुए संयुक्त कार्ययोजना तैयार करने पर जोर दिया। गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# पुलिस ने लूट के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार



डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर। अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत क्रियाशील प्र0नि0 श्रीप्रकाश यादव के नेतृत्व में डुमरियागंज थाना पुलिस ने लूट की घटना से संबंधित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों को ग्राम धनोहरी से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गगन निषाद उर्फ शालेन कुमार निवासी हबीबुल्लाह नगर और अकरम खान उर्फ मोहम्मद अकरम खान निवासी महाराजा अग्रसेन नगर, डुमरियागंज के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ थाना डुमरियागंज में मुकदमा अपराध संख्या 210/2026, धारा 309(6) बीएनएस के तहत मामला दर्ज है। गिरफ्तारी प्रभारी निरीक्षक श्रीप्रकाश यादव के नेतृत्व में उपनिरीक्षक रामशब्द यादव सहित पुलिस टीम ने की। पुलिस की कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश एवं अधिकारियों के पर्यवेक्षण में हुई।

# पीडब्ल्यूडी की जमीन से हटवाया अवैध मलबा



चौरीचौरा, गोरखपुर। उप जिलाधिकारी चौरीचौरा रवि कुमार सिंह के आदेश दिनांक 7 सितंबर 2026 के आदेश के क्रम में बुधवार दिनांक 9 सितंबर को तहसील प्रशासन ने पुलिस बल के साथ भोपा बाजार स्थित चमड़ा मंडी के सामने पीडब्ल्यूडी की जमीन पर वर्षो पूर्व पड़े अवैध मलवे को हटवा दिया। तहसीलदार संजय कुमार के नेतृत्व में राजस्व कर्मियों की टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की।

बताया गया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा पहले भी मलवा हटाने का प्रयास किया गया था। लेकिन स्थानीय लोगों के विरोध के कारण कार्रवाई नहीं हो पाई थी। इसके बाद पीडब्ल्यूडी ने एसडीएम चौरीचौरा से पुलिस फोर्स उपलब्ध कराने और

प्रशासनिक सहयोग की मांग किया था। इस पर एसडीएम ने मलबा हटाने का आदेश दिया। जानकारी के मुताबिक भोपा बाजार निवासी संजय कुमार पुत्र स्व. हरिशंकर और पीयूष कुमार पुत्र स्व. राजेंद्र ने सम्पूर्ण समाधान दिवस तथा जन सुनवाई पोर्टल पर शिकायती प्रार्थना पत्र देकर पीडब्ल्यूडी द्वारा आराजी सहन के सामने छोड़े गए मलबे को हटाने की मांग किया था। शिकायती प्रार्थना पत्र पर पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा पूर्व में उक्त इंगित जमीन से मलवा हटवाने का प्रयास किया था। लेकिन विरोध के कारण मलवा नहीं हटा था। अंत में पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा एसडीएम से प्रशासनिक सहयोग और फोर्स की मांग किया गया था। जिसके आधार पर बुधवार को तहसील प्रशासन व पुलिस बल इंगित भूमि से मलवा हटवाया। उक्त अवसर पर राजस्व निरीक्षक रामानंद यादव, संबंधित हल्का लेखपाल तथा बड़ी संख्या में थाने की फोर्स मौजूद रहीं। उक्त के संबंध में प्रभारी तहसीलदार चौरीचौरा संजय सिंह ने बताया कि शादी द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्र पर एसडीएम के आदेश पर पुलिस बल लेकर इंगित भूमि पर पड़े मलवे को हटवाया गया है।

## डीएम ने हरी झंडी दिखाकर राष्ट्रीय पोषण माह का किया शुभारंभ

श्रावस्ती। जिले में बुधवार को राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ किया गया। कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग और मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह अभियान 9 सितम्बर से 8 अक्टूबर 2026 तक चलेगा। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने कहा कि राष्ट्रीय पोषण माह का उद्देश्य बच्चों, किशोरियों और महिलाओं के पोषण स्तर में सुधार करना तथा लोगों को पोषण के प्रति जागरूक करना है। इस वर्ष अभियान की थीम ह्यहमारी आंगनवाड़ी, हमारी जिम्मेदारीह्ल रखी गई है। उन्होंने कहा कि अभियान को सफल बनाने के लिए सभी विभागों और आम लोगों की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और किशोरी बालिकाओं के पोषण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। लोगों को संतुलित और पौष्टिक आहार के प्रति जागरूक किया जाएगा। जरूरतमंदों को पोषण संबंधी सामग्री और अनुपूरक पुष्टाहार भी उपलब्ध कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि कुपोषित बच्चों की पहचान के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके साथ ही बच्चों, किशोरियों और महिलाओं को योग एवं आयुष से जोड़ने के लिए योग सत्र भी आयोजित किए जाएंगे। विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से पोषण का संदेश घर-घर तक पहुंचाया जाएगा। इस दौरान उपजिलाधिकारी प्रवीण यादव, जिला कार्यक्रम अधिकारी अरविंद रस्तोगी, यूनिसेफ प्रतिनिधि अनुराग सिंह, स्वास्थ्य विभाग के सहयोगी, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां और बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

## नाले में नहाते समय किशोर गहरे पानी में समाया, खोज अभियान में मशक्कत

प्रतापगढ़। छोइया नाले में नहाने गये दो दोस्तों के तेज बहाव में डूबने को लेकर गांव में हड़कम्प मच गया। हालांकि एक ग्रामीण ने साहस कर गांव के किशोर को सुरक्षित बचा लिया। जबकि बाहर गांव से आये दूसरे दोस्त के गहरे पानी में समा जाने से देर शाम तक खोजबीन में मशक्कत होती रही। घटना की जानकारी मिलते ही लालगंज कोतवाल आलोक कुमार फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गये। घटना की सूचना पर कुछ देर बाद लालगंज एसडीएम वाचस्पति सिंह भी वहां पहुंचे। एसडीएम की देखरेख में पुलिस ग्रामीण गोताखोरों की मदद से नाले में समाये युवक की तलाश में मशक्कत में देखी गयी। लालगंज कोतवाली के मधुकरपुर झलिया में छोइया घाट पर दो किशोर दोस्त बुधवार को दोपहर बाद नहाने गये थे। गांव के नीरज पटेल (19) को गांव के ही पुत्ती लाल ने डूबता देख छलांग लगाकर बचा लिया। वहीं नीरज का दोस्त लालगंज कोतवाली के ही जेवई बनकटवा निवासी राजाराम सरोज का पुत्र सत्यम (18) तेज बहाव में नाले में समा गया। पुलिस और गोताखोर उसकी तलाश में जुटे बताये गये। मधुकरपुर निवासी नीरज पटेल का दोस्त सत्यम बुधवार को उससे मिलने गांव आया था। बारिस के कारण इस समय नाले में पानी अधिक होने के कारण तेज बहाव भी है। घटना की सूचना ग्रामीणों ने रानीगंज कैथौला पुलिस चौकी को दी। सूचना पर लालगंज कोतवाल आलोक कुमार भी मौके पर पहुंच गये। पुलिस ने मौके पर फायर ब्रिगेड को भी बुलवाया।

## बढ़नी बॉर्डर पर डीआईजी ने की पैदल गश्त, सुरक्षा व्यवस्था पर दिए निर्देश



सिद्धार्थनगर। बस्ती परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक संजीव त्यागी ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन, एसएसबी और स्थानीय पुलिस बल के साथ बढ़नी भारत-नेपाल सीमा का भ्रमण एवं पैदल गश्त किया।

डीआईजी ने सीमा क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को सतर्कता बनाए रखने और सीमावर्ती क्षेत्र में प्रभावी निगरानी के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार, क्षेत्राधिकारी विश्वजीत, क्षेत्राधिकारी मयंक द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेंदु सिंह सहित अन्य सीओ सर्किल डुमरियागंज एवं इंटवा के क्षेत्राधिकारीगण, एवं अभिसूचना इकाई, कस्टम, आईबी, एसएसबी तथा पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## त्वरित न्याय की दिशा में तहसीलदार पीयूष कुमार श्रीवास्तव की पहल, लंबित वादों के निस्तारण में तेजी



बांसी, सिद्धार्थनगर। वादकारियों को समयबद्ध और सुलभ न्याय दिलाने की दिशा में तत्कालीन तहसीलदार/न्यायिक मजिस्ट्रेट बांसी पीयूष कुमार श्रीवास्तव की सक्रिय कार्यशैली सामने आई है। उन्होंने लंबित वादों की सुनवाई को प्राथमिकता देते हुए उनके शीघ्र निस्तारण की प्रक्रिया में तेजी लाने पर विशेष जोर दिया है। न्यायिक कार्यों के प्रति गंभीरता, तत्परता और पारदर्शी कार्यशैली के चलते तहसील पहुंचने वाले वादकारियों को अनावश्यक विलंब से राहत मिलने की उम्मीद बढ़ी है। लंबित प्रकरणों की नियमित सुनवाई और समयबद्ध निस्तारण के प्रयासों को क्षेत्र में त्वरित न्याय की दिशा में सराहनीय पहल के रूप में देखा जा रहा है। पीयूष कुमार श्रीवास्तव की सक्रियता से वादकारियों में न्याय व्यवस्था के प्रति भरोसा मजबूत होने के साथ ही लंबित मामलों के शीघ्र समाधान की उम्मीद जगी है।

## होम्योपैथी में उत्कृष्ट शोध के लिए डॉ. भास्कर शर्मा सम्मानित



सिद्धार्थनगर। होम्योपैथिक चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय शोध कार्य और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाले वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर डॉ. भास्कर शर्मा को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन इंटरनेशनल एजुकेशन एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। 5 सितंबर 2026 को पुणे में आयोजित समारोह में बाइक इंटरनेशनल रिकॉर्ड बुक के निदेशक डॉ. बी.के. बजाज ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। डॉ. भास्कर शर्मा का नाम लार्जेस्ट होम्योपैथी लेसन के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है। उनके होम्योपैथी संबंधी 100 से अधिक शोध विभिन्न अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं। अपने शोध एवं चिकित्सा कार्यों के माध्यम से डॉ. शर्मा सिद्धार्थनगर और उत्तर प्रदेश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे हैं। इससे पूर्व उन्हें पूर्व राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक द्वारा होम्यो एक्सीलेंस अवॉर्ड सहित कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मान और गोल्ड मेडल प्राप्त हो चुके हैं। विभिन्न प्रतिष्ठित हस्तियों द्वारा सम्मानित किए जा चुके डॉ. शर्मा को इस उपलब्धि पर डॉ. कल्याण स्वरूप, डॉ. नसीम अख्तर, डॉ. महेंद्र शुक्ला, डॉ. अजीत, डॉ. सी.एल. यादव, डॉ. मनोज शर्मा सहित अन्य लोगों ने बधाई दी।

## आयुर्वेद शिविर में 70 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण

जसवंतनगर, इटावा। डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ला के आदेश एवं क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डॉ. सर्वेश कुमार के निर्देशन में बुधवार को सिद्धार्थपुरी में आयुष आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयुर्वेदिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में चिकित्सकों ने 70 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क औषधियां वितरित कीं। शिविर में चिकित्सक डॉ. शीलेन्द्र सिंह और डॉ. इंदू सिंह ने मरीजों की जांच की। बारिश के मौसम में फैलने वाली बीमारियों को लेकर लोगों को विशेष रूप से जागरूक किया गया। चिकित्सकों ने उल्टी-दस्त, बुखार, सर्दी-जुकाम, गले के रोग, पेट दर्द, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और त्वचा संबंधी रोगों से बचाव के उपाय बताए।

संक्षेप

## परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज करायी

फतेहपुर चैरासी, उन्नाव।थाना क्षेत्र के कस्बा फतेहपुर चैरासी के मोहल्ला गांधीनगर निवासी रामचंद्र पुत्र ज्वाला नें थाना पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर बताया कि उसकी मौसी की पुत्री गुज्जो पत्नी रामाधीन करीब पांच वर्षो से उसके पास रह रही थीं। मंगलवार सुबह गुज्जो शौच क्रिया करने की बात कहकर गयी थी।जो काफी समय के बाद तक वापस घर नहीं आई। परिजनों समेत अन्य लोगों के साथ पास पड़ोस समेत रिश्तेदारी में भी खोजबीन की गई किन्तु उसका कहीं पता नहीं चला।पीड़ित नें थाने में गुमशुदगी दर्ज कराकर पुलिस से मौसेरी बहन गुज्जो को खोजने में मदद करने की गुहार लगाई है।पुलिस नें गुमशुदगी दर्ज कर गुज्जो को ढूंढने के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

## भाजपा नेता पूर्व एमएलसी ने की बाढ़ पीड़ितों की मदद

पाटन उन्नाव।लोन नदी में आई बाढ़ के प्रभावित गांवों का भाजपा नेता पूर्व एम एल सी अरविन्द कुमार त्रिपाठी ने तहसील क्षेत्र के पोरई एवं अढ़ौली गांव में बाढ़ पीडितों से मिल कर राहत सामग्री वितरित किया। उन्होंने ने कहा कि सरकार आप सब के साथ है।योगी मोदी का विजन अंत्योदय योजना है। भाजपा समाज के अंतिम पायदान पर खडे.हर व्यक्ति के लिए काम कर रही है।बाढ़ प्रभावित सभी व्यक्तियों को शासन द्वारा दी जाने वाली योजनाओं का लाभ दिलवाया जाएगा।त्रिपाठी बाढ़ प्रभावित गांवों मे मेडिकल कैम्प की व्यवस्था उच्च अधिकारियों से वार्ता किया।जिससे गांव में फैलने वाली बीमारियों पर काबू पाया जा सके।इस मौके पर उन्होंने गांव मे राहत सामग्री वितरित किया।इस अवसर पर बउवा अवस्थी, कुलदीप अग्निहोत्री, सतेन्द्र सिंह, राघवेंद्र सिंह, रानू त्रिवेदी, छोटू बाजपेई, अरुण मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## फांसी लगाकर महिला ने दी जान

पुरवा(वीओएल)।कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धिरजीखेड़ा मे आज सुबह महिला ने फाँसी का गले मे फन्दा लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली सूचना पर पहुंचे मायके वालो ने फाँसी पर लटकाकर मारने का आरोप लगाया अनुज कुमार के अनुसार उसकी शादी 20 फरवरी 2026 को बीघापुर क्षेत्र के राजापुर पिपरहा गांव निवासी 25 वर्षीय अनीता से हुई थी। अनुज लोडर चालक है।जेठ अवधेश कुमार ने बताया कि बुधवार की सुबह लगभग 5 30 बजे अनुज और अनीता छत से नीचे आए थे। अनीता कमरे में चली गई कुछ देर बाद पुत्री महिमा ने कमरे का दरवाजा खोलने का प्रयास किया, लेकिन अंदर से कुंडी बंद थी और कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली।तो परिजनों को बताई।खिड़की तोड़कर देखा तो अनीता कपड़े टांगने वाली कीले में गमछे के फंदे से लटक रही थी।सूचना पर हल्का इंचार्ज सियाराम चैरसिया, महिला कर्मी दीक्षित यादव और नायब तहसीलदार भारत सिंह ने मौके पर पहुंचकर जांच की। कोतवाली प्रभारी भवन मौर्य ने बताया कि मेमो के आधार पर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मालती देवी आदि बनाम अमरजीत आदि अंतर्गत धारा 116 उ.प्र. राजस्व संहिता, वाद सं.-डी 20264680000632 न्यायालय अतिरिक्त अधिकारी सदर, सुलतानपुर में विचाराधीन है। जिसमें विपक्षी रामहेत पुत्र राम कलप, निवास- ग्राम पलहीपुर, परगना मीरनपुर, जिला सुलतानपुर एवं वर्तमान पता - बाबाजी का पुरवा, शाहपुर, रन्केडीह, परगना मीरानपुर, तहसील सदर, जिला सुलतानपुर को नोटिस तामील न होने के कारण न्यायालय के आदेश दिनांक- 05.09.2026 के अनुपालन में सूचित किया जाता है कि वे दिनांक- 11.09.2026 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें, अन्यथा एकपक्षीय कार्यवाही की जायेगी।

# गणेश चतुर्थी पर सुरक्षा और यातायात व्यवस्था रहेगी चाक-चौबंद

## डीएम-एसएसपी ने पीस कमेटी के सदस्यों से जानीं समस्याएं, थाना स्तर पर दिए आवश्यक निर्देश



जिला संवाददाता

गोरखपुर। आगामी गणेश चतुर्थी के पावन पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए बुधवार को पुलिस लाइन में जिलाधिकारी दीपक मीणा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ की अध्यक्षता में शांति एवं सद्भावना समिति एवं संबंधित अधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में प्रशासन और पुलिस अधिकारियों ने पर्व के दौरान सुरक्षा, यातायात, साफ-सफाई, बिजली, पेयजल, विसर्जन व्यवस्था समेत अन्य व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को समय से सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कहा है कि त्यौहारों को शान्ति पूर्ण एवं सौहार्द वातावरण में सकुशल ढंग से मनाये। कानून व्यवस्था का शतप्रतिशत अनुपालन किया जाये। डी0जे के स्पीकर वाहन से बाहर न रहे। उन्होने एसडीएम और सी0ओ को निर्देश दिया कि मूर्ति विर्सजन स्थलों पर पर्याप्त संख्या में गोताखोर तैनात रहे। उन्होंने मूर्ति आयोजकों से अपील की है कि प्रतिमा का आकार छोटा रखे जिससे जलूस के समय तारो मे प्रतिमा न सटे और किसी प्रकार की कोई अप्रिय धटना न हों, तथा पाण्डाल में सी.सी. टीवी कैमरे भी लगवाये।

जिलाधिकारी ने साफ सफाई, विद्युत/जलापूर्ति अनवरत बनाये रखने तथा जर्जर/ढीले तार एवं पोल को प्रमुखता के आधार पर ठीक करने के साथ ही सड़कों को गड्ढामुक्त करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों दिये।

इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा0 कौस्तुभ ने कहा कि जनता की सकुशलता हेतु पुलिस निरन्तर तत्पर है, सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी।

इस अवसर पर एसपी सिटी निमिष पाटील, एसपी नार्थ ज्ञानेंद्र, सहायक पुलिस अधीक्षक अरुणकुमार एस, एसपी दक्षिणी दिनेश कुमार पुरी, एसपी अपराध सुधीर जायसवाल, एसपी ट्रैफिक अमित श्रीवास्तव, एडीएम प्रशासन डॉ. वैभव शर्मा, सिटी मजिस्ट्रेट उत्कर्ष श्रीवास्तव, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कुणाल रस्तोगी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट मुकुल खंडेलवाल, जिला पूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह, अपर नगर आयुक्त गौरव रंजन श्रीवास्तव, ओएसडी जीडीए संजीव दीक्षित समेत विभिन्न विभागों के अधिकारीगण तथा शांति समिति के सदस्य डीजे संचालक ओर आयोजक गण आदि उपस्थित रहे।

## मानदेय और वित्तीय भत्ते के अभाव में पंचायत सहायकों का फूटा गुस्सा



पुरवा (वीओएल)। विकास खण्ड पुरवा के अंतर्गत आने वाले पंचायत सहायकों ने अपनी आर्थिक और व्यावहारिक समस्याओं को लेकर आज बुधवार को खण्ड विकास अधिकारी और सहायक विकास अधिकारी को एक सामूहिक प्रार्थना पत्र सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। पंचायत सहायकों का आरोप है कि बिना किसी अतिरिक्त वित्तीय भत्ते या मानदेय व्यवस्था के उन्हें अतिरिक्त कार्यों के लिए भेजा जा रहा है, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।सौंपे गए पत्र के माध्यम से पंचायत सहायकों ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार के आदेशानुसार मानदेय की बढ़ोतरी और नवीनीकरण आदि मांगों के संबंध में आगामी 07 सितंबर से सभी पंचायत सहायकों की ड्यूटी श्इको ग्रीन लखनऊश में लगाई जा रही है। लेकिन प्रशासन द्वारा इस अतिरिक्त कार्य या यात्रा के लिए किसी भी प्रकार के अतिरिक्त वित्तीय भत्ते या मानदेय की व्यवस्था नहीं की गई है।बिना अतिरिक्त भत्ते के लखनऊ में कार्य करने से माली हालत खस्तालिखित शिकायत में पंचायत सहायकों ने साफ तौर पर कहा है कि बिना किसी अतिरिक्त आर्थिक सहयोग के लखनऊ जैसे शहर में जाकर कार्य करना उनके लिए बेहद मुश्किल साबित हो रहा है। इसके कारण सभी कर्मचारी भारी आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं और उनके सामने दैनिक भरण-पोषण की विकट समस्या उत्पन्न हो गई है। वित्तीय संकट के चलते वे इस व्यवस्था के तहत कार्य करने में खुद को पूरी तरह असमर्थ पा रहे हैं।समस्या का समाधान न होने पर कार्य प्रभावित होने की चेतावनी अनुज कुमार, सूरज सिंह यादव, बबली, साधना देवी, सोनम सहित पुरवा ब्लॉक के समस्त पंचायत सहायकों के हस्ताक्षरित इस पत्र में अधिकारियों से बेहद भावुक और कड़ा निवेदन किया गया है। उन्होंने मांग की है कि जब तक उनकी समस्याओं और मांगों को पूरा नहीं किया जाता, तब तक सुचारू रूप से कार्य करना मुमकिन नहीं होगा। पंचायत सहायकों ने चेतावनी भरे लहजे में कहा है कि यदि प्रशासन उनकी जायज मांगों और वित्तीय समस्याओं का जल्द ही कोई उचित समाधान नहीं निकालता है, तो वे अग्रिम कार्य करने में असमर्थ होंगे। अब देखना यह है कि इस गंभीर विषय पर स्थानीय प्रशासन और उच्च अधिकारी क्या रुख अपनाते हैं।

## वायरल फीवर का प्रकोप,जिला अस्पताल में मरीजों की बढ़ी भीड़



उन्नाव।जिला अस्पताल में मौसम बदलाव और तापमान में उतार-चढ़ाव के कारण इन दिनों वायरल फीवर के मरीजों की संख्या बढ़ी है। डॉक्टरों का कहना है इस बुखार को ठीक होने में सात से दस दिन का समय लग रहा है,जिससे अस्पताल के पर्चा काउंटर, ओपीडी, डॉ के कमरों में और ब्लड जांच में मरीजों की लंबी कतारें लगी हैं। बारिश के बाद बढ़ी उमस और तापमान से वायरल फीवर,सर्दी-खांसी,गले में संक्रमण,एलर्जी,डायरिया और सांस संबंधी परेशानियों के मामले तेजी से बढ़ रहें हैं। मच्छरों की संख्या बढ़ने से डेंगू समेत अन्य मच्छर जनित बिमारियों का खतरा भी बना हुआ है। अस्पताल की ओपीडी में लगभग बारह सौ मरीज अलग-अलग रोग के रोजाना पहुंच रहे हैं। फिजिशियन डॉ वैभव त्रिपाठी ने बताया प्रतिदिन आने वाले रोगियों में 50 फीसदी से अधिक वायरल फीवर के मरीज हैं। उन्होंने ने बताया कि बदलते मौसम और एक-दूसरे के संपर्क में आने से वायरल फीवर फैल रहा है,जिससे व्यक्ति को तेजी से कमजोरी और घबराहट हो रही है। फिजिशियन डॉ वैभव त्रिपाठी ने मरीजों को सलाह दी कि तेज बुखार आने पर पैरासिटामोल टैबलेट लें और तुरंत अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर डॉक्टर से परामर्श करें।दवा केवल डॉक्टर की सलाह के बाद ही लें।अधिकांश वायरल संक्रमण संक्रमित व्यक्ति के संपर्क और उसके खांसने-छींकने से निकलने वाली बूंदों से फैलते हैं। इसलिए हाथों की स्वच्छता,पर्याप्त नींद,पौष्टिक भोजन करें। और संक्रमित व्यक्ति से मास्क लगाकर उचित दूरी बनाए रखना जरूरी है।यदि बुखार लगातार चार दिनों तक बना रहे और बार-बार लौट रहा हो तो चिकित्सक को दिखाना जरूरी है।

## मांगों को लेकर किसान यूनियन ने ज्ञापन दिया

पाटन, उन्नाव।राष्ट्रीय दिशा निदेर्शानुसार भारतीय किसान यूनियन टिकैत की बीघापुर इकाई की विकासखंड स्तरीय बैठक मुन्ना सिंह देवारा जिला उपाध्यक्ष के नेतृत्व में विकासखंड सुमेरपुर परिसर में संपन्न हुई जिसमें मुख्यमंत्री को संबोधित 7 सूत्री ज्ञापन खंड विकास अधिकारी के माध्यम से सहायक खंड विकास अधिकारी समाज कल्याण विभाग चंद्रमणि यादव जी को सौंपा गया जिसमें मुख्य बिंदु 2026 27 की सितंबर में दूसरी त्रैमासिक किस्त पूरी होने जा रही है पर अभी तक निराश्रित महिला विकलांग वृद्धावस्था पेंशन लाभार्थियों के खाते में हस्तांतरित नहीं की गई , तथा कई गांव में सड़क और नाली अवरुद्ध ग्राम सभा कुंदनपुर के मजरा हिंदू नगर में मोहित बाजपेई के मकान के सामने पानी और कीचड़ भरा हुआ है जबकि वहां से पंचायत भवन की दूरी अधिकतम 30 मीटर है और वहां से खड़ंजा बना हुआ है इसमें इंटरलॉकिंग या खड़ंजा द्वारा पंचायत भवन के मार्ग में मिलाने की मांग की गई, उन्नाव जिले में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में जांच कर कर घर गिरी से प्रभावित लोगों को आवास दिलाने की मांग की गई ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से मुन्ना सिंह अजय बाजपेई तहसील प्रभारी बीघापुर गंगा विष्णु अजय देवारा, जवाहर आदि मौजूद रहे।

## तीन दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का समापन



गोला, गोरखपुर। उपनगर गोला के रामलीला मैदान के समीप स्थित आरटीडी पब्लिक स्कूल में स्काउट गाइड के जिला मुख्यायुक्त रामजन्म सिंह एवं जिला विद्यालय निरीक्षक अजीत कुमार सिंह के दिशा निर्देश पर आयोजित तीन दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न हो गया।

समापन शिविर में कार्यक्रम की शुरूआत बतौर मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधक हरिश्चंद्र प्रजापति व अध्यक्षता प्रधानाचार्य शरद कुमार प्रजापति व स्कूल कोऑर्डिनेटर विकास कुमार प्रजापति द्वारा मां सरस्वती का पूजा करके कार्यक्रम की शुरूआत हुई। तदुपरांत मुख्य अतिथि श्री प्रजापति ने शिक्षकगण के साथ कैडटों के शिविरों तंबू निर्माण, गैजेट और कुकिंग का अवलोकन किया। कैडेटों द्वारा बनाए गए। मुख्य अतिथि श्री प्रजापति ने स्काउट गाइड प्रशिक्षण में कैडेटों को अनुशासित जीवन जीने एवं विषम परिस्थिति में कम संसाधन में जीवन जीने की कला सिखाता है।

स्काउट गाइड प्रशिक्षक राजू मौर्य ने कैडेटों को टीम वर्क, प्राथमिक सहायता रस्सी का उपयोग एवं कम संसाधन में जीवन जीने की विस्तार से जानकारी दी। टीम के बेस्ट स्काउट गाइड प्रतिभागी मोहम्मद आदिल, सबा परवीन एवं रितु विश्वकर्मा, अनश अली, प्रीतम विश्वकर्मा, अनुष्का, सार्थक राव, प्रज्ञारत्न, वैभव, फलक हयात, जान्हवी निषाद, निधि यादव अन्य स्काउट गाइड को सम्मानित किया गया।इस अवसर पर विद्यालय के प्रदीप सरिता अंजना शिवांगी रिया तनु ज्योति विकास अब्दुल सलीम सजल निक्की सरोज सहित शिक्षक एवं शिक्षिकाएं और छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## बेटियां आज हर क्षेत्र में रच रहीं नये कीर्तिमान : राजेश त्रिपाठी



गोला/बनवारपार, गोरखपुर। रूद्र महायज्ञ एवं सरयू महोत्सव के अंतर्गत बुधवार को गोला बाजार स्थित वीएसएवी डिग्री कॉलेज परिसर में पूर्व विधायक अच्युतानंद तिवारी एवं पूर्व विधायक कैलाशवती देवी की स्मृति में सम्भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महिला एवं पुरुष वर्ग में आयोजित इस प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए समसामयिक एवं सामाजिक विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान प्राप्त करना नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदार और संवेदनशील नागरिक बनना भी है। उन्होंने युवाओं से शिक्षा के साथ सामाजिक मूल्यों और संस्कारों को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं मुख्य संयोजक चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी ने किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा, ₹बेटे अगर साहस हैं, तो बेटियां हमारी हिम्मत हैं।₹ उन्होंने कहा कि आज बेटियां समाज के प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा, परिश्रम और साहस के बल पर नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। उन्होंने स्वर्गीय अच्युतानंद तिवारी एवं पूर्व विधायक कैलाशवती देवी के योगदान को स्मरण करते हुए युवाओं से उनके आदर्शों और बताए मार्ग पर आगे बकढ़ने का आह्वान किया। सम्भाषण प्रतियोगिता में वीएसएवी डिग्री कॉलेज, गोला तथा रामसखी रामनिवास डिग्री कॉलेज, भरौली समेत क्षेत्र के विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

## गोरखनाथ मंदिर में क्षेत्रीय महामंत्री ने मत्था टेका



जिला संवाददाता

गोरखपुर । भाजपा गोरखपुर क्षेत्र का क्षेत्रीय महामंत्री बनाए जाने के बाद क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी डॉ. बच्चा पांडेय नवीन ने महायोगी गुरु गोरखनाथ मंदिर में मत्था टेका और आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने परिसर में स्थित सभी मंदिरों में पंहुचकर दर्शन पूजन किया। नव घोषित क्षेत्रीय महामंत्री श्री पांडेय मुख्यमंत्री के कैंप कार्यालय में द्वारिका तिवारी, वीरेंद्र सिंह, दिव्य प्रकाश जी से भी मुलाकात की। श्री गोरखनाथ मंदिर में दर्शन पूजन के दौरान भाजपा नेता जितेंद्र बहादुर चंद, जिला मीडिया प्रभारी के एम मझवार, अनिल कुमार आदि प्रमुख रूप मौजूद रहे।

## डंपर की चपेट में आने से पत्नी की मौत, पति के दोनों पैर टूटे

### सड़क पर फैले मक्का के कचरे से फिसली बाइक



ऊसराहार, इटावा।इटावा-बरेली मार्ग पर सरसई बंबा चैराहे के पास बुधवार दोपहर सड़क पर फैले मक्का के कचरे के कारण बाइक फिसलने से बड़ा हादसा हो गया। बाइक पर सवार पति और पत्नी पीछे से आ रहे डंपर की चपेट में आ गए। हादसे में पत्नी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि पति के दोनों पैर टूट गए। बाइक पर सवार दो वर्षीय मासूम डंपर के बीच में आ जाने से बाल-बाल बच गया।

चैबिया थाना क्षेत्र के शादीपुर निवासी पंकज दुबे अपनी पत्नी शालू 24 और दो वर्षीय बेटे अच्चू को लेकर बुधवार दोपहर ससुराल सठिगवां, कुम्हौल थाना किशनी से घर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक इटावा-बरेली मार्ग पर सरसई बंबा चैराहे के पास पहुंची, सड़क पर फैले मक्का के कचरे के ऊपर से गुजरते समय अचानक बाइक फिसल गई। बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई, उसी दौरान पीछे से आ रहा डंपर महिला और युवक को कुचल दिया। हादसे में शालू की मौत हो गई, जबकि पंकज गंभीर रूप से घायल हो गए और उनके दोनों पैर टूट गए। हादसे के दौरान बाइक पर बैठा मासूम अच्चू डंपर के बीच में आ जाने से बच गया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। ऊसराहार पुलिस मौके पर पहुंची और घायल पंकज को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। ग्रामीणों के अनुसार मंगलवार रात किसी ट्रक से मक्का का पिसा हुआ दाना सड़क पर फैल गया था। इससे सड़क पर काफी फिसलन हो गई थी। बुधवार सुबह भी हादसे से पहले करीब तीन बाइक सवार फिसलकर गिर चुके थे, हालांकि उस समय कोई बड़ी घटना नहीं हुई। हादसे के बाद प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र कुमार मिश्रा ने पुलिसकर्मियों के साथ सड़क पर फैले मक्का के कचरे को साफ कराया, ताकि दोबारा कोई दुर्घटना न हो। प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि सड़क पर फिसलन के कारण बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई और पीछे से आ रहे डंपर की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई। घायल युवक को जिला अस्पताल भेजा गया है और शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

## भाजपा में जाने के बाद उनकी बुद्धि फिर गई उनको इलाज की जरूरतः शिवपाल सिंह



इटावा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने ओपी राजभर पर कटाक्ष किया। उन्होंने ओमप्रकाश राजभर के ट्वीट पर पलटवार करते हुए कहा, भाजपा में जाने के बाद उनकी बुद्धि फिर गई है। अब उनको इलाज की जरूरत है। इनकी बुद्धि खिसक चुकी है। बता दें, शिवपाल सिंह यादव बुधवार दोपहर एक बजे इटावा शहर के पक्का तालाब स्थित जागेश्वर मंदिर पहुंचे। वह श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की छठी के कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना की और प्रसाद भी ग्रहण किया। शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि हम सभी भगवान श्री कृष्ण को मानने वाले लोग हैं। भगवान श्री कृष्ण की पूजा-अर्चना करनी चाहिए। हम लोग उन्हीं के भरोसे हैं। ओमप्रकाश राजभर के अहीर और जाहिर वाले ट्वीट पर शिवपाल सिंह यादव बोले- ओमप्रकाश राजभर भाजपा में जाने से पहले प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल करते थे। आज वह भाजपा में हैं। उनकी बुद्धि फिर गई है, उन्हें इलाज की जरूरत है। 2027 के विधानसभा चुनाव में सपा के गठबंधन को लेकर शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि किस-किस दल के साथ गठबंधन होगा, इसका फैसला पार्टी का राष्ट्रीय नेतृत्व करेगा। शिवपाल सिंह का आलोक पटेल, वैभव पटेल, अतुल पटेल, दरोगा राय, राम सिंह रामू द्वारा स्वागत किया गया। इस मौके पर सांसद जितेंद्र दोहरे, कुमदेश चंद्र यादव, सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, प्रदेश सचिव गोपाल यादव, वीरू भदौरिया, विधायक प्रतिनिधि अजेंद्र सिंह गौर, उपाध्यक्ष आशीष राजपूत, समाजसेवी राजू गुप्ता, फरहान शकील, चच्चू शुक्ला, अनवार हुसैन, विक्की गुप्ता, आदि मौजूद रहे।

## नहर की पटरी से कूड़ा, कबाड़ साफ कराया

इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल के सख्त निदेर्शों के अनुपालन में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सुचेता अरोड़ा द्वारा नगर पंचायत लखना स्थित नए पुल के पास बड़ी स्वच्छता कार्रवाई की गई है। 7 सितम्बर को आयोजित जिला पर्यावरण समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने नए पुल की पश्चिम दिशा में नहर की पटरी पर फैले कूड़े को तत्काल निस्तारित करने के आदेश दिए थे। इसी आदेश के क्रम में 8 सितंबर को नगर पंचायत लखना की सफाई टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नहर पटरी के किनारे जमे पूरे कबाड़ और कचरे को पूरी तरह साफ कर हटवा दिया। कूड़ा पूरी तरह हटाए जाने के उपरांत स्थल के सुंदरीकरण और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से विशेष वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। अध्यक्ष, सभासदों एवं संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में साफ किए गए स्थल पर पौधरोपण किया गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि पर्यावरण स्वच्छता और सार्वजनिक स्थलों के सुंदरीकरण हेतु यह विशेष अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

## विधवा से गाली गलौज और मारपीट, धमकी का वीडियो वायरल


जसवंतनगर, इटावा। थाना क्षेत्र के ग्राम अजनोरा में बुधवार सुबह एक विधवा महिला के साथ गालीगलौज और मारपीट का मामला सामने आया है। घटना से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद गांव में मामला चर्चा का विषय बन गया। पीड़िता ने थाना जसवंतनगर पहुंचकर शिकायत देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। बताया गया कि गांव निवासी प्रवेश कुमार पुत्र शोभाराम बुधवार सुबह गांव की ही रहने वाली विधवा अनीता देवी के घर पहुंचा। आरोप है कि किसी बात को लेकर उसने महिला के साथ गालीगलौज शुरू कर दी और मारपीट की। विरोध करने पर महिला को जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। घटना के दौरान किसी व्यक्ति ने मोबाइल से वीडियो बना लिया। कुछ देर बाद यही वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में महिला के साथ कथित तौर पर गालीगलौज और मारपीट किए जाने का दृश्य दिखाई दे रहा है। हालांकि, वायरल वीडियो की हिंदुस्तान समाचार पत्र पुष्टि नहीं करता है। वीडियो सामने आने के बाद पीड़िता अनीता देवी ने थाना पहुंचकर तहरीर दी और आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस ने खोये हुए मोबाइल लोगों को दिए



इटावा। एसएसपी के निदेर्शानुसार सर्विलांस, एसओजी टीम द्वारा लोगों के खोये हुए विभिन्न कम्पनियों के 100 मोबाइल फोन अनुमानित कीमत 20 लाख रुपये किये गये बरामद कर उनके मालिकों को सुपुर्द किया। आमजनमानस द्वारा अपने मोबाइल फोन खो जाने के बाद की गयी शिकायतों एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा को सम्बोधित करते हुए प्रार्थना पत्र दिये गये थे, प्रार्थना पत्रों का संज्ञान लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा सर्विलांस टीम को मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया। सर्विलांस टीम द्वारा अथक परिश्रम करते हुए इलेक्ट्रानिक एवं मैनुअल साक्ष्य संकलित कर जनता के खोये हुये 100 मोबाइल फोन बरामद किये, बरामद किए गए मोबाइल फोन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा बुधवार को उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किए। अपने गुमशुदा मोबाइलों को पाकर मोबाइल मालिकों द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व पुलिस का धन्यवाद ज्ञापित किया। पुलिस टीम में निरीक्षक अतुल कुमार सिंह प्रभारी सर्विलान्स, उ.नि. बेचन कुमार सिंह प्रभारी एसओजी रहे।

## डीएम ने अभियोजन कार्यों की समीक्षा की




इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न न्यायालयों में विचाराधीन अभियोगों, लंबित वादों, प्रभावी पैरवी एवं दोषसिद्धि की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि अभियोजन कार्यों की समीक्षा केवल औपचारिकता के रूप में न हो, बल्कि प्रत्येक महत्वपूर्ण मामले की गंभीरता से मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने अधिकारियों द्वारा उपलब्ध कराई गई उन मामलों की सूची की समीक्षा की, जो पिछले 3-4 वर्षों से लंबित हैं। उन्होंने कहा कि वर्षों से लंबित मामलों में अब प्रभावी कार्रवाई के लिए आगे बढ़कर निर्णय लेना होगा। न्यायालयवार उपलब्ध कराई गई सूची के आधार पर मामलों को प्राथमिकता तय करते हुए प्राथमिकता के साथ सुनवाई एवं प्रभावी पैरवी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी मामले को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए तथा संबंधित अधिकारी प्रत्येक प्रकरण की प्रगति पर व्यक्तिगत रूप से नजर रखें। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि गंभीर अपराध करने वाले अपराधियों को किसी भी हाल में छोड़ा नहीं जाना चाहिए। अभियोजन अधिकारी उपलब्ध साक्ष्यों एवं तथ्यों के आधार पर मजबूती से पैरवी करें, जिससे दोषियों को कानून के अनुसार सजा दिलाई जा सके।

संक्षेप

## आकाशीय बिजली गिरने से तीन ट्रांसफार्मर खराब

पिपरिया धनी, खीरी। वीओएल। रेहरिया विद्युत उपकेंद्र के पड़री फीडर अंतर्गत पड़री गांव में आकाशीय बिजली गिरने से तीन ट्रांसफार्मर खराब हो गए। इससे गांव की बिजली आपूर्ति प्रभावित होने के साथ कई घरों में लगे इनवर्टर, पंखे, फ्रिज समेत अन्य विद्युत उपकरण भी खराब होने की बात सामने आई है। ग्रामीणों के मुताबिक सात सितंबर की रात तेज आंधी-पानी और हवा के दौरान आकाशीय बिजली गिरी। इसकी चपेट में आने से गांव में लगे 63 केवीए के दो और 25 केवीए का एक ट्रांसफार्मर खराब हो गया। आकाशीय बिजली की तेज गर्जना के बाद कई घरों में विद्युत उपकरण खराब हो गए। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से खराब ट्रांसफार्मरों को जल्द बदलकर आपूर्ति बहाल कराने की मांग की है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से चीनी मिल कर्मचारी की मौत

पसगवां खीरी। कोतवाली पसगवां क्षेत्र के ग्राम अभयपुर के रहने वाले उत्तम कुमार सिंह की गैर जनपद में अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। परिजनों के अनुसार उत्तम कुमार सिंह (35) पुत्र यादुवेंद्र सिंह सोमवार की देर शाम अपने घर से बाइक पर सवार होकर सीतापुर जिले के रामकोट (जवाहरपुर) चीनी मिल में ड्यूटी करने के लिए निकले थे, जिसे ही वह महोली थाना क्षेत्र के नींबू बाग के निकट ओवरब्रिज के पास पहुंचे तभी पीछे से आ रहे, अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि उत्तम काफी दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से घायल उत्तम को सीएचसी महोली भेजा जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं हादसे की सूचना पाकर परिजनों में कोहराम मच गया और आनन फानन में मौके पर पहुंचे। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बुधवार को उत्तम का शव उनके गांव अभयपुर पहुंचने के बाद उनका अंतिम संस्कार किया गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी महोली जे पी पाण्डेय के बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत हुई है। वाहन की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है।

## निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर लगाया

पलियाकलां खीरी। 39वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, पलिया द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत सीमा चौकी सुमेर नगर के कार्यक्षेत्र में स्थित वाइंडेट गाँव सेमरी में निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर डॉ. गुरविंदर जीत सिंह, कमांडेंट (पशु चिकित्सा) क्षेत्रक मुख्यालय, सशस्त्र सीमा बल, पीलीभीत की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर पशुपालकों को पशुओं के स्वास्थ्य, संतुलित आहार, समय पर टीकाकरण, स्वच्छता तथा विभिन्न संक्रामक एवं मौसमी बीमारियों से बचाव के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही पशुओं की नियमित देखभाल एवं वैज्ञानिक पशुपालन अपनाने के लिए भी जागरूक किया गया। शिविर के दौरान क्षेत्र के 23 पशुपालकों के कुल 139 पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार कर आवश्यकतानुसार निःशुल्क औषधियों का वितरण भी किया गया। इसके अतिरिक्त, केन्द्रीय प्रशिक्षण केंद्र, श्रीनगर (उत्तराखंड) से आए उप निरीक्षक (सामान्य) पद के प्रशिक्षुओं को भी इस शिविर कार्यक्रम में सम्मिलित कर प्रशिक्षुओं को इसके उद्देश्य, महत्व एवं सीमावर्ती ग्रामीणों के साथ जुड़ाव के माध्यम से सशस्त्र बलों की जनकल्याणकारी भूमिका के बारे में परिचित कराया गया।

# डीएम के औचक निरीक्षण में स्वास्थ्य सेवाओं की खुली पोल



जिला संवाददाता (vol)

सीतापुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसेंडी में बुधवार को जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. के औचक निरीक्षण में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली और कर्मचारियों की लापरवाही की परतें खुल गईं।

मरीजों के पर्चे से लेकर गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण अभिलेख, रक्तचाप जांच और अस्पताल की साफ-सफाई तक में खामियां मिलने पर डीएम ने जिम्मेदारों को जमकर फटकार लगाई। निरीक्षण के दौरान दो चिकित्सकों के विरुद्ध कार्रवाई, एक के खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई और दूसरे को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। पर्चा और दवा वितरण काउंटर की जांच में मरीजों के पर्चों पर बीमारी का विवरण सही ढंग से अंकित नहीं मिला। इस पर डीएम ने दोनों चिकित्सकों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद मातृ सुरक्षा कक्ष में गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण संबंधी अभिलेखों की जांच की गई। रिकॉर्ड में लापरवाही मिलने पर संबंधित एएनएम का 15 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने स्वयं गर्भवती महिलाओं का हीमोग्लोबिन और रक्तचाप जांचा। स्टाफ द्वारा बीपी जांच सही तरीके से न कर पाने पर वह भड़क गए। विभागीय अभिलेखों में भी कमियां मिलने पर एमओआईसी को कड़ी फटकार लगाते हुए नोटिस जारी करने के निर्देश सीएमओ को दिए। ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट में भी रखरखाव और अभिलेखों की स्थिति खराब मिली। सवालों के संतोषजनक जवाब न दे पाने पर डीएम ने नाराजगी जताई और एमओआईसी का 15 दिन का वेतन अग्रिम आदेश तक रोकनेध्काटने के निर्देश दिए। अस्पताल परिसर में गंदगी मिलने पर भी डीएम ने तत्काल सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि मरीजों को स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही या असुविधा मिली तो जिम्मेदारों पर कठोर कार्रवाई होगी।

## मिशन शक्ति टीम ने छात्र-छात्राओं को किया जागरूक



- महिला अपराध, साइबर ठगी और गुड टच-बैड टच से बचाव के बताए उपाय

सीतापुर। मिशन शक्ति अभियान के तहत बुधवार को महिला थाना की मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो टीम ने कैथेड मिशन स्कूल में छात्र-छात्राओं के साथ जागरूकता गोष्ठी की। टीम ने विद्यार्थियों से संवाद कर महिला अपराध, बाल अपराध और साइबर अपराध से बचाव के उपाय बताए। कम उम्र के बच्चों को गुड टच-बैड टच, अनजान व्यक्ति से दूरी बनाए रखने और बहला-फुसलाकर अपराध किए जाने से सतर्क रहने की जानकारी दी गई।

छात्र-छात्राओं को सोशल मीडिया का सुरक्षित और जिम्मेदारीपूर्ण इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित किया गया। साइबर ठगी, फर्जी सामाजिक माध्यम खातों, ऑनलाइन उत्पीड़न, अनजान लिंक और ओटीपी साझा नहीं करने के प्रति भी सचेत किया गया। टीम ने बताया कि साइबर अपराध होने पर तत्काल 1930 पर सूचना दें। छेड़छाड़, उत्पीड़न, घरेलू हिंसा या आपात स्थिति में पुलिस से संपर्क करने को कहा गया। विद्यार्थियों को 112, 1090, 1098, 1076 और 102 हेल्पलाइन की जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा व सहायता का भरोसा दिलाया।

## छात्राओं को ब्रेस्ट और सर्वाइकल कैंसर से बचाव की दी जानकारी

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। रोटरी क्लब गोला मुस्कान की ओर से विद्या निकेतन इंटर कॉलेज के सभागार में बच्चियों और महिलाओं में होने वाले ब्रेस्ट कैंसर व सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम और उपचार को लेकर जागरूकता




सेमिनार आयोजित किया गया। राममूर्ति मेडिकल कॉलेज बरेली की कैंसर विशेषज्ञ डॉ. हिमांशी खट्टर और डॉ. दिव्यांशी बैजल ने प्रोजेक्टर के माध्यम से छात्राओं को दोनों बीमारियों के कारण, बचाव और उपचार के बारे में जानकारी दी। सेमिनार में विभिन्न विद्यालयों से करीब 550 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। डॉक्टरों ने छात्राओं की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उनके सवालों के जवाब दिए और कैंसर के लक्षणों को समय रहते पहचानने तथा चिकित्सकीय सलाह लेने के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान डॉक्टरों द्वारा लायी गई जागरूकता सामग्री भी छात्राओं को वितरित की गई, जिसमें कैंसर से संबंधित जानकारी और बचाव के उपाय दिए गए थे। सेमिनार में गुरुनानक कन्या डिग्री कॉलेज, इंटर कॉलेज, गुरु हरिकिशन डिग्री कॉलेज, कृषक समाज इंटर कॉलेज, विद्या निकेतन और विद्या मंदिर सहित विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं ने भाग लिया। सेमिनार के समापन पर रोटेरियन अरविंद गुप्त रामजी ने डॉक्टरों, मेडिकल कॉलेज स्टाफ, विद्यालय के प्राचार्य महेंद्र त्रिपाठी और सभी आगंतुकों का आभार जताया। कार्यक्रम के आयोजन में रोटरी क्लब की सचिव अनुराधा पुरवार, मीनाक्षी अग्रवाल, नीलू भारती, बंदना गुप्ता, राखी गुप्ता सहित रोटेरियन महिला सदस्य, विभिन्न विद्यालयों की शिक्षिकाएं, मेडिकल कॉलेज स्टाफ और विद्या निकेतन की जूनियर विभाग की प्रधानाचार्य मधु त्रिपाठी मौजूद रहीं।

## हिमालय के संरक्षण के प्रति विद्यार्थियों को किया जागरूक



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। गांधी स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हिमालय दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. सौरभ दीक्षित ने विद्यार्थियों को हिमालय के महत्व और उसके संरक्षण की जरूरत के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष नौ सितंबर को हिमालय दिवस मनाया जाता है। हिमालय देश की जलवायु, नदियों, वन संपदा और अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हिमालय केवल पर्वत श्रृंखला नहीं, बल्कि वनस्पति, जीव-जंतुओं, नदियों, झीलों और मिट्टी से जुड़ा महत्वपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र है। प्रधानाचार्य ने कहा कि हिमालयी क्षेत्र में बढ़ती आबादी और मानवीय गतिविधियों से पर्यावरण संतुलन प्रभावित हो रहा है। इसके कारण बाढ़, भूस्खलन और भूकंप जैसी आपदाओं का खतरा बढ़ रहा है। वर्ष 2013 की केदारनाथ त्रासदी इसका उदाहरण है। उन्होंने विद्यार्थियों से पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी निभाने की अपील की। उन्होंने कहा कि हिमालय को जीतना संभव नहीं, लेकिन उसका सम्मान और संरक्षण करना सभी के हाथ में है। पहाड़ी क्षेत्रों में निर्माण और अन्य गतिविधियां पर्यावरणीय मानकों को ध्यान में रखकर ही की जानी चाहिए।

# बसंतापुर के पास बांध टूटने से खेतों से कारखानों तक घुसा बाढ़ का पानी



सीतापुर। शारदा नदी का जलस्तर बढ़ने के बाद सोमवार को बसंतापुर के पास बांध टूटने से निकला बाढ़ का पानी अब तेजी से क्षेत्र में फैल रहा है। खेत-खलिहानों को डुबोने के बाद पानी गांवों को जोड़ने वाले संपर्क मार्गों को पार करता हुआ तम्बौर कस्बे की छतांगुर रोड स्थित प्लाईवुड कारखानों तक पहुंच गया है। इससे ग्रामीणों के सामने फसल बचाने के साथ आवागमन का संकट भी खड़ा हो गया है। बाढ़ का पानी मोगलापुर, छतांगुर, पूरन सराय, मुरब्बा, क्योटाना, नन्हूई, भंभेला, बसंतापुर, आलमपुर और देवपारपुर समेत कई गांवों के आसपास फैल गया है।

बड़ी संख्या में खेत पानी में डूबने से फसलों के बर्बाद होने का खतरा बढ़ गया है। बुधवार को तम्बौर-रजनापुर, तम्बौर-बिस्वानखुर्द और तम्बौर-मोगलापुर संपर्क मार्गों पर पानी भर गया। मार्गों पर जलभराव के कारण ग्रामीणों को आने-जाने में भारी दुश्वारियां उठानी पड़ रही हैं। बाढ़ प्रभावित परिवारों की परेशानी को देखते हुए कई स्थानों पर लंच पैकेट वितरित किए जा रहे हैं। जलभराव के चलते बसंतापुर, क्योटाना और औरंगाबाद के सरकारी स्कूलों में भी शिक्षण कार्य बंद है। उधर, तटवर्ती गांव लखनीपुर और खानामांडोर के पास नदी में कटान तेज होने से ग्रामीणों में दहशत है। कटान के कारण नदी गांवों के और करीब पहुंच रही है। ग्रामीणों को नदी और बाढ़ के पानी के नजदीक न जाने की सलाह दी गई है। प्रशासन ने भी लोगों से सुरक्षा निदेशों का पालन करने की अपील की है।

## एथलेटिक्स में आराध्या और सृष्टि ने बढ़ाया विद्यालय का मान

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। महंगापुर में आयोजित सालाना जोड़ मेले में श्री राजेन्द्र गिरि मेमोरियल अकादमी, लक्ष्मनजती की दो छात्राओं ने एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। कक्षा आठ की आराध्या सिंह ने 200 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि कक्षा 11 गणित वर्ग की सृष्टि वर्मा ने 1600 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। आराध्या सिंह ने ओपन एथलीट वर्ग की 200 मीटर दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं सृष्टि वर्मा ने 1600 मीटर दौड़ में प्रतिभाग कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। दोनों छात्राओं की सफलता से विद्यालय में खुशी का माहौल रहा। उपलब्धि पर बुधवार को विद्यालय की प्रातःकालीन सभा में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। प्रधानाचार्य आलोक कुमार मिश्र ने दोनों छात्राओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने तालियों से विजेता छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ खेलों में भी अपनी प्रतिभा निखारने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। खेलों से अनुशासन, आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। विद्यालय के प्रबंध निदेशक अमन गिरि तथा निदेशक मोहित पुरी ने छात्राओं की उपलब्धि पर खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी।




# मानव-वन्यजीव संघर्ष पर मंथन, डीएम ने तय की मिशन मोड रणनीति



लखीमपुर खीरी। जिले में मानव और वन्यजीवों के बीच बढ़ते टकराव को लेकर जिला प्रशासन ने अब कमर कस ली है। घटनाओं की रोकथाम को लेकर बुधवार शाम को हुई उच्चस्तरीय बैठक में वन क्षेत्र से सटे गांवों की सुरक्षा, संवेदनशील इलाकों की निगरानी, ग्रामीण जागरूकता और विभागीय समन्वय को लेकर विस्तृत रणनीति तैयार की गई। बैठक में केवल घटनाओं की समीक्षा तक सीमित रहने के बजाय उनके पीछे के कारणों और भविष्य में रोकथाम के ठोस उपायों पर गहन मंथन हुआ।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम अंजनी कुमार सिंह ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को रोकने में किसी स्तर पर ढिलाई न बरती जाए। जिन क्षेत्रों में पूर्व में घटनाएं हुई हैं अथवा वन्यजीवों की गतिविधियां अधिक हैं, उन्हें विशेष रूप से संवेदनशील मानते हुए सतर्कता, निगरानी और जनजागरूकता का मजबूत तंत्र विकसित किया जाए। कहा कि ग्रामीणों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। वन विभाग और संबंधित विभाग आपसी समन्वय से ऐसी कार्ययोजना तैयार करें, जिसका असर सीधे गांव और खेत तक दिखाई दे। सूचना मिलने पर त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के साथ ही ग्रामीणों को पहले से सावधान करना भी प्राथमिकता में रखा जाए। बैठक में वन क्षेत्र से लगे गांवों को लेकर विशेष रणनीति पर जोर दिया गया। वन क्षेत्र के आसपास के खेतों में इंटरक्रॉपिंग फसलों को बढ़ावा देने, ग्रामीणों को खेती के दौरान सामूहिक रूप से कार्य करने तथा संभावित खतरे वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त सावधानी बरतने पर जोर दिया गया। डीएम ने निर्देश दिए कि ग्राम चौपालों को जागरूकता का प्रभावी मंच बनाया जाए। चौपालों में वन विभाग के अधिकारियों की सहभागिता सुनिश्चित कर ग्रामीणों को वन्यजीवों से बचाव के व्यवहारिक उपाय बताए जाएं। बैठक का मुख्य फोकस इस बात पर रहा कि घटना होने के बाद कार्रवाई करने के बजाय घटना से पहले खतरे की पहचान और उसकी रोकथाम की जाए। संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी, ग्रामीणों तक त्वरित सूचना, विभागीय समन्वय और लगातार जागरूकता के माध्यम से मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को न्यूनतम करने की दिशा में काम किया जाएगा।

### डीएफओ ने आंकड़ों के साथ पेश की स्थिति

बैठक में डीएफओ तापस मिहिर और कीर्ति चौधरी ने मनव-वन्यजीव संघर्ष की स्थिति, वर्षवार आंकड़ों और रोकथाम के लिए वन विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों का विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। अधिकारियों ने संवेदनशील क्षेत्रों में वन विभाग की निगरानी, गश्त और जागरूकता गतिविधियों की जानकारी साझा की। डीएफओ ने बताया कि जिन क्षेत्रों में पहले घटनाएं हो चुकी हैं, वहां अतिरिक्त सतर्कता की आवश्यकता है। ऐसे क्षेत्रों में ग्रामीणों को वन्यजीवों की गतिविधियों और सुरक्षा उपायों के प्रति लगातार जागरूक किया जाना जरूरी है।

## बाढ़ प्रभावितों को विधायक ने वितरित की राहत किट




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। शारदा नदी में बढ़े पानी और तेज कटान से तटीय गांवों के ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। खेतों और आबादी की ओर बढ़ रहे कटान से ग्रामीणों को अपने आशियाने और रोजी-रोटी की चिंता सताने लगी है।

बाढ़ की इस स्थिति के बीच विधायक अमन गिरि ने बिजुआ क्षेत्र के पूजा गांव पहुंचकर प्रभावित परिवारों को राशन किट वितरित की और उनकी समस्याएं सुनीं। विधायक ने ग्रामीणों से बातचीत कर बाढ़ और कटान से हुए नुकसान की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में सरकार प्रभावित परिवारों के साथ है। सरकार ने बाढ़ की स्थिति को गंभीरता से लिया है और राहत कार्यों में किसी तरह की लापरवाही नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि दैवी आपदा का सामना सभी को मिलकर करना है। विधायक ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित गांवों में लगातार निगरानी रखने तथा ग्रामीणों की समस्याओं का तत्काल समाधान कराने के निर्देश दिए। साथ ही अधिकारियों से प्रभावित गांवों में मौजूद रहकर स्थिति पर नजर रखने को कहा। इस मौके पर ब्लॉक बिजुआ प्रतिनिधि वीरेंद्र भूषण, प्रधान मनजिंदर सिंह, प्रधान लफड़ू, प्रधान सरवन मिश्रा, पूर्व प्रधान ओमप्रकाश भार्गव, वेद दीक्षित, हरकिशन, पूर्व मंडल अध्यक्ष हरिहर सिंह, राजेंद्र मिश्रा और छोटे सिंह मौजूद रहे।

## अवैध शराब के अड्डों पर कसेगा शिकंजा 10 दिन चलेगा ताबड़तोड़ अभियान

लखीमपुर खीरी। अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन ने अब आर-पार की कार्रवाई का खाका तैयार किया है। जिले में आठ से 17 सितंबर तक विशेष प्रवर्तन अभियान चलेगा। इसके लिए सातों तहसीलों में प्रशासन, पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीमें गठित की गई हैं। टीमें संदिग्ध ठिकानों, वाहनों, ढाबों और शराब की दुकानों पर एक साथ निगरानी और कार्रवाई करेंगी। सदर तहसील में उप जिलाधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी सदर और आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 को जिम्मेदारी दी गई है। मोहम्मदी में एसडीएम मोहम्मदी, सीओ मोहम्मदी और आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 मोहम्मदी-खीरी टीम में रहेंगे। निघासन में एसडीएम निघासन, सीओ निघासन और आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3 निघासन मोर्चा संभालेंगे। पलिया में एसडीएम पलिया, सीओ पलिया और आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-4 पलिया-खीरी की संयुक्त टीम बनाई गई है। गोला में एसडीएम गोला, सीओ गोला और आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-5 गोला-खीरी कार्रवाई करेंगे। मितौली में एसडीएम मितौली, सीओ मितौली और आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-6 मितौली-खीरी की टीम गठित की गई है। वहीं धौरहरा में एसडीएम धौरहरा, सीओ धौरहरा और आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-7 धौरहरा-खीरी संयुक्त रूप से अभियान चलाएंगे। जिले में अवैध शराब के निर्माण और भंडारण वाले संभावित ठिकानों की तलाशी होगी। जंगल, नदी किनारे, निर्जन स्थान और दूरस्थ क्षेत्रों में स्थित दुकानों पर विशेष निगाह रहेगी। जरूरत पड़ने पर ड्रोन से भी छापेमारी की जाएगी। संदिग्ध वाहनों की सघन चेकिंग के साथ हाईवे और राज्य मार्गों के ढाबों पर भी जांच होगी। अभियान में शराब की दुकानों, मॉडल शॉप और कैंटीनों की जांच भी होगी। निर्धारित दर से अधिक कीमत पर शराब बेचने की शिकायत मिलने पर संयुक्त टीम मौके पर पहुंचकर जांच करेगी। शिकायत सही पाए जाने पर विक्रेता और अनुज्ञापन के खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## जल निकासी व्यवस्था ध्वस्त होने से सर्विस रोड तालाब में तब्दील



सीतापुर। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-30 के किनारे कमलापुर क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था ध्वस्त होने से सर्विस रोड तालाब में तब्दील हो गई है। इससे स्थानीय लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महासचिव आरपी सिंह चैहान ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के परियोजना निदेशक को पत्र भेजकर समस्या के तत्काल समाधान की मांग की है। पत्र में आरोप लगाया गया है कि ग्राम कमलापुर मजरा महोली, परगना पीरनगर, तहसील सिधौली में राजमार्ग के दोनों ओर जल निकासी के लिए बना नाला अवरुद्ध है। इसके चलते बारिश का पानी सर्विस रोड पर भर गया है और सड़क तालाब जैसी स्थिति में पहुंच गई है। स्थानीय लोगों ने घरों तक पहुंचने के लिए जो रैंप बना रखे थे, उन्हें कारीडोर विभाग के कर्मचारियों ने पुलिस बल की मदद से पांच सितंबर को ध्वस्त कर दिया। इससे लोगों की परेशानी और बढ़ गई है। आरपी सिंह चैहान ने कहा कि जलभराव से स्थानीय व्यापार प्रभावित हो रहा है। बच्चों को इसी जलमग्न रास्ते से होकर स्कूल जाना पड़ रहा है, जबकि वृद्ध और बीमार लोगों के लिए आवागमन बेहद मुश्किल हो गया है। उन्होंने आठ सितंबर की बारिश के बाद की स्थिति का वीडियो भी प्राधिकरण को भेजे जाने की बात कही। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो प्रभावित लोगों के साथ आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की होगी।

# लखनऊ से सीतापुर के बीच सफर होगा और आसान



सीतापुर। लखनऊ से सीतापुर के बीच सफर को और आसान, तेज व सुरक्षित बनाने की दिशा में बड़ी कवायद शुरू हो गई है। राष्ट्रीय राजमार्ग-30 को चार से छह लेन करने के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) का सर्वे पूरा हो चुका है।

करीब एक हजार करोड़ रुपये की इस परियोजना की समग्र रिपोर्ट स्वीकृति के लिए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय को भेजी गई है। सूत्रों के मुताबिक दीपावली से पहले परियोजना को हरी झंडी मिलने की उम्मीद है। प्रस्तावित छह लेन का मार्ग लखनऊ आउटर रिंग रोड से शुरू होकर सीतापुर तक पहुंचेगा। करीब 63 किलोमीटर लंबे इस हिस्से के चौड़ीकरण के लिए जमीन का अधिग्रहण नहीं किया जाएगा। मौजूदा चार लेन लखनऊ-सीतापुर मार्ग के किनारे पर्याप्त भूमि उपलब्ध होने के कारण परियोजना को तेजी से पूरा करने की योजना है। निर्माण कार्य शुरू होने के बाद इसे करीब एक से डेढ़ वर्ष में पूरा किए जाने की संभावना है। छह लेन परियोजना का सीधा लाभ लखनऊ और सीतापुर के बीच आने वाले नौ विधानसभा क्षेत्रों के लाखों लोगों को मिलेगा। इनमें महोली, सीतापुर, हरगांव, लहरपुर, बिसवां, सेवता, महमूदाबाद, सिधौली और मिश्रिख विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। जनप्रतिनिधियों की ओर से अपने क्षेत्रों के प्रमुख चैराहों पर अंडरपास बनाने के प्रस्ताव भी दिए गए थे। एनएचएआई की टीम इन स्थानों का सर्वे भी पूरा कर चुकी है।

### सात स्थानों पर बनेंगे अंडरपास

वाहनों की आवाजाही सुगम करने और दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सात प्रमुख स्थानों पर अंडरपास प्रस्तावित किए गए हैं। इनमें वैदेही वाटिका, खैराबाद, सिधौली, विक्रमपुर, इंट्रौजा, लहरपुर और अटरिया शामिल हैं। अंडरपास बनने से वाहनों को सड़क पार करने, मोड़ने और यू-टर्न लेने में होने वाली परेशानी कम होगी।

### जमीन अधिग्रहण की आवश्यकता नहीं होगी: गौतम विशाल

गौतम विशाल, क्षेत्रीय अधिकारी, एनएचएआई ने बताया कि लखनऊ से सीतापुर तक छह लेन सड़क और अंडरपास के लिए सर्वे पूरा कर लिया गया है। समग्र रिपोर्ट स्वीकृति के लिए मुख्यालय भेजी गई है। मौजूदा मार्ग के किनारे पर्याप्त जमीन उपलब्ध होने के कारण जमीन अधिग्रहण की आवश्यकता नहीं होगी। परियोजना का उद्देश्य यातायात को सुगम बनाने के साथ दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाना है।

## अध्यापक पर छात्र की बेरहमी से पिटाई करने का आरोप

### छात्र की हालत गंभीर , अस्पताल में भर्ती




मोहम्मदी खीरी। कस्बा के एक छात्र को स्कूल के अध्यापक ने पूछने पर जवाब न दे पाने पर छात्र की बेरहमी से पिटाई कर देने का आरोप लगाया है।

घटना के दौरान वह बेहोश होकर गिर पड़ा होश आने पर किसी तरह घर पहुंच कर उसने आपबीती परिजनों को बताई है। युवक के चाचा ने आरोपी के खिलाफ शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की गुहार लगाई है। कस्बा के मोहल्ला सरैया निवासी इलियास ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया उसका भतीजा मोहम्मद इमरान आरपी इंटरो कॉलेज में कक्षा 10 का छात्र है जो कई दिनों से बीमार चल रहा था। बुधवार को पढ़ाई के दौरान विद्यालय के अध्यापक ने पढ़ाई को लेकर पूछने पर बात नहीं सुन सका जिसके चलते जवाब नहीं दिया इतने में अध्यापक ने आपा खो दिया और क्लास रूम में बेरहमी से पिटाई करने लगा छात्र बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा यह देख अध्यापक भाग निकला पीड़ित को होश आने पर वह किसी तरह साइकिल से घर जाकर आपबीती परिजनों को बताई है। छात्र की हालत नाजुक होने पर उसे इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसे कानों से सुनाई नही देने की बात कही गई है। विद्यालय के प्रबंधक मुनीष गुप्ता से घटना को लेकर दूरभाष पर संपर्क नहीं हो पा रहा है।

## युवाओं की सोच से गढ़ेगा विकसित प्रदेश का सपना

सीतापुर। युवाओं को प्रदेश के विकास की चर्चा से जोड़ने और उनकी समस्याओं व सुझावों को सीधे सुनने के लिए 10 सितंबर को जिले में युवा संवादकृहमारी सोच, हमारा विकसित प्रदेश कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। तीन विकासखंडों में होने वाले इन कार्यक्रमों में शिक्षा, रोजगार, कौशल विकास, उद्यमिता, नवाचार और युवाओं के लिए बदलते समय में उपलब्ध अवसरों पर संवाद होगा। युवा अपनी पढ़ाई, रोजगार और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से जुड़ी चुनौतियों के साथ ही कौशल सीखने, स्वरोजगार शुरू करने और तकनीक के बढ़ते इस्तेमाल से जुड़े अनुभव व सुझाव भी साझा कर सकेंगे। स्थानीय स्तर पर युवाओं के सामने आने वाली समस्याओं और उनकी अपेक्षाओं को भी संवाद का हिस्सा बनाया जाएगा। कार्यक्रम के तहत सिधौली विकासखंड में सुबह 11 बजे, कसमंडा में दोपहर 12:30 बजे और खैराबाद में दोपहर दो बजे युवा संवाद आयोजित होगा।

संक्षेप

## सर्पदंश से लेखपाल गम्भीर

**कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** सोते समय एक लेखपाल को सांप ने डस लिया। जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कादीपुर लाया गया। जहां से हालात गंभीर होने के कारण जिला मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। तहसील में तैनात लेखपाल पवन कुमार (40) रात में तहसील के पीछे स्थित सरकारी कॉलोनी के अपने आवास में सोए हुए थे। तभी बुधवार की सुबह लगभग चार बजे सांप ने काट लिया। परिजन उन्हें लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कादीपुर लेकर आए। जहां पर हालत गंभीर होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहां से भी स्थिति में सुधार न होने पर उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया गया।

## वनरोज की टक्कर से बाइक सवार घायल

**कादीपुर, सुलतानपुर।** वनरोज से टकरा जाने के कारण बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे ग्रामीणों की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कादीपुर लाया गया। गंभीर रूप से घायल होने के कारण चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। बुधवार की सुबह लगभग 8.15 बजे कादीपुर कोतवाली थाने के पाकरपुर गांव के अर्पित तिवारी (28) बाइक से घर से विद्यालय आ रहे थे। वह पड़ेला गांव में स्थित एक निजी विद्यालय में शिक्षक थे। वह जैसे ही कोतवाली क्षेत्र के पड़ेला गांव के राम नाम बैंक के पास पहुंचे। तभी अचानक वन रोग से टकरा गए। जिससे उन्हें गंभीर चोट आई। ग्रामीणों की सहायता से उन्हें सीएचसी कादीपुर ले आया गया। उनके सिर एवं कान में काफी चोट आई थी। जहां पर चिकित्सक ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। स्थिति में सुधार ना होते देखा वहां से लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक सवार हेलमेट नहीं पहने थे।

## एम्स में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन

**रायबरेली।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), रायबरेली में शिक्षक दिवस के अवसर पर शाम 4 बजे से मेडिकल कॉलेज भवन के ग्राउंड फ्लोर स्थित लेक्चर थिएटर में विशेष समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य संस्थान के शिक्षकों एवं संकाय सदस्यों के योगदान के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करना रहा। समारोह की शुरुआत संकाय सदस्यों के तिलक एवं गुलाब देकर स्वागत से हुई। इसके बाद दीप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम्की प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया गया। कार्यकारी निदेशक प्रो. (डॉ.) अमिता जैन महोदया ने अपने संबोधन में बताया कि भारतीय संस्कृति में गुरु-शिष्य परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है। शिक्षक देश के भविष्य-निर्माण में आज भी महत्वपूर्ण योगदान निभा रहे है। डीन एवं आचार्यों द्वारा अपने संबोधन में शिक्षा, चिकित्सा प्रशिक्षण और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर एम्स के स्नातक, स्नातकोत्तर एवं नर्सिंग विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर समारोह को आकर्षक बनाया।

## संजय के परिजनों को मिला एक लाख रुपये का आर्थिक सहयोग

**मिल्कीपुर,अयोध्या।** मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत सेंधुतारा में विगत दिनों छत से गिरने के कारण संजय यादव के असामयिक निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। घटना की जानकारी मिलने के बाद समाजवादी पार्टी के मिल्कीपुर विधानसभा से प्रत्याशी रहे अजीत प्रसाद ने पीड़ित परिवार की स्थिति से सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को अवगत कराया। अजीत प्रसाद ने सपा मुखिया अखिलेश यादव से मुलाकात कर शोक संतप्त परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए सहायता उपलब्ध कराने का आग्रह किया। इस पर अखिलेश यादव की ओर से पीड़ित परिवार के लिए एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई। अजीत प्रसाद ने सेंधुतारा स्थित संजय यादव के आवास पर पहुंचकर शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की और उन्हें एक लाख रुपये का चेक सौंपा। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में समाजवादी पार्टी पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है।

# 3 करोड़ 38 लाख की परियोजनाओं का सांसद ने किया लोकार्पण व शिलान्यास



**रायबरेली।** सांसद राहुल गांधी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति 'दिशा' की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सांसद, अमेठी/सह-अध्यक्ष 'दिशा' समिति किशोरी लाल, मंत्री खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति विभाग उप्र मनोज कुमार पाण्डेय, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश उपस्थित रहे। बैठक में जिले के विकास से जुड़े सभी बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। बैठक में डीएम सरनीत कौर ब्रोका ने जिला विकास समन्वय एवं दिशा से सम्बन्धित समस्त योजनाओं का बिन्दुवार प्रस्तुतीकरण किया। अध्यक्ष ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना (मनरेगा), प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, दीनदयाल उपाध्याय-ग्रामीण, राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन योजना, राष्ट्रीय निराश्रित पेंशन योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन (हर घर नल से जल), प्रधानमंत्री कृषि सिचाई योजना, मध्यान्ह भोजन योजना, समेकित बाल विकास कार्यक्रम, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, समग्र शिक्षा अभियान, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, अवस्थापना संबंधी कार्यक्रम, समन्वित ऊर्जा विकास कार्यक्रम, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि,मृदा स्वास्थ्य कार्ड, जल प्रबंधन कार्यक्रम, सुकन्या मंगला योजना,एक जिला एक उत्पाद, राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम, खेलो इंडिया, सुगम्य भारत अभियान, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना सहित अन्य योजनाओं पर गम्भीरतापूर्वक चर्चा की गई।

सांसद ने पीएम आवास योजना ग्रामीण/शहरी की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि शत-प्रतिशत पात्र लोगों को आवास का लाभ दिलाया जाये। उन्होंने राष्ट्रीय वृद्धापेशन, राष्ट्रीय निराश्रित महिला पेंशन, दिव्यांग पेंशन की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि लाभार्थियों को समय से पेंशन की किस्त उपलब्ध करायी जाए। जल निकायों की मरम्मत, नवीनीकरण, पुनरुद्धार का कार्य प्राथमिकता से कराये जाने के निर्देश दिये। जल जीवन मिशन (हर घर जल से नल) की समीक्षा में निर्देश दिये कि शत-प्रतिशत घरों में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करायी जाए, योजनान्तर्गत निमार्णाधीन कार्यो को शीघ्र पूर्ण कराया जाये। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अन्तर्गत क्रियान्वियत राष्ट्रीय राजमार्गो के निर्माण की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि राष्ट्रीय राजमार्गो पर ब्लैक स्पॉट का चिन्हांकन कर उसमें सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करायी जाए, जिससे कि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके। सांसद राहुल गांधी ने 3 करोड़ 38 लाख की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया। बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा जन सुविधाओं से जुड़े अनेक सुझाव और समस्याओं को भी रखा गया, जिनके समाधान के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये गये। सांसद ने कहा कि जन समस्याओं को गम्भीरता से लेते हुए अधिकारी प्राथमिकता से समयबद्ध उसका समाधान करायें। विकास योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु एक ठोस कार्य योजना बनाकर कार्य करें। जनप्रतिनिधि व अधिकारी जनपद के विकास के लिये समन्वय बनाकर टीम भावना से कार्य करें, जिससे जनपद विकास में अग्रणी रहे। सांसद ने सड़कों की मरम्मत व निर्माण कार्य से संबंधित जन प्रतिनिधियों द्वारा प्राप्त समस्याओं का प्राथमिकता पर निस्तारण कराने के निर्देश दिए।

## इंदिरा उद्यान से वन आफ सेंटर की सड़क गड्ढे में तब्दील

**रायबरेली।** सड़कों की दुर्दशा के लिए कौन जिम्मेदार है यह सवाल पब्लिक का है पर पब्लिक सड़कों पर चलकर सड़क खराब करती है यह भी सवाल अब जनप्रतिनिधि को पब्लिक से पूछने चाहिए, कहा जाए तो उलटी गंगा बहनी शुरू हो गई। ऐसे ही सड़क की दुर्दशा पर बात करें तो इंदिरा उद्यान से वन आफ सेंटर को जाने वाली सड़क पर चलना लोगों का दुभर है। इस सड़क पर बरसों से टेंडर हुआ है परंतु सड़क नहीं बनी। लगभग 200 मीटर तक गिट्टी डालकर सड़क को छोड़ दिया वही बाद की स्थिति यह रही की सत्यमित्रानंद डिग्री कॉलेज के सामने बड़े-बड़े गड्ढे हो गए और पानी भी भरा है। जबकि वहां ना तो नगर पालिका ने गड्ढे को पाटने का प्रयास किया ना ही किसी जनप्रतिनिधि ने बड़ा दिल दिखाते हुए लोगों की समस्याओं के साथ खड़ा मिला। ऐसी हालत में जब एक तरफ नाला हो और दूसरी तरफ बिजली का ट्रांसफार्मर और सड़क पर पानी भरा हो तब आम जनमानस यह सोचने पर जरूर मजबूर होता है कि काहे की सरकार और काहे के जनप्रतिनिधि जब उनका जीवन गुजर बसर करने के लिए हलाकान हो। रास्ते से गुजरने के लिए लोगों को सोचना पड़ रहा है।

## जन्मदिन की खुशियां बच्चों के साथ साझा कर आयोजित किया गया तिथि भोज

**रायबरेली।** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका के निर्देशन में विकासखंड अमावां की ग्राम पंचायत बहादुरनगर स्थित कंपोजिट विद्यालय में ह्यतिथि भोजह्ण उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के साथ खुशियां साझा करने के साथ-साथ समाज में सेवा, सहभागिता एवं आपसी सहयोग की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। तिथि भोज का आयोजन लखनऊ वित्त विभाग में तैनात रायबरेली निवासी समीक्षा अधिकारी अभिषेक गोस्वामी द्वारा अपने जन्मदिवस के अवसर पर किया गया। उन्होंने अपने जन्मदिन की खुशियों को विद्यालय के बच्चों के साथ साझा करते हुए उन्हें स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन कराया। इस पहल के माध्यम से बच्चों के प्रति अपनत्व एवं सामाजिक जिम्मेदारी की भावना का सकारात्मक संदेश दिया।कार्यक्रम का आयोजन खंड विकास अधिकारी संदीप सिंह एवं खंड शिक्षा अधिकारी ऋचा सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। तिथि भोज के दौरान विद्यालय परिसर में उत्साह एवं खुशी का वातावरण रहा। बच्चों ने सामूहिक रूप से भोजन ग्रहण किया तथा आयोजन का आनंद लिया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं ग्रामीणों ने कहा कि ह्यतिथि भोजह्ण जैसी पहल समाज के विभिन्न वर्गों को बच्चों के साथ जुड़ने और उनके प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का अवसर प्रदान करती है। ऐसे आयोजन बच्चों के पोषण एवं स्वास्थ्य के साथ-साथ उनमें सामाजिक जुड़ाव और सामुदायिक सहभागिता की भावना को भी मजबूत करते हैं। जन्मदिन एवं अन्य विशेष अवसरों पर जरूरतमंद एवं वंचित वर्ग के बच्चों के साथ खुशियां साझा करना समाज में संवेदनशीलता एवं सहयोग की भावना को बढ़ावा देने का प्रभावी माध्यम है।कार्यक्रम में ग्राम प्रधान नीलम सिंह, ग्राम विकास अधिकारी शिवेंद्र सिंह, विद्यालय के प्रधानाध्यापक अबशारुल मेराज जाफरी, सहायक अध्यापक राज भरत राजभर, जय सिंह यादव, शिखा सिंह, मंगेशलता, शिक्षामित्र शिव सागर एवं सीता सिंह एवं ग्राम के अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# विहिप ने खंड स्तर पर मनाया स्थापना दिवस



**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) की ओर से प्रखंड जयसिंहपुर में खंड स्तर पर संगठन का 62वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान सरैया खंड के मुंगरे स्थित हनुमान मंदिर और महमूदपुर सेमरी खंड के सेमरी बाजार स्थित हनुमानगढ़ी में कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर की गई।

पहला कार्यक्रम सुबह 10 बजे मुंगरे स्थित हनुमान मंदिर में हुआ। इसके बाद दोपहर 1 बजे सेमरी बाजार स्थित हनुमानगढ़ी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रखंड मंत्री आलोक ने कार्यक्रम का संचालन किया। उन्होंने कहा कि विहिप की स्थापना कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर हुई थी और संगठन के 62 वर्ष पूरे हो चुके हैं। उन्होंने कार्यकताओं से संगठन के उद्देश्यों के अनुरूप काम करने और आपसी सहयोग की भावना को मजबूत करने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता एवं प्रखंड अध्यक्ष अशोक ने कहा कि विहिप देश के विभिन्न गांवों और कस्बों में सामाजिक एवं सेवा गतिविधियों के माध्यम से काम कर रहा है। उन्होंने छात्रावास, विद्यालय और स्वास्थ्य से जुड़ी सेवा परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए सामाजिक जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता, स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को बढ़ावा देने और युवाओं से जुड़े सामाजिक विषयों पर जन-जागरूकता अभियान चलाने की बात कही।

कार्यक्रम के समापन पर कार्यकताओं ने संगठन की गतिविधियों को प्रभावी बनाने, समाजसेवा और देशहित में सक्रिय भूमिका निभाने का सामूहिक संकल्प लिया। इस दौरान विहिप के मूल मंत्र ह्यमम दीक्षा हिन्दू रक्षा, मम मंत्र समानताह्ण का उल्लेख किया गया। कार्यक्रम में बजरंग दल सहसंयोजक यशदीप, प्रखंड धर्म प्रसार प्रमुख संतोष, प्रखंड अर्चक-पुरोहित प्रमुख शुभम, प्रखंड मिलन केंद्र प्रमुख शिवाजी, अमिष, पंकज, गौरव, आशुतोष, ब्रह्मदिन, सूरज, सत्यम, राज, रमेश, अर्पित, चंद्रभान, विकास सोनी सहित अन्य कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं ने सौंपा ज्ञापन



**मिल्कीपुर-अयोध्या।** संयुक्त मोर्चा बाल विकास परियोजना अमानीगंज की ब्लॉक अध्यक्ष रानी सिंह के नेतृत्व में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं ने बुधवार 9 सितंबर को डीएमअयोध्या को संबोधित ज्ञापन बीडीओ अमानीगंज को सौंपा। इस दौरान कार्यकत्रियों ने मानदेय में सम्मानजनक वृद्धि किए जाने की मांग उठाई। ज्ञापन में कहा गया कि मंगलवार 8 सितंबर को अयोध्या में आयोजित आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिका सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री योगी ने मानदेय वृद्धि की घोषणा की थी। घोषित वृद्धि में 1500 रुपये मानदेय और 2500 रुपये प्रोत्साहन राशि जोड़कर कुल 4000 रुपये की वृद्धि बताई गई है। कार्यकत्रियों का कहना है कि प्रोत्साहन राशि सशर्त होने के कारण इससे उन्हें अपेक्षित आर्थिक राहत नहीं मिलेगी। इसी को लेकर कार्यकत्रियों में निराशा व्याप्त है।

कार्यकत्रियों ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां और सहायिकाएं बच्चों के पोषण, टीकाकरण, स्वास्थ्य परीक्षण, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं की देखभाल, पोषण ट्रैकर पर फीडिंग, टेक होम राशन वितरण सहित दर्जनों महत्वपूर्ण सरकारी योजनाओं के संचालन में अहम जिम्मेदारी निभाती हैं। सुबह से शाम तक केंद्र संचालन और घर-घर भ्रमण के बावजूद बढ़ती महंगाई में वर्तमान मानदेय से परिवार का भरण-पोषण करना कठिन हो गया है। ब्लॉक अध्यक्ष रानी सिंह ने कहा कि सरकार हमसे कुपोषण मुक्त समाज बनाने की अपेक्षा करती है, लेकिन जो कुपोषण दूर कर रही हैं, उन्हीं की आर्थिक स्थिति बदहाल है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने जो घोषणा की है, उसका सम्मान करते हुए मानदेय को सम्मानजनक किया जाए। 2500 रुपये की पीएलआई को फिक्स मानदेय में जोड़ा जाए ताकि हर कार्यकत्री को पूरा लाभ मिल सके। साथ ही साड़ी के लिए दी गई राशि भी पर्याप्त नहीं है। संयुक्त मोर्चा बाल विकास परियोजना प्रदेश अध्यक्ष कमलेश्वरी मिश्रा ने कहा मुख्यमंत्री के सभी वादे झूठे हैं। उन्होंने आंगनबाड़ी बहनों को जुमला देकर मानदेय के जगह इन्हें पीएल आई दिया। पीएलआई में अगर ये काम करेगी तो इन्हें पैसा मिलेगा। इस मौके पर सोनू पांडे, कुमकुम सिंह, स्नेहलता, आशा देवी, सुनीता देवी, रेखा कुमारी, बिंदु, लीलावती, सरोज, उर्मिला, कलावती, अनीता मौर्या, प्रेम कुमारी, सावित्री, दुर्गावती, पूनम सिंह आदि मौजूद रहीं।

## आकर्षण का केंद्र बनेगा गुलाबबाड़ी पार्क, चल रहा क्कायाकल्प

**अयोध्या।** सीएम योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप अयोध्या में पर्यटन विकास को नई रफ्तार देते हुए ऐतिहासिक गुलाबबाड़ी पार्क का व्यापक कायाकल्प किया जा रहा है। पर्यटन विभाग और श्रीअयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद की पहल पर लगभग 2.98 करोड़ की लागत से पार्क में आधुनिक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। आचार्य नरेंद्र देव क्षेत्र स्थित इस पार्क को नया रूप देने के लिए टेराकोटा फ्लोरिंग, लैंडस्केपिंग, बच्चों के खेल क्षेत्र, ओपन जिम, म्यूरल वॉल, स्टोन बेंच व पेयजल व्यवस्था जैसी सुविधाएं जोड़ी जा रही हैं। अगर सब कुछ सही रहा तो 2026 की पहली शाम का आनंद गुलाबबाड़ी पार्क में लोगों को उठने का मौका मिलेगा। गुलाबबाड़ी अवध के तीसरे नवाब शुजा-उद-दौला का मकबरा व चारबाग शैली का ऐतिहासिक परिसर है, जहां पहले गुलाबों के बगीचे, फव्वारे और पानी की नहरें थीं। यह पुरातत्व विभाग के संरक्षण में है। एएसआई की अनुमति मिलने के बाद सुंदरीकरण का काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। परियोजना में पाथवे निर्माण, बाउंड्री वॉल की मरम्मत व पेंटिंग, क्लैडिंग, ग्रिल पेंटिंग, हॉर्टिकल्चर, आकर्षक लाइटिंग, बैठने की व्यवस्था, बच्चों के लिए झूले-स्लाइडर तथा युवाओं के लिए ओपन जिम शामिल हैं। पश्चिम दिशा का झाड़ियों से भरा क्षेत्र भी साफ कर मनोरंजन योग्य बनाया जा रहा है। यह परियोजना मुख्यमंत्री के नेतृत्व में अयोध्या को वैश्विक पर्यटन केंद्र बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ऐतिहासिक धरोहर को संरक्षित करते हुए आधुनिक सुविधाएं जोड़ने से न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय निवासियों को बेहतर मनोरंजन व स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। काम पूरा होने के बाद गुलाबबाड़ी पार्क शहर का प्रमुख आकर्षण केंद्र बनेगा।

# शिक्षकों के सम्मान से ही मजबूत होगा शिक्षा का आधार



**अयोध्या।** सपा की ओर से जिला कार्यालय लोहिया भवन, गुलाबबाड़ी में समाजवादी शिक्षक रत्न सम्मान समारोह-2026 का आयोजन किया गया। समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अयोध्या सांसद अवधेश प्रसाद रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा निवर्तमान जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव ने की। सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि शिक्षक समाज और राष्ट्र निर्माण की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। शिक्षक का सम्मान केवल एक व्यक्ति का सम्मान नहीं, बल्कि ज्ञान, शिक्षा और आने वाली पीढ़ी का सम्मान है। समाजवादी पार्टी की सरकार ने हमेशा शिक्षकों और शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में काम किया है।

उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली सपा सरकार में शिक्षा मित्रों की लंबे समय से चली आ रही समस्याओं के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। वर्ष 2014 में 1.72 लाख शिक्षामित्रों को सहायक अध्यापक के रूप में समायोजित करने की प्रक्रिया शुरू की गई तथा पहले चरण में 58 हजार प्रशिक्षित शिक्षामित्रों की तैनाती का आदेश हुआ। बाद में न्यायालय के निर्णय के चलते समायोजन निरस्त हुआ, लेकिन समाजवादी पार्टी आज भी शिक्षकों और शिक्षामित्रों के सम्मान एवं अधिकारों की आवाज मजबूती से उठा रही है। सांसद ने कहा कि सपा सरकार ने शिक्षा को आधुनिक तकनीक से जोड़ने के लिए सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों को लैपटॉप उपलब्ध कराने की पहल की। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षा से जोड़ना और उन्हें बदलती तकनीकी दुनिया के लिए तैयार करना था। शिक्षक एमएलसी प्रत्याशी कमलेश यादव ने कहा कि शिक्षक समाज हमेशा राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है, लेकिन आज शिक्षकों के सामने अनेक समस्याएं हैं। शिक्षकों की समस्याओं का समाधान केवल आश्वासन से नहीं, बल्कि उनके पक्ष में मजबूती से आवाज उठाने से होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षक हितों, पुरानी पेंशन, शिक्षकों की सेवा संबंधी समस्याओं, शिक्षामित्रों एवं अन्य शिक्षाकर्मियों के अधिकारों को लेकर वह लगातार संघर्ष करेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज का सम्मान और अधिकार सुरक्षित रहना चाहिए। शिक्षकों की आवाज को सदन तक मजबूती से पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सपा निवर्तमान जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि सपा ने हमेशा शिक्षा, शिक्षक और युवाओं के हित में काम किया है। शिक्षक समाज को सम्मान देना समाजवादी विचारधारा की प्राथमिकता रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के सम्मान के बिना मजबूत और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता इस बात की है कि शिक्षकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना जाए और उनका सम्मानजनक समाधान कराया जाए। सपा शिक्षक, शिक्षामित्र और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े सभी वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष करती रहेगी। उन्होंने सम्मानित होने वाले सभी शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि उनका योगदान समाज के लिए प्रेरणादायी है। सपा के निवर्तमान प्रवक्ता लवलेश पांडेय ने बताया कि कार्यक्रम के आयोजक मंडल छोटेलाल यादव, बाबू राम गौड़ एवं डॉ. प्रशांत कुमार प्रजापति रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता में वर्तमान जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव और संचालन नि0 महासचिव बख्तियार खान ने किया।

# देवी-देवताओं के स्वरूप में नृत्य पर रोक की मांग



**सुलतानपुर (वीओएल)।** धार्मिक आयोजनों में देवी-देवताओं के स्वरूप धारण कर किए जाने वाले नृत्य और आपत्तिजनक झांकियों पर रोक लगाने की मांग को लेकर बुधवार को कटका क्लब सामाजिक संस्था ने मुख्यमंत्री के नाम सिटी मजिस्ट्रेट प्रीति जैन को ज्ञापन सौंपा। संस्था अध्यक्ष डॉ. सौरभ मिश्र ह्यविनम्रह्ण के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने धार्मिक प्रतीकों की गरिमा और आस्था की मयार्दा बनाए रखने के लिए प्रभावी प्रशासनिक व्यवस्था की मांग की। डॉ. सौरभ मिश्र ने कहा कि धार्मिक आयोजनों में देवी-देवताओं के स्वरूप में किए जाने वाले कुछ नृत्य और प्रदर्शनों से लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हो सकती हैं। इसलिए आयोजकों को धार्मिक स्वरूप और प्रतीकों की मयार्दा का ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने ऐसे आयोजनों के लिए स्पष्ट नियम बनाए जाने की आवश्यकता जताई। ज्ञापन में देवी-देवताओं के भेष में सार्वजनिक नृत्य और आपत्तिजनक प्रदर्शन पर रोक लगाने, नियम तोड़ने वाले आयोजकों व संबंधित लोगों पर कानून के अनुसार कार्रवाई करने की मांग की गई। साथ ही जिलाधिकारियों और पुलिस अधिकारियों को ऐसे आयोजनों की निगरानी तथा शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश जारी करने की मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल में कथा वाचक शनि मिश्र, प्रांजल मिश्र, बृजेंद्र मिश्र, मोनू यादव, धीरेन्द्र कुमार, महेंद्र सिंह, शिव कुमार और शिवाकांत यादव शामिल रहे।

## दुकान में सेंध मारकर हजारों का सामान व नकदी चोरी

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** बरौंसा बाजार में मंगलवार रात चोरों ने एक किराना दुकान को निशाना बनाया। दुकान के पीछे लगे लकड़ी के दरवाजे को तोड़कर अंदर घुसे चोर करीब 40 हजार रुपये कीमत का सामान और 15 हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गए। बुधवार सुबह दुकान खोलने पहुंचे व्यापारी को घटना की जानकारी हुई। मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जयसिंहपुर कस्बा निवासी मनीष की बिरसिंहपुर रोड स्थित बरौंसा बाजार में किराने की दुकान है। मंगलवार शाम वह रोज की तरह दुकान बंद कर घर चले गए थे। रात में अज्ञात चोर दुकान के पीछे लगे लकड़ी के दरवाजे को तोड़कर अंदर दाखिल हुए और दुकान में रखा सामान व नकदी समेट ले गए। बुधवार सुबह करीब 10 बजे मनीष दुकान पर पहुंचे तो पीछे का दरवाजा टूटा मिला। अंदर सामान बिखरा पड़ा था और नकदी भी गायब थी। इसके बाद उन्होंने जयसिंहपुर कोतवाली में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। चैकी प्रभारी गुलाब चंद्र पाल ने बताया कि दुकान का पिछला लकड़ी का दरवाजा पहले से सड़ा हुआ था। फिलहाल घटना के संबंध में आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की जा रही है। पुलिस चोरों की पहचान और घटना के अन्य पहलुओं की पड़ताल में जुटी है।

## धान की फसल में रोग-कीट नियंत्रण की दी जानकारी

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** इफको बाजार जयसिंहपुर में बुधवार को किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें किसानों को धान की फसल में रोग और कीट नियंत्रण के साथ ही नैनो उर्वरकों के प्रयोग और कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करने की जानकारी दी गई। गोष्ठी में इफको एमसी के क्षेत्रीय प्रबंधक उपेंद्र नाथ वर्मा ने किसानों को खरीफ सीजन में धान की फसल में लगने वाले प्रमुख रोगों और कीटों की पहचान तथा उनके प्रभावी नियंत्रण की जानकारी दी। उन्होंने इफको की ओर से चलाए जा रहे जागरूकता अभियानों और विभिन्न योजनाओं के बारे में भी किसानों को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि संतुलित तरीके से कृषि लागत कम कर किसान अपनी आमदनी बढ़ा सकते हैं। एसएफए अर्पित वर्मा ने नैनो उर्वरकों के प्रयोग की विधि और उसके लाभ के बारे में किसानों को जानकारी दी। उन्होंने इफको के अन्य कृषि उत्पादों के उपयोग के बारे में भी बताया। साथ ही आगामी रबी सीजन की फसलों में नैनो डीएपी के प्रयोग और उसकी उपयोगिता की जानकारी किसानों को दी गई। इफको एमसी के क्षेत्र प्रतिनिधि आशीष सिंह ने धान की फसल में रोग-कीट नियंत्रण के लिए उपयुक्त कीटनाशक दवाओं के चयन और उनके प्रयोग की जानकारी दी। गोष्ठी में इफको बाजार प्रभारी अमित कुमार मिश्रा और सहायक चंदन कुमार भी मौजूद रहे। इस दौरान एक दर्जन से अधिक किसानों ने भाग लिया। किसानों ने फसल प्रबंधन, उर्वरक और कीटनाशकों के संतुलित प्रयोग से जुड़े सवाल पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने समाधान बताया।

## वॉलीबॉल में सुल्तानपुर का दबदबा सीनियर वर्ग में हॉस्टल को दी मात



**सुलतानपुर (वीओएल)।** मंडल स्तरीय विद्यालयी बालिका वॉलीबॉल प्रतियोगिता मधुसूदन विद्यालय इंटर कालेज सुल्तानपुर के संयोजन में संपन्न हुई, जिले के पंत स्पोर्ट स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता का उद्घाटन मधुसूदन विद्यालय इंटर कॉलेज के प्रबंधक अभय कुमार पांडेय एवं क्रीड़ा सचिव दिलीप सिंह ने किया। प्रतियोगिता में अंबेडकरनगर, अयोध्या, सुल्तानपुर की टीमों ने प्रतिभाग किया। सब जूनियर वर्ग में सुलतानपुर ने अंबेडकरनगर को तीन सेटों के मुकाबले में 2-0 से जीत दर्ज की और फाइनल मुकाबला अयोध्या और सुल्तानपुर के बीच खेला गया जिसमें सुल्तानपुर ने 2-0 से खिताब पर कब्जा जमाया स जूनियर संवर्ग का फाइनल मुकाबला अयोध्या और सुल्तानपुर के बीच खेला गया जिसमें तीन सेटों के मुकाबले में अयोध्या ने 2-1 से जीत दर्ज की स सीनियर संवर्ग का फाइनल मुकाबला अयोध्या और सुल्तानपुर के बीच हुआ जिसमें संघर्षपूर्ण मुकाबले में सुल्तानपुर ने बढ़िया खेल प्रदर्शन करते हुए 2-1 से जीत दर्ज की स निर्णायक स्टेडियम कोच प्रदीप यादव सुमन यादव शशि रही प्रतियोगिता का संचालन एवं व्यवस्था में सुरेश कुमार यादव प्रदीप कुमार मौर्य रहे। समापन के अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक सूर्य प्रकाश सिंह एवं सह जिला विद्यालय निरीक्षक जटा शंकर यादव ने विजेता एवं उपविजेता को मोमेंटो एवं मेडल देकर पुरस्कृत किया महिला वर्ग की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 24 से 27 सितंबर के मध्य प्रयागराज में संपन्न होगा स इस अवसर पर सुरेश यादव सुमन यादव खेल प्रवक्ता राजेश कन्नौजिया प्रदीप मौर्य मुनेन्द्र मिश्र प्रमेंद्र सिंह श्रद्धा त्रिपाठी प्रिया शशि मौर्य, लाल चंद, शशि सिंह, घनश्याम सिंह सहित खिलाड़ी व प्रशिक्षक मौजूद रहे। प्रधानाचार्य सच्चिदानंद मिश्रा ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी।

## योग से मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का दिया प्रशिक्षण

**सुलतानपुर (वीओएल)।** जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान में बुधवार को सक्षम प्रशिक्षण के अंतर्गत जनपद के विभिन्न प्राथमिक विद्यालयों से आए प्रधानाध्यापकों को मानसिक स्वास्थ्य और उसमें योग की भूमिका विषय पर सैद्धांतिक चर्चा के साथ प्रायोगिक योग प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर योग सुनील दत्त तिवारी ने कहा कि पहला सुख निरोगी काया और स्वस्थ जीवन के लिए योग सशक्त माध्यम है। उन्होंने योग के महत्व, स्वास्थ्य तथा विशेष रूप से मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने में योग की भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण में मानसिक स्वास्थ्य के लिए उपयोगी विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया गया। इसमें मुख्य रूप से ताड़ासन और तिर्यक ताड़ासन के साथ अनुलोम-विलोम, भ्रामरी और शीतकारी प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। इसके बाद प्रतिभागियों को हास्यासन भी कराया गया।

संक्षेप

## पेंशनरों के खातों में पहुंची अप्रैल-जून की पेंशन

**देवरिया।** जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधीर पाण्डेय ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत 60 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके पात्र लाभार्थियों को 1,000 रुपये प्रतिमाह की दर से पेंशन की धनराशि उनके आधार लिंक बैंक खाते में भेजी जाती है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 से वृद्धावस्था पेंशन का भुगतान नवीन प्रणाली एसएनए स्पर्श के माध्यम से किया जा रहा है। इस प्रणाली के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में पेंशन प्राप्त कर चुके लाभार्थियों को वित्तीय वर्ष 2026-27 की प्रथम किस्त के रूप में अप्रैल, मई एवं जून 2026 की पेंशन की कुल 3,000 रुपये की धनराशि उनके खातों में भेजी गई है। उन्होंने बताया कि 60 से 79 वर्ष आयु वर्ग के कुछ लाभार्थियों के खातों में भारत सरकार की ओर से 2,400 रुपये तथा राज्य सरकार की ओर से 600 रुपये, कुल 3,000 रुपये की धनराशि अलग-अलग भेजी गई है। वहीं, 80 वर्ष या उससे अधिक आयु के लाभार्थियों के खातों में भारत सरकार एवं राज्य सरकार की ओर से 1,500-1,500 रुपये, कुल 3,000 रुपये की धनराशि भेजी गई है। कुछ लाभार्थियों के खातों में 3,000 रुपये की एकमुश्त धनराशि भी प्रेषित की गई है। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने संबंधित पेंशन लाभार्थियों से अपने एनपीसीआई से लिंक बैंक खाते की जांच कर पेंशन की धनराशि प्राप्त होने की पुष्टि करने की अपील की है।

## विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों को एलिम्को मापन कैम्प में प्रतिभाग करायें

**कुशीनगर।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि समग्र शिक्षा अभियान के अन्तर्गत समेकित शिक्षा योजना के तहत एलिम्को, कानपुर के सहयोग से विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों को आवश्यक सहायक उपकरण/यंत्र उपलब्ध कराने हेतु मापन एवं वितरण कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विकास खण्ड हाटा के बीआरसी हाटा (उच्च प्राथमिक विद्यालय हाटा) में 11 सितम्बर को तथा विकास खण्ड कप्तानगंज के बीआरसी कप्तानगंज (उच्च प्राथमिक विद्यालय कप्तानगंज) में 12 सितम्बर को पहचान/मापन शिविर आयोजित किया जाएगा। मापन के उपरान्त उपकरण वितरण शिविर क्रमशः 27 नवम्बर एवं 28 नवम्बर को आयोजित होंगे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि शिविर में शारीरिक, बौद्धिक, दृष्टि एवं वाक्-श्रवण दिव्यांगता वाले बच्चों को लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने हाटा एवं कप्तानगंज विकास खण्ड के स्पेशल एजुकेटर्स एवं फिजियोथेरेपिस्ट को निर्देशित किया है कि अपने-अपने क्षेत्र के को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केन्द्र/बाल वाटिका तथा बेसिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत संचालित शासकीय व सहायता प्राप्त विद्यालयों में अध्ययनरत संबंधित दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों से सम्पर्क कर व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें। शिविर में प्रतिभाग करने वाले बच्चों के अभिभावकों को निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र, दिव्यांगता प्रमाण पत्र तथा दिव्यांगता प्रदर्शित करने वाले दो फोटो की छायाप्रति एवं मूल प्रमाण पत्र साथ लाना होगा। संबंधित बच्चों को भी निर्धारित तिथि एवं स्थल पर उपस्थित कराना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि शिविर में पात्र लाभार्थी बच्चों का ऑनलाइन डाटा इन्ट्री का कार्य स्पेशल एजुकेटर्स एवं फिजियोथेरेपिस्ट द्वारा किया जाएगा।

# कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में हुआ जागरूकता कार्यक्रम




जिला संवाददाता (vol)

**कुशीनगर।** शासन की मंशा के अनुरूप जिलाधिकारी एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी के निदेशानुसार बुधवारा को हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन, कुशीनगर के तत्वावधान में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, जौरा बाजार, फाजिलनगर में जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डिस्ट्रीक्ट मिशन कोआर्डिनेटर नलिन सिंह द्वारा की गई।

कार्यक्रम के दौरान नलिन सिंह ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं यथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, आयुष्मान गोल्डन कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन आदि योजनाओं की विस्तार से जानकारी देते हुए पात्रता एवं योजना का लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में बताया। जेंडर स्पेशलिस्ट श्रीमती प्रीती सिंह द्वारा महिला एवं बालिकाओं की सुरक्षा से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, वन स्टॉप सेंटर-181, महिला हेल्पलाइन-1090, 112, 108 एवं 102 के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने हेल्पलाइन नंबरों की उपयोगिता एवं आवश्यकता पड़ने पर इनके माध्यम से सहायता प्राप्त करने के संबंध में छात्राओं को जागरूक किया। इसी क्रम में श्रीमती वंदना कुशवाहा द्वारा बाल विवाह एवं दहेज प्रथा पर चर्चा करते हुए इनके सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में छात्राओं को जानकारी दी गई तथा बाल विवाह एवं दहेज जैसी कुरीतियों के विरुद्ध जागरूक एवं सजग रहने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम के दौरान अमन मिश्रा, असिस्टेंट अकाउंटेंट द्वारा विभागीय योजनाओं एवं हेल्पलाइन नंबरों से संबंधित पम्पलेट वितरित किए गए, साथ ही पात्र लाभार्थियों को शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने एवं पात्र व्यक्तियों को लाभ दिलाने में सहयोग करने का अनुरोध किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की वार्डेन श्रीमती लक्ष्मी पाठक सहित शिक्षिकाएं रवीना सागर, रंजना गौड़, अनीता, गायत्री, कैलाशी देवी एवं दीपिका तथा विद्यालय की सैकड़ों छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की छात्राओं द्वारा बाल विवाह एवं दहेज प्रथा के दुष्प्रभावों पर आधारित नाटक प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को जागरूक किया गया।

## 5 लाख के ऋण से शुरू किया बेकरी कारोबार अब खुद बने आत्मनिर्भर और दे रहे रोजगार

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से संचालित मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान युवाओं के लिए रोजगार और आत्मनिर्भरता का मजबूत माध्यम बन रहा है। योजना का लाभ लेकर देवरिया के उपेंद्र सिंह ने अपना बेकरी व्यवसाय स्थापित कर स्वरोजगार की राह अपनाई है। आज वह स्वयं आत्मनिर्भर बनने के साथ ही एक अन्य व्यक्ति को भी रोजगार उपलब्ध करा रहे हैं। कोतवाली रोड, देवरिया निवासी उपेंद्र सिंह पुत्र श्री रविन्द्र सिंह ने इंटरमीडिएट तक शिक्षा प्राप्त की है।

उन्होंने बताया कि उन्हें मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की जानकारी सोशल नेटवर्किंग के माध्यम से मिली। योजना की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने बेकरी शॉप स्थापित करने के लिए ?5 लाख के ऋण हेतु आवेदन किया। आवेदन स्वीकृत होने के बाद पंजाब नेशनल बैंक, सिविल लाइन, देवरिया द्वारा उन्हें ?5 लाख का ऋण उपलब्ध कराया गया। ऋण प्राप्त होने के बाद उपेंद्र सिंह ने हृधर्मेन्द्र बेकरीह्व नाम से अपना बेकरी व्यवसाय शुरू किया। वर्तमान में वह केक, पेस्ट्री एवं अन्य बेकरी उत्पादों का निर्माण एवं विक्रय कर रहे हैं। व्यवसाय के सफल संचालन से उन्हें प्रतिमाह लगभग ?25,000 की आय हो रही है। साथ ही, उन्होंने अपने प्रतिष्ठान में एक व्यक्ति को रोजगार भी प्रदान किया है। उपेंद्र सिंह बताते हैं कि योजना का लाभ मिलने से पहले वह एक बेकरी शॉप पर नौकरी करते थे। स्वयं का व्यवसाय स्थापित करने का अवसर मिलने के बाद अब वह अपने पैरों पर खड़े होकर आत्मनिर्भर जीवन व्यतीत कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान ने उन्हें अपना व्यवसाय शुरू करने और अपने हुनर को रोजगार का माध्यम बनाने का अवसर प्रदान किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की इस योजना से उन्हें स्वरोजगार स्थापित करने के लिए आर्थिक सहयोग मिला। उन्होंने कहा, मैं मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी का हृदय से आभारी हूं, जिन्होंने युवाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए ऐसी योजनाएं संचालित की हैं। योजना का लाभ लेकर मैंने अपना व्यवसाय स्थापित किया है। आज मैं स्वयं आत्मनिर्भर बनने के साथ ही एक व्यक्ति को रोजगार भी दे पा रहा हूं। इसके लिए मैं प्रदेश सरकार एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करता हूं।

## चाक वितरण को लेकर अफसरों ने किया साक्षात्कार



**कसया, कुशीनगर।** खादी ग्रामोद्योग अधिकारियों के नेतृत्व में खादी ग्रामोद्योग माटी कला बोर्ड द्वारा मंगलवार को जिला मुख्यालय विकास भवन में प्रजापति समाज के लिए चाक वितरण को लेकर अधिकारियों ने साक्षात्कार कर पात्रों को चिन्हित किया। साक्षात्कार में अखिल भारतीय प्रजापति कुम्हकार महासंघ की प्रदेश अध्यक्ष एवं वृंदावन महिला उत्थान सेवा समिति सशक्त नारी परिषद की अध्यक्ष वृन्दा प्रजापति कोषाध्यक्ष सीमा भारती भी महिलाओं की टीम के साथ उपस्थित रहीं। महासंघ की अध्यक्ष श्रीमती प्रजापति ने कहा कि मेरा उद्देश्य है महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना। खादी ग्रामोद्योग द्वारा महिलाओं एवं पुरुषों के लिए बहुत सारी योजनाएं संचालित हैं। वह योजनाओं को महिलाओं के बीच ले जाकर महिलाओं को सशक्त और स्वावलंबी बनाने का काम करती हैं। महिलाओं को समाज में किस तरह हर क्षेत्र में आगे आना चाहिए यह उन्हें बतायी जाती है। वह अपने समाज की महिलाओं को आगे लाकर खादी ग्रामोद्योग द्वारा उन्हें रोजगार के लिए छोटे छोटे लोन, समूह बनवाकर बचत करने का काम संस्था द्वारा कर रहीं है। घर बैठी हुई महिलाओं को मिट्टी का कार्य करने के लिए प्रेरित करते हैं। महिलाएं अब मिट्टी का दिया, चाय कुल्हड़ बनाना सीख गई हैं। अब वह अपना घर चलाने में सुचारू रूप से सहयोग कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि अगर महिलाएं ज्यादा पढ़ी-लिखी नहीं है तो भी वह अपना काम सही तरीके से कर सकती हैं, बस उनके अंदर काम करने का हौसला, हिम्मत और मजबूत इरादे होनी चाहिए। कला किसी की मोहताज नहीं होती है। महिलाओं को बस प्रोत्साहित करने की जरुरत है। घर बैठकर भी महिलाएं स्वरोजगार के रूप में कर सकती हैं।

## मुसहर बस्तियों में कैम्प लगाकर शासन की योजनाओं से किया जा रहा आच्छादित

**कुशीनगर।** जनपद की 43 मुसहर बस्तियों में निवास करने वाले मुसहर परिवारों एवं उनके प्रत्येक पात्र सदस्य को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित करने के उद्देश्य से 07 सितम्बर से 18 सितम्बर तक विशेष कैम्प आयोजित किए जा रहे हैं। इसके लिए मुख्य विकास अधिकारी, द्वारा कैम्प आयोजन का रोस्टर जारी किया गया है। जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी शरण कुमार ने उक्त की जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम चरण में जनपद की 43 मुसहर बस्तियों में निवासरत लगभग 5,578 परिवारों के 24,105 सदस्यों में से विभिन्न योजनाओं के लाभ से वंचित परिवारों एवं सदस्यों को चिन्हित कर पात्रतानुसार योजनाओं का लाभ दिलाने की कार्रवाई की जा रही है। कैम्प में प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, स्वयं सहायता समूह, जॉब कार्ड, व्यक्तिगत शौचालय, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, विद्युत संयोजन, हर घर जल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, आयुष्मान कार्ड, टीकाकरण, जननी सुरक्षा योजना, वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ, शादी अनुदान, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, आंगनबाड़ी पुष्टाहार, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, श्रम कार्ड, संत रविदास प्रोत्साहन योजना एवं विद्यालयों में बच्चों का नामांकन सहित अन्य योजनाओं से पात्र लाभार्थियों को जोड़ा जा रहा है। उन्होंने बताया कि रोस्टर के अनुसार 07 सितम्बर को विकास खण्ड कसया के ग्राम पंचायत अन्धया, फाजिलनगर के रहसू जनूबी पट्टी, तमकुही के डिबनी बंजरवा, सेवरही के दोमाठ, दुदही के सोरहवा, विशुनपुरा के जंगल सिंघापट्टी, पडरौना के जंगल नाहर छपरा (बड़ा सेमरहना), खड्डा के शिवपुर तथा रामकोला के कुसम्हा की मुसहर बस्तियों में कैम्प आयोजित किए गए। वहीं 08 सितम्बर को कसया के मैनपुर, फाजिलनगर के बनकटा बाजार, तमकुही के बरवा राजापाकड़, सेवरही के गाजीपुर, दुदही के चाफ, विशुनपुरा के जंगल शाहपुर, पडरौना के सखवनिया बुजुर्ग तथा खड्डा के भगवानपुर की मुसहर बस्तियों में कैम्प आयोजित किए गए। प्रत्येक मुसहर बस्ती के लिए जनपद स्तर से नोडल अधिकारी नामित किए गए हैं।

# जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावी बनाने के दिये निर्देश



**देवरिया।** डीएम मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित हुई। डीएम ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि सभी स्वास्थ्य योजनाओं का प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचे तथा जनपद में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सके। डीएम ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्य में रुचि न लेने अथवा लगातार लापरवाही बरतने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के विरुद्ध निष्कासन की प्रक्रिया प्रारंभ की जाए। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने कार्य व्यवहार में सुधार लाते हुए दायित्वों का पूरी निष्ठा एवं मनोयोग से निर्वहन करें।

उन्होंने बीएचएसएनडी सत्रों का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने तथा निर्धारित रोस्टर के अनुसार स्वास्थ्य कर्मियों की नियमित उपस्थिति के निर्देश दिए। आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गांवों में नियमित होम विजिट कर लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं एवं योजनाओं के प्रति जागरूक करे। डीएम ने जनपद में प्रत्येक मातृ एवं शिशु मृत्यु का अनिवार्य रूप से ऑडिट कराने तथा उसके कारणों एवं कमियों का विश्लेषण कर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने 3ए यानि आशा ऑगनवाडी, एएनएम के कार्यो का प्रभावी अनुश्रवण किये जाने के निर्देश दिए गए। बीएचएसएनडी सत्रों के लिए आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि इस माह किसी भी आंगनबाड़ी केंद्र पर उपकरणों का अभाव नहीं होना चाहिए। कमी पाए जाने पर संबंधित एमओआईसी एवं खंड विकास अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। डीएम ने आभा आईडी जनरेशन में तेजी लाने तथा जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम सहित सभी स्वास्थ्य योजनाओं के लक्ष्यों की समयबद्ध एवं शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में सीएमओ, एसीएमओ, डिप्टी सीएमसो सहित संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## सिविल जज सीड ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण, दिये आवश्यक दिशा निर्देश

**देवरिया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, के तत्वावधान में माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री धनेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया श्रीमती अर्चना-द्वितीय द्वारा निरूद्ध कैदियों के रिहाई हेतु जिला कारागार देवरिया का निरीक्षण किया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा कारागार के पाकशाला का निरीक्षण कर मानक के अनुसार भोजन देने हेतु निर्देशित किया गया। न्यायाधीश द्वारा कारागार चिकित्सालय का निरीक्षण कर बन्दियों से व्यक्तिगत मिलकर उनकी समस्या के निदान हेतु कारागार अधीक्षक को विशेष दिशा-निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान न्यायाधीश के द्वारा ऐसे बन्दी जिनकी जमानत माननीय न्यायालय से हो चुकी है परन्तु जमानतदार के अभाव में कारागार में निरूद्ध है उसके संबंध में अधीक्षक जिला कारागार देवरिया को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उन्होंने वृद्ध बंदियों एवं असाध्य रूप से बीमार बंदियों तथा महिला बैरक में निरुद्ध महिलाओं के साथ रहने वाले बच्चों को आवश्कता पड़ने पर चिकित्सीय सुविधा तत्काल प्रदान करने हेतु विशेष निर्देश दिया गया। इस निरीक्षण में मुख्य रूप से जिला कारागार अधीक्षक आशीष रंजन, कारापाल राजकुमार वर्मा व जेल वार्डन उपस्थित रहे।

## ट्रेन में झपट्टा मारकर चोरी करने वाला चोर आभूषण के साथ गिरफ्तार

**भटनी (देवरिया)।** स्थानीय राजकीय रेलवे पुलिस ने ट्रेन में झपट्टा मारकर चोरी करने एक चोर को चोरी के आभूषण के साथ किया गिरफ्तार। जीआरपी थाना भटनी क्षेत्र के भाटपाररानी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या-2 थाना प्रभारी राजेश कुमार पाण्डेय उपनिरीक्षक आलोक सिंह पटेल आरक्षी चन्द्रप्रकाश गुप्ता जितेंद्र चौधरी भाटपाररानी रेलवे स्टेशन की जाँच कर रहे थे ।उसी समय संदिग्ध व्यक्ति पुलिस के हाथ लग गया ।पुछताछ के दौरान अपना नाम सत्येन्द्र सिंहकुशवाहा पुत्र सुदामा सिंह कुशवाहा ग्रामचाँदपाली शिवपुरी थाना जीरादेई जनपद सीवान बिहार का निवासी बताया ।तलाशी के दौरान ट्रेन में छपट्टामार कर चोरी का पीली धातु का आभूषण जिसकी कीमत 10 हजार रुपया बयायी गयी है । जी आर पी थाने मे गिरफ्तार व्यक्ति के विरुद्ध अन्तर्गत मुखदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही कर रही है ।

# जनपद देवरिया में 9वें राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारम्भ




**देवरिया।** जनपद देवरिया में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा 9वें राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारम्भ आज किया गया। राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन *09 सितम्बर से 08 अक्टूबर, तक किया जा रहा है। इस वर्ष की मुख्य थीम हमारी आंगनवाड़ी, हमारी जिम्मेदारी है । कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने पोषण, स्वास्थ्य एवं बाल विकास के क्षेत्र में सामुदायिक सहभागिता की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम के माध्यम से गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं, बच्चों एवं उनके परिवारों को संतुलित आहार, पर्याप्त प्रोटीन, स्वच्छता तथा स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी आदिश मिश्रा ने बताया कि राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान जनपद की आंगनवाड़ी केन्द्रों पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इन गतिविधियों का उद्देश्य पोषण सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार, कुपोषण की रोकथाम तथा बच्चों के समग्र विकास के लिए समुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है।

उन्होंने बताया कि पोषण माह के दौरान स्थानीय एवं सुलभ खाद्य पदार्थों से पौष्टिक व्यंजन प्रदर्शन, पोषण मेला, प्रोटीनयुक्त आहार के प्रति जागरूकता, पोषण वाटिका की उपज का उपयोग तथा संतुलित आहार संबंधी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। आंगनवाड़ी केन्द्रों पर ताजा पका भोजन, साप्ताहिक मेन्यू रोटेशन तथा भोजन की गुणवत्ता एवं स्वच्छता पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। बाल विकास एवं प्रारम्भिक बाल्यावस्था शिक्षा के अंतर्गत अभिभावक-बाल गतिविधियां, कहानी वाचन, चित्रकारी, कविता, खेल तथा प्रारम्भिक उद्दीपन संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 0झ्र3 वर्ष के बच्चों के लिए संशोधित होम विजिट शेड्यूल के अनुसार विकासात्मक मील के पत्थरों की निगरानी तथा आवश्यक परामर्श प्रदान किया जाएगा। पोषण माह के दौरान आंगनवाड़ी प्रबंधन समितियों एवं मातृ समितियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। आंगनवाड़ी केन्द्रों पर रठढ मेन्यू बोर्ड के प्रदर्शन, भोजन की गुणवत्ता एवं मात्रा की निगरानी तथा सामाजिक अंकेक्षण के माध्यम से सामुदायिक स्वामित्व एवं जवाबदेही को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत पात्र गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के चिन्हांकन, पंजीकरण, लंबित प्रकरणों की समीक्षा तथा लाभों के शीघ्र हस्तांतरण हेतु विशेष अभियान चलाया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के सहयोग से टीकाकरण, प्रसवपूर्व जांच, श्लरठऊ अन्नप्राशन दिवस, गोद भराई दिवस तथा अन्य जन-जागरूकता गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि पोषण माह को सफल बनाने के लिए बाल विकास परियोजना अधिकारियों, मुख्य सेविकाओं व आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। सभी संबंधित विभागों एवं समुदाय के सहयोग से पोषण सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने तथा कुपोषण में कमी लाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों ने पोषण माह की गतिविधियों को सफलतापूर्वक संचालित करने तथा जनपद को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए सामूहिक सहभागिता का संकल्प लिया।

## मंदिर-मस्जिद का राग अलाप कर लोगों को गुमराह करना चाहती है भाजपा : चेतनारायण




**अयोध्या।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा भाजपा के जन विरोधी कार्यो, महंगाई, युवाओं का उत्पीड़न, दलितों का अपमान, बेरोजगारी आदि प्रमुख समस्याओं को लेकर जनपद की सभी तहसीलों पर धरना प्रदर्शन कर भाजपा के असली मुखोटे को उजागर किया जाएगा, उक्त आशय की जानकारी जिला कांग्रेस प्रवक्ता शीतला पाठक ने प्रेस को दी। श्री पाठक ने बताया सर्वप्रथम 18 सितंबर को बीकापुर तहसील मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन का आयोजन पीसीसी सदस्य अशोक कुमार सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष दिलीप गौर की अगुवाई में आयोजित किया जा रहा है इसी संबंध में कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने बीकापुर में कांग्रेस नेताओं के साथ बैठक कर तैयारी की जानकारी ली इस मौके पर उपस्थित कांग्रेस जनों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा भाजपा की सरकार में आम जनता महंगाई से बेहाल है, नौजवान रोटी रोजी-रोटी के लिए भटक रहे हैं, और भाजपा के नेता जे पी नड्डा कहते हैं मोदी का संकल्प है पूरे देश में बीजेपी का कार्यालय बन जाए इनकी यही सोच है आज जब देश को जरूरत है अच्छे अस्पताल की अच्छे से अच्छे स्कूल की, नौजवानों के रोजगार के लिए बड़ी-बड़ी फैक्ट्री के निर्माण की तब इनको करोड़ करोड़ लगाकर भाजपा कार्यालय बनाने का संकल्प लेना नीचिता की पराकाष्ठा है और उनकी असली सच को उजागर करती है।

## सीएमओ ने रोका अनुपस्थित सीएचओ का वेतन

**देवरिया।** जिलेभर में आज आयोजित 428 टीकाकरण (वीएचएसएनडी) सत्र का सीएमओ डॉ अनिल गुप्ता, एसीएमओ और डिप्टी सीएमओ सहित ब्लॉक स्तरीय पर्यवेक्षकों ने निरीक्षण किया। चिकित्साधिकारियों व पर्यवेक्षकों ने टीकाकरण सत्र पर मिल रही सुविधाओं का हाल जाना। निरीक्षण सत्र पर अनुपस्थित सीएचओ का वेतन रोक दिया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता रामपुर कारखाना ब्लॉक के वीएचएसएनडी सत्र गौरा पहुंची। जहां एएनएम मौजूद रहीं पर सीएचओ अर्चना भारती अनुपस्थित रहीं। सीएमओ ने सीएचओ अर्चना का एक दिन का रोक दिया। एएनएम द्वारा 7 बच्चों को टीकाकरण किया गया था और दो गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया गया था। सीएमओ डॉ गुप्ता ने एएनएम को निर्देश दिया गया कि शत प्रतिशत गर्भवती महिलाओं का एंट्री ई कवच पर करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी बच्चों के एमसीपी कार्ड को शत प्रतिशत भरना सुनिश्चित करें। सत्र पर समस्त लॉजिस्टिक भी उपलब्ध पाए गए। हीमोग्लोबिन मीटर क्रियाशील पाया गया। वहीं डॉ एसके सिन्हा ने रुद्रपुर, डीटीओ डॉ राजेश कुमार भटनी, डिप्टी सीएमओ डॉ कार्तिक पाण्डेय ने रामपुर कारखाना, डिप्टी सीएमओ डॉ हरेंद्र कुमार, डॉ आरपी यादव ने भलुअनी, डिप्टी सीएमओ डॉ अश्वनी पाण्डेय ने शहरी क्षेत्र, डिप्टी डीआईओ डॉ विपिन रंजन तरकुलवा ब्लॉक में टीकाकरण सत्र का निरीक्षण कर सत्र पर मिल रहीं सुविधाओं का हाल जाना और कमी पाए जाने पर कार्रवाई का निर्देश दिया। एचआरपी वाली गर्भवती को चिन्हित कर उनका उचित प्रबंधन कराने का निर्देश दिया। वहीं सहयोगी संस्थाओं यूपीटीएसयू, सीफार, जेएसआई, पीसीआई के जिला प्रतिनिधियों ने भी टीकाकरण सत्र पर पहुंचकर वीएचएसडी सत्र में सहयोग दिया।

# सक्षम कुशीनगर का निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित

जिला संवाददाता (vol)



**कसया, कुशीनगर।** नगर के सपहा मार्ग कसया स्थित अमित मेमोरियल इंटर कॉलेज में मंगलवार को सक्षम कुशीनगर द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच शिविर और जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। निःशुल्क नेत्र जाँच शिविर में जाँचो परान्त मरीजों को निःशुल्क दवा भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में छात्र/छात्राओं और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ डा. शुभलाल ने भारत माता, सूरदास और महर्षि अष्टावक्र की प्रतिमाओं पर पुष्पार्चन कर किया। इसके बाद नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से रैली भी निकाली गई। नेत्र जांच शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डा.स्नेहा श्रीवास्तव, डा.सुहेल के नेतृत्व में चिकित्सको की टीम ने छात्र/छात्राओं तथा उपस्थित नागरिकों की आंखों की जांच की। शिविर में लगभग 565 छात्र / छात्राओं सहित अन्य लोगो का स्वास्थ्य एवं नेत्र का जाँच किया गया। जरूरतमंदों को आवश्यक दवाएं भी निःशुल्क वितरित की गईं। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं का संचालन सक्षम इकाई, कुशीनगर की जिला अध्यक्ष डॉ.कालिंदी त्रिपाठी ने किया। शिविर को सफल बनाने में सक्षम कुशीनगर के सदस्यों ने सक्रिय और सराहनीय भागीदारी निभाई।

इस अवसर पर सचिव मंकेश राय, डॉ. बीएन गुप्ता, सुनील दुबे, संजय यादव, वंदना राव, सुमित कुमार, बृजेश कुमार, मनीष राव सहित अन्य गणमान्यजन एवं सदस्य उपस्थित रहे। आयोजक द्वारा बताया गया कि कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क नेत्र जांच, दवा तथा स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है।

## खेतों से मोटर पंप चोरी से किसानों की चिंता बढ़ी

**भटनी (देवरिया)।** थाना क्षेत्र के बनकटा तिवारी गांव में खेतों से लगातार मोटर पंप चोरी होने से किसान परेशान हैं। मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। किसानों का आरोप है कि चोर खेतों में लगे मोटर पंप को निशाना बना रहे हैं। गांव निवासी हर्ष पांडेय व कपिलदेव यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके खेतों में सिंचाई के लिए लगाए गए मोटर पंप पूर्व में भी चोरी हो चुके हैं। हर्ष पांडेय के खेत से 19 जनवरी को मोटर पंप चोरी हुआ था। इसके बाद 23 अगस्त को भी उसी स्थान से दूसरा मोटर पंप चोरी कर लिया गया। वहीं, तीन सितंबर की शाम करीब 7:30 से 8 बजे के बीच कपिलदेव यादव के खेत से भी मोटर पंप चोरी कर लिया गया।

## नागरिक सुरक्षा कोर में स्वयंसेवकों की नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित

**देवरिया।** अपर उप जिलाधिकारी/प्रभारी अधिकारी, नागरिक सुरक्षा कोर देवरिया नम्रता सिंह ने बताया कि जनपद के नगरीय क्षेत्रों में नागरिक सुरक्षा कोर के अवैतनिक स्वयंसेवकों/सदस्यों की नियुक्ति एवं तैनाती की जानी है। उन्होंने बताया कि नागरिक सुरक्षा अधिनियम, 1968 के तहत नागरिक सुरक्षा संगठन के विभिन्न कार्य निर्धारित किए गए हैं। इनमें प्रशिक्षण, अभ्यास एवं प्रदर्शन के माध्यम से हवाई हमले सहित विभिन्न आपात परिस्थितियों में जन-धन की सुरक्षा, शांति काल में नागरिक आबादी को संभावित युद्ध एवं उससे उत्पन्न परिस्थितियों से निपटने के लिए प्रशिक्षित करना तथा आपातकालीन परिस्थितियों में नागरिक सुरक्षा उपायों के त्वरित क्रियान्वयन के लिए नगर स्तर पर नागरिक सुरक्षा योजना एवं औद्योगिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा योजना तैयार करना आदि शामिल हैं। उन्होंने बताया कि नागरिक सुरक्षा कोर में स्वयंसेवक/सदस्य बनने के लिए आवेदक की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच होनी चाहिए। महिला एवं पुरुष दोनों आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थी का हाईस्कूल उत्तीर्ण, भारतीय नागरिक तथा अराजनैतिक एवं उत्तम चरित्र का होना अनिवार्य है। स्वस्थ एवं सक्रिय सदस्यों की आवश्यकता के दृष्टिगत योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। आपदा प्रबंधन, प्राथमिक उपचार, अग्निशमन अथवा सुरक्षा कार्यों का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को सदस्यता में वरीयता दी जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन प्रपत्र नियंत्रक/जिलाधिकारी/नागरिक सुरक्षा कोर कार्यालय, देवरिया से किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक प्राप्त कर सकते है।

# अवैध इमारतों का कहर

बात चाहे दिल्ली की हो या लखनऊ मुंबई की, बिल्डिंग हादसे होते रहते हैं और जब कोई बड़ा हादसा हो जाता है, तब कुछ दिन के लिए प्रशासन सतर्कता दिखाता है और फिर कुंभकर्णी नींद सो जाता है। बस यही लापरवाही या कहें भ्रष्टाचार शहरों में ऐसी बिल्डिंगों बनाने और उनके कॉमर्शियल उपयोग को बढ़ावा देता है, जो वास्तव में बिल्डिंग नहीं बल्कि बम हैं। दिल्ली देश की राजधानी है अथवा मौत की इमारतों का महानगर है! यह इसलिए कहना पड़ रहा है, क्योंकि हाल ही में मालवीय नगर के एक अवैध, संकरे कथित होटल में अग्निकांड हुआ, जिसमें 22 जिंदगियां राख हो गयीं। कभी राजेन्द्र नगर में बारिश का पानी भर जाता है, उसमें करंट भी प्रवाहित होने लगता है, नतीजतन आधा दर्जन युवा छात्र अचानक लाश बन जाते हैं। वे आईएएस बनने का सपना लिए पढ़ाई कर रहे थे, लेकिन मौत ने सब कुछ छीन लिया। कभी लक्ष्मीनगर में हादसा हुआ और फिर युवा जिंदगियों पर विराम लग गया। इसी जुलाई में ही रोहिणी में इमारत गिरी, साकेत और करोल बाग में हादसे हुए। मुस्तफाबाद में 11 मौतें इससे पहले हो चुकी थीं। ये हादसे, मौतें नहीं, बल्कि हत्याएं हैं, क्योंकि बचने के बंदोबस्त शून्य थे। अब संभ्रांत कॉलोनी मोतीबाग के पास सत्य निकेतन में भी एक 5-मंजिला इमारत जमींदोज हो गई जिसमें 7 की मौत और 12 घायल हो गये। इन तमाम इमारतों में एक तथ्य साझा है कि सभी अवैध थीं। न अग्नि शमन विभाग का एनओसी, न नगर निगम का एनओसी, स्वीकृत मंजिलों से अधिक मंजिलों का निर्माण और कई इमारतें तो सालों पुरानी थीं, जिनका रखरखाव भी नहीं किया गया था। सत्य निकेतन वाली इमारत भी 36 साल पुरानी बताई गई है। उस पर विभाग ने सील लगा दी थी, लेकिन फिर न जाने कैसे, वह सील भी खुल गई और यह हत्याकांड हो गया। इस इमारत की तीन मंजिलें अवैध थीं, क्योंकि उसे भूतल और पहली मंजिल बनाने की ही अनुमति दी गई थी, लेकिन भूतल के ऊपर भी चार मंजिलों का निर्माण कर लिया गया। दिल्ली नगर निगम के एक पूर्व चेयरमैन और फायर ब्रिगेड के पूर्व निदेशक ने चौंका देने वाला खुलासा किया है कि दिल्ली में करीब 75 लाख इमारतें हैं। उनमें से करीब 1.75 लाख इमारतों के नक्शे पास हैं। शेष सभी इमारतें अवैध और अतिक्रमण की हैं। देश की राजधानी में 1731 अनधिकृत कॉलोनियां हैं। उनमें से 1511 को अधिकृत, नियमित करने के मद्देनजर पीएम-उदय योजना के तहत रखा गया है। एक पुख्ता वोट बैंक की तैयारी, लेकिन यह कितना भयावह यथार्थ है! यदि इन अवैध, अनधिकृत इलाकों में कोई इमारत भरभरा कर गिर पड़ती है, तो कल्पना कीजिए कि नुकसान कितना होगा? सरकार मुआवजा भी नहीं देगी। आखिर ये अनधिकृत कॉलोनियां कैसे उभर आईं? किसने इन्हें बनाया और सरकार में किसने इनकी मदद की? ये इमारतें कांग्रेस, भाजपा और आम आदमी पार्टी की सरकारों के दौरान बनी होंगी, लिहाजा कोई एक चेहरा या पार्टी खलनायक नहीं है। इस भ्रष्ट हम्माम में सभी नंगे हैं। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने अप्रैल, 2025 के बाद से 241.51 एकड़ जमीन पुनः वापस ली है या प्रक्रिया में है। इसके अलावा, 235 एकड़ से अधिक जमीन पर जो अतिक्रमण, अवैध कब्जे थे, उन्हें मुक्त कराने का अभियान भी तय किया गया है। एक अनुमान है कि 70-75 फीसदी दिल्ली में अवैध या अतिक्रमण वाले कब्जे या निर्माण हैं। यही हाल अधिकांश शहरों में। उत्तर प्रदेश के शहरों में भी अधिकांश इमारतें अवैध हैं। बहरहाल सत्य निकेतन की जो इमारत गिरी है, उसमें डिब्बेनुमा कुछ कमरे बनाए गए थे, जिन्हें हॉस्टल का नाम दिया गया था। एक कमरे में, एक बिस्तर का किराया 15,000-18,000 रुपए माहवार वसूल रहे थे। संकरे रास्ते, संकरी-एकतरफा सीढ़िया और आपातकालीन बंदोबस्त शून्य थे। ऐसी इमारत के बेसमेंट में, बरसात के मौसम में, भरे पानी की स्थिति में कुछ निर्माण-कार्य किया जा रहा था। कुल मिलाकर ऐसी अवैध इमारतों में मौत का पूरा इंतजाम होता है।



**उत्तर भारत के अधिकांश शहरों में अवैध इमारतों की भरमार है और इनका जमकर कॉमर्शियल उपयोग हो रहा।**

### विचार

ज्ञानद्वारा जिनके पाप धुल गए, वे ईश्वर का ध्यान धरने वाले, तन्मय हुए, उसमें स्थिर रहने वाले और उसी को सर्व मानने वाले लोग मोक्ष पाते हैं।

–श्रीमद्भागवत गीता.

यदि हमारे जीवन को हरा–भरा रखने हेतु, हमारे साथ प्रभु का पक्षपात है। यादें पंख हैं, जो उड़ने को पुरुषार्थ देती हैं।

–माखन लाल चतुर्वेदी.

वेदों के अध्ययन का सार है सत्य भाषण। जीवन का सार है इन्द्रिय संयम और इन्द्रिय संयम का सार है मोक्ष।

–महाभारत.

जब दुष्ट लोग गुट बना लें, तब सज्जनों को भी संगठित हो जाना चाहिए। अन्यथा एक–एक करके सबकी ही बलि चढ़ जायेगी।

–डिक्सन.

संगठन में अपार शक्ति है। संगठित होकर ही शक्तिशाली शत्रुओं पर विजय पायी जा सकती है।

–कौटिल्य.

# ताकि मतदाताओं की पहचान सुरक्षित रहे



शाहिद ए चौधरी

भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायाधीश जॉयमाल्या बागची व न्यायाधीश वी मोहना की खंडपीठ ने 1 सितम्बर 2026 को केंद्र सरकार से कहा कि वह ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) में रिकॉर्ड किये गये मतों को गिनने के लिए टोटलाइजर (सामूहिक गणना करने वाला उपकरण) मशीनों के उपयोग की संभावना की समीक्षा करें ताकि बूथ-अनुसार मतदान पैटर्न की गोपनीयता को सुरक्षित रखा जा सके और व्यक्तिगत बूथ पर मतदाताओं को पहचानने व प्रताड़ित किये जाने की आशंका को रोका जा सके। गौरतलब है कि अक्सर यह देखने में आया है कि मतदाता की पहचान हो जाती है कि उसने किसके पक्ष में अपने मत का प्रयोग किया और फिर दूसरा प्रत्याशी या उसके समर्थक संबंधित मतदाता के विरुद्ध हिंसा करते हैं या उसे धमकाते हैं। इस किस्म की अप्रिय वारदातों को रुकवाने के उद्देश्य से योगेश गुप्ता व इमरान खान ने 2014 में सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की थी, यह मांग करते हुए कि चुनाव आयोग को निर्देश दिया जाये कि वह एक चुनाव क्षेत्र के विभिन्न पोलिंग स्टेशनों पर पड़े मतों को मिश्रित कर दे ताकि प्रत्याशी उन क्षेत्रों में मतदाताओं को धमकियां न दे सकें जिनमें उन्हें ठुकरा दिया गया था।

**मतदाता की गोपनीयता को सुरक्षित रखने के लक्ष्य का समर्थन करते हुए चुनाव आयोग ने प्रस्ताव को लागू करने के संदर्भ में कुछ व्यावहारिक व कानूनी चुनौतियों को भी व्यक्त किया, जिनमें बूथ-अनुरूप सत्यापन व वीवीपीएटी से संबंधित चिंताएं भी शामिल हैं।**

आगे बढ़ने से पहले यह जान लेते हैं कि टोटलाइजर (सामूहिक गणना करने वाला उपकरण) क्या है? यह मतों की सामूहिक गणना का एक प्रस्ताव है, जिसका उद्देश्य प्रत्याशियों को किसी एक पोलिंग बूथ पर वोटिंग पैटर्न जानने से रोकना है। टोटलाइजर से होता यह है कि लगभग 14 पोलिंग बूथों पर डाले गये मतों को एक साथ गिन लिया जाता है। वर्तमान में प्रत्येक बूथ पर पड़े मतों को अलग-अलग गिना जाता है। टोटलाइजर को भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, बंग्लुरु और इलेक्ट्रॉनिक्स कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, हैदराबाद ने विकसित किया है। दरअसल, टोटलाइजर एक इंटरफेस है, जिसे 14 ईवीएम के समूह के मुख्य कंट्रोल यूनिट से जोड़ दिया जाता है। टोटलाइजर का नतीजा बटन दबाने से मालूम हो जाता है कि 14 ईवीएम पर किस प्रत्याशी को कुल कितने कितने वोट मिले हैं और यह भी जाहिर नहीं होता है कि किस मतदान क्षेत्र में मतदान का पैटर्न क्या रहा? योगेश गुप्ता व इमरान खान ने टोटलाइजर की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका इसलिए दायर की थी ताकि प्रत्याशियों को उन क्षेत्रों के मतदाताओं को धमकाने से रोका जा सके जिन्होंने उन्हें ठुकरा दिया था। बात सिर्फ धमकाने व हिंसा की ही नहीं है, देखने में तो यह भी आया है कि सांसद व विधायक मतदाताओं से कहते हैं, 'मैं तुम्हारा काम क्यों करूं, तुम्हारे क्षेत्र में विकास कार्य क्यों कराऊं, जब तुम लोग मुझे वोट देते ही नहीं।' चुने जाने के बाद सांसद व विधायक अपने पूरे क्षेत्र के प्रतिनिधि होते हैं, लेकिन उनमें से कुछ ने सार्वजनिक तौरपर घोषणा की कि अमुक जाति व अमुक धर्म के सदस्य उनके पास किसी काम के लिए न आयें क्योंकि उन्हें लगता है कि वे लोग उनके पक्ष में मतदान नहीं करते। यह लोकतंत्र के लिए गंभीर चिंता का विषय है, क्योंकि इससे समाज में भेदभाव व नफरत फैलती है। इस पर त्वरित प्रभाव से रोक लगनी चाहिए। इसलिए इस जनहित याचिका का महत्व बढ़ जाता है। याचिकाकर्ताओं ने अपनी याचिका में महाराष्ट्र के पूर्व उप-मुख्यमंत्री अजित पवार द्वारा दी गई तथाकथित धमकी का उदहारण दिया है कि आम चुनाव के दौरान बारामती चुनाव क्षेत्र के मतदाताओं को धमकी देते हुए कहा था कि उनकी पार्टी एनसीपी (राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी) ईवीएम रीडिंग्स से मतदान पैटर्न को जान लेगी और जिस क्षेत्र ने उसे ठुकराया होगा उसकी जल आपूर्ति बंद करा दी जायेगी। भारत में बूथों को आमतौर से भौगोलिक दृष्टि से मार्क किया जाता है।



## वोट की सामूहिक गणना

अगर अलग-थलग या समूह में रह रहे सामाजिक गुट हैं, जैसा कि ग्रामीण भारत के अधिकांश हिस्सों में स्थिति है (और शहरी स्लमों में भी यह चलन तेजी से बढ़ता जा रहा है), तो यह संभव है कि उस विशेष समुदाय को पहचान लिया जाये, जिसकी उस पोलिंग बूथ या स्टेशन पर अधिक संख्या है और जिसने एक खास दिशा में मतदान किया हो। आधुनिक भू-स्थानिक टूल्स के आगमन से आज न सिर्फ.मतदान केंद्र के ट्रेंड व सामाजिक सेटिंग के पारस्परिक संबंध को जानना आसान हो गया है बल्कि कारण संबंधी अंतर्दृष्टि भी हासिल की जा सकती है। याचिकाकर्ताओं ने यह डर 2014 में व्यक्त किया था।

आज 12 साल बाद तो यह डर अधिक विकराल हो गया है- वोट काटना, वोट बढ़ाना, वोट चोरी आदि के आरोप हैं। जिला प्रशासन के कहने पर बूथों पर मतदान प्रक्रिया को भी धीमा करने की खबरें हैं ताकि जिस प्रत्याशी को प्रशासन विजयी बनाना चाहता है, उसके अनुमानित विरोधी मतदाताओं को उनके अधिकार से वंचित किया जा सके। इसके बावजूद केंद्र सरकार ने हमेशा ही टोटलाइजर का विरोध किया है। केंद्र ने 2017 में सुप्रीम कोर्ट से कहा था कि बूथ-अनुरूप वोटिंग पैटर्न के कारण मतदाताओं को धमकाया नहीं जाता है और बूथ-अनुरूप नतीजे घोषित करने को रोकने की आवश्यकता नहीं है। केंद्र का कहना था कि जब एक प्रत्याशी को मालूम हो जाता है कि अमुक बूथ पर उसे कम समर्थन मिला है, तो वह उस क्षेत्र का समर्थन प्राप्त करने के लिए अधिक मेहनत करता है। फिर 2018 में एडिशनल सोलिसिटर जनरल मनिंदर सिंह ने तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश दीपक मिश्रा के नेतृत्व वाली खंडपीठ से कहा था कि टोटलाइजर के कारण मतगणना आरंभ होने से पहले ही डाटा उल्लंघन हो सकता है। हाल ही में केंद्र ने फिर इसी डर को दोहराया। फलस्वरूप अदालत ने इस डर पर प्रतिक्रिया के लिए चुनाव आयोग को दो सप्ताह का समय दिया। विधि आयोग ने अपने शपथपत्र के जरिये अदालत को बताया कि तत्कालीन गृहमंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में मंत्रियों के समूह ने सितम्बर 2018 में तय किया था कि 'मीडिया एक्टिविज्म के इस दौर में बड़े पैमाने पर वोटर्स को धमकी/प्रताड़ित नहीं किया जा सकता'।

दूसरी ओर चुनाव आयोग निरंतरता के साथ टोटलाइजर के पक्ष में रहा है। उसने सबसे पहले इसका सुझाव 2008 में डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार को दिया था। फिर 2018 में उसने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि 'वोटों की गिनती करने के लिए टोटलाइजर के इस्तेमाल का समय आ गया है'। यह समर्थन वर्तमान सुनवायी चक्र में भी जारी रहा है। चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि वह पहले भी टोटलाइजर सिस्टम के लिए केंद्र सरकार से सिफारिश कर चुका है। मतदाता की गोपनीयता को सुरक्षित रखने के लक्ष्य का समर्थन करते हुए चुनाव आयोग ने प्रस्ताव को लागू करने के संदर्भ में कुछ व्यवहारिक व कानूनी चुनौतियों को भी व्यक्त किया, जिनमें बूथ-अनुरूप सत्यापन व वीवीपीएटी से संबंधित चिंताएं भी शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा है कि वह ईवीएम द्वारा रिकॉर्ड की गईं वोटों को गिनने के लिए टोटलाइजर सिस्टम इस्तेमाल करने पर अपनी राय दे। अदालत ने खासतौर से यह जानना चाहा कि क्या ऐसी व्यवस्था लागू करने में कोई रुकावट है और क्या इसकी वजह से कोई नकारात्मक प्रभाव होगा? चुनाव आयोग से भी कहा गया है कि वह अपना प्रस्ताव सरकार को दे।

### सोशल मीडिया

हर बार बीजेपी सरकार का वही शर्मनाक पैटर्न, हादसे से पहले रोकथाम नहीं, उसके बाद बयान बाजी। छोटे अफसरों पर जवाबदेही मढ़ दी जाती है और असली बचे रहते हैं। राहुल गांधी.



महिलाएं अब केवल पढ़ाई और रोजगार के अवसरों तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि अपनी आबादी के अनुपात में प्रत्येक क्षेत्र में बराबर की भागीदारी भी बनेंगी। सीएम योगी.



बुलंदशहर में हेलीपैड पर एक बूंद भी जलभराव नहीं है, केवल जबरदस्ती का सीमेंट, गारा दिखा कर शासन के गुप चुप निर्देश पर कार्यक्रम को रद करने का बहाना ढूंढ रहा है। अखिलेश यादव.



# साधना की शक्ति

### अंतर्दृष्टि

जीवन में सही मार्ग पर चलने के लिए महापुरुषों का मार्गदर्शन जरूरी होता है। महापुरुषों का मार्गदर्शन, साधना और ज्ञान हमेशा मनुष्य का पारिष्कार कर उनमें दैव प्रवृत्तियों एवं सद् चिंतन का विकास करते हैं। साधारण इंसान हमेशा ऐसे कृत्यों में संलग्न रहते हैं जिसमें भोग, लिप्सा जैसी चेष्टाएं प्रधान होती हैं लेकिन महापुरुष हमेशा ऐसी प्रवृत्तियों से दूर लोक कल्याण एवं अध्यात्म चिंतन में रत रहते हैं। मनुष्य अनेकानेक क्षुद्र योनियों के कुसंस्कारों से लदे होते हैं। शिश्नोदर परायण पशु प्रवृत्तियों में ही उनका मन रमता और प्रयत्न चलता है। इस स्तर से उबर कर मानवी गरिमा के क्षेत्र में प्रवेश करने की प्रक्रिया आध्यात्म तत्वज्ञान और साधन विधान के सहारे ही संभव होती है। उसका आलोक अंतराल में प्रवेश करता है तो पुण्य परमार्थ की दो प्रवृत्तियां उभरती हैं। पुण्य अर्थात आत्मसंयम, परमार्थ अर्थात् सत्प्रवृत्ति संवर्द्धन में उत्साह। इन्हीं के समन्वय को देवत्व कहते हैं। महामानवों का यह कार्य क्षेत्र है। उनकी विचारणा एवं तत्परता इन्हीं दो प्रयोजनों पर केन्द्रित होती हैं। फलतः वे स्वयं कृतकृत्य होते हैं और अपने सम्पर्क क्षेत्र में शालीनता का वातवरण उत्पन्न करने में चंदन वृक्ष का उदाहरण बनते हैं। यह आध्यात्म क्षेत्र ही देव मानवों की, नर-रत्नों की खदान है। इस विद्या का जब जितना प्रचलन, विस्तारण होता है तब उसी अनुपात में वैयक्तिक प्रखरता और सामूहिक समर्थता की अभिवृद्धि होती है। सर्वतोमुखी प्रगति का पथ प्रशस्त होता है। चेतना में उत्कृष्टता का स्तर बढ़ने से स्वल्प साधनों को मिल बांटकर खाया और संतोषपूर्ण रहा जा सकता है। जबकि इसमें कमी पड़ने पर आपस में टकराने और नारकीय दुष्प्रवृत्तियों से सवत्र अशांति उत्पन्न करते हैं। भले ही सम्पदा के पर्वत ईर्द-गिर्द ही क्यों न खड़े रहें। इन तथ्यों पर ध्यान देने से आध्यात्म तत्वज्ञान और साधन विधान की व्यवहारिक गरिम प्रकट होती है। यह प्रतिफल ऐसे हैं, जिन्हें अपनाये जाने पर मनुष्य में देवत्व का उदय होना निश्चित है। जहां सज्जनता बढ़ेगी वहां अपनी इसी धरती पर स्वर्ग जैसा वातावरण बिखरा-बिखरा फिरेगा। यही है आध्यात्म की विभूतिवान परिणति, जिसके लिए उसे विचारशीलों द्वारा असाधारण महत्व दिया गया है और उसके महात्मों का वर्णन अलंकारिक आकर्षणों सहित व्यक्त किया है। इसे दुर्भाग्य ही कहना चाहिए कि चेतना को नरक से उबार कर स्वर्ग में पहुंचाने वाली इस विधा को जादूगरी बाजीगरी की पंक्ति में बिठा दिया गया। प्रचलन में अध्यात्म का अर्थ कौतुक, कौतूहल, चमत्कार जैसा माना जाता है और उस आधार पर छुटपुट सी हेराफेरी करने पर विपुल अकर्मण्य लोग परुषार्थ के बल पर वैभव खरीदने में सफल नहीं होते तो इन हथकण्डों के सहारे सम्पत्तिवान और यशस्वी बनने की बात सोचते हैं।

# शिष्टाचार भेंट का दौर

### व्यंगलोक

आज का दौर विष्ठाचारियों की शिष्टाचार भेंटों का दौर है। और मैं विष्ठाचार भेंट स्पेशलिस्ट हूं। इसलिए विष्ठाचारियों से शिष्टाचार भेंट करने के मौके तलाशता तराशता रहता हूं। विष्ठाचार की इसी शिष्टाचार भेंट की कड़ी में कल मेरी अपने इलाके के मशहूर दुनियादारी में फंसों को उल्लू बनाने वाले बाबा सुरूर खान से विष्ठाचार भेंट हुई। अबके वजह प्याज था। विष्ठाचार ही विष्ठाचार में विष्ठाचार भेंट के दौरान सीना चौड़ा कर उन्होंने बताया कि वे अपनी चिल्म के बूते हारे हुए नेता को जीता सकते हैं। वे अपनी चिल्म के बूते पर अल्पमत वाले नेता को कुर्सी पर बिठवा उससे भेड़ों का रेवड़ हंकवा सकते हैं। वे अपनी चिल्म के बूते जेल में बंद नेता को भी चुनाव जितवा सकते हैं। विष्ठाचार भेंट के दौरान पूरे आत्मविश्वास से उन्होंने बताया कि वे लोकतंत्र के तांत्रिकों की शक्तियों को अपनी खुली आंखों से अंधों को भी दिखा सकते हैं। सबके प्रधानमंत्री भले ही सबके प्रधानमंत्री न हों, पर वे पूरे लोकतंत्र के बेताज बादशाह हैं। वे सभी चिल्मों के सम्राट हैं। वे हर टूटी नाव के घाट हैं। विष्ठाचार भेंट के दौरान उन्होंने मेरे कान में फुसफुसाया कि वे अपनी चिल्म द्वारा पलक झपकते देश की बेरोजगारी को हवा करने का इल्म रखते हैं। पर वे नहीं चाहते कि वे देश से बेरोजगारी खत्म करें। क्योंकि अगर वे अपनी चिल्म से देश की बेरोजगारी खत्म कर देंगे तो देश में आगामी चुनाव किस मुद्दे को लेकर लड़े जाएंगे? विष्ठाचार भेंट के दौरान उन्होंने यह भी मेरे कान में फुसफुसाया वे अपनी चिल्म के द्वारा पलक झपकते ही देश के धार्मिक उन्मांद को खत्म करने का इल्म रखते हैं। पर वे चाहते हुए भी नहीं चाहते कि वे देश से धार्मिक उन्मांद खत्म करें। क्योंकि अगर वे अपने इल्म से देश से धार्मिक उन्मांद को खत्म कर देंगे तो देश में आगामी चुनाव किस मुद्दे को लेकर लड़े जाएंगे? विष्ठाचार भेंट के दौरान उन्होंने यह भी मेरे कान में फुसफुसाया कि वे अपने मंत्र तंत्र शक्तियों द्वारा पलक झपकते ही शर्तिया देश से भ्रष्टाचार को खत्म करने की चिल्म रखते हैं। पर वे चाह कर भी यह नहीं कर सकते। अगर वे ऐसा करेंगे तो तथाकथित ईमानदारों का क्या होगा? अगर वे अपनी चिल्म से देश की भ्रष्टाचार खत्म कर देंगे तो देश में आगामी चुनाव किस मुद्दे को लेकर लड़े जाएंगे? फिर कुछ देर तक इधर उधर देखने के बाद वे बोले- सच कहूं तो मैं अपनी चिल्म के माध्यम से अबके विश्व कप अपने देश के नाम करवा सकता था। पर यह सब इसलिए नहीं किया कि सुट्टाबाजों का क्या होता? अंत में उन्होंने मुझे जगाते हुए बताया कि सभी किस्म के नेताओं से निराश उनसे एक बार जरूर आकर मिलें। उनके पास हर किस्म के नेताओं के आश्वासनों से मुक्ति की चिल्म भी है।



अशोक गौतम

# मल्लूर में करें भगवान नरसिंह के दर्शन



### पर्यटन

हैदराबाद में अपना काम निपटाने के बाद मेरे पास कुछ खाली समय था, इसलिए मैं बंजारा हिल्स अपने एक पुराने दोस्त से मिलने के लिए चला गया, जिससे मैं कई वर्षों से मुलाकात नहीं कर सका था, बावजूद इसके कि इस बीच अनेक बार हैदराबाद आना हुआ था- कभी मैं बिजी होता तो कभी उसके पास फुर्सत न होती। इस बार मुलाकात हो ही गई। बातचीत के दौरान उसने मुझसे मालूम किया, 'हेमाचल लक्ष्मी नरसिंह स्वामी मंदिर के दर्शन करने का कभी सौभाग्य मिला है?' मेरे न कहने पर उसने बताया कि इस अनोखे मंदिर के दर्शन अवश्य करने चाहिए क्योंकि इसमें आज भी भगवान नरसिंह जीवित रूप में विराजमान हैं। यह सुनकर तो मेरे कान आश्चर्य से खड़े हो गये। मेरी जिज्ञासा को देखते हुए उसने बताया कि यह मंदिर तेलंगाना के मल्लूर गांव में स्थित है, जहां वारंगल, मणुगुरु और भद्राचलम-एदुलापुरम रोड से बसें आसानी से मिल जाती हैं। निकटतम रेलवे स्टेशन मणुगुरु है, जहां से मंदिर कुछ ही किलोमीटर के फासले पर है। दोस्त से विदा लेने के बाद अब मेरा एक ही लक्ष्य रह गया था- भगवान नरसिंह के जीवित रूप के दर्शन करना। मैं हैदराबाद से रेल में सवार होकर मणुगुरु रेलवे स्टेशन पर उतरा। सुबह के लगभग 7 बज रहे थे। पास के एक होटल में फ्रेश होने के बाद नाश्ता किया। सोचा कि पैदल ही चलता हूं, कुछ ही किलोमीटर की तो बात है। लेकिन फिर इलेक्ट्रिक रिक्शा में सवार हो गया, जो आजकल पूरे देश में चलने लगे हैं। मैं हेमाचल लक्ष्मी नरसिंह स्वामी मंदिर एकदम ठीक समय पर पहुंचा। दर्शन के लिए मंदिर के पट सुबह 8:30 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक और फिर 2:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक ही खुलते हैं। शाम 5:30 बजे के बाद मंदिर के पट बंद कर दिये जाते हैं। मंदिर में दर्शन का समय इतना कम क्यों रखा गया है? दरअसल, मान्यता यह है कि इस समय के बाद भगवान नरसिंह आस पास के जंगलों में विचरण करने के लिए निकल जाते हैं। मैंने दुनियाभर में अलग अलग पहचान व महत्व के अनगिनत मंदिरों व अन्य धार्मिक स्थलों के दर्शन किये हैं, जो अपनी विशेषताओं व रहस्यों की वजह से श्रद्धालुओं के दिलों व आस्था में विशेष स्थान बनाये हुए हैं। लेकिन तेलंगाना के वारंगल जिले के मल्लूर गांव के इस मंदिर की बात ही अनोखी है। मैंने किसी मंदिर में जीवित रूप में किसी देवी या देवता को विराजमान नहीं देखा है। इस मंदिर में भगवान नरसिंह जीवित रूप में विराजमान हैं, जिससे यह मंदिर सिर्फ पूजास्थल नहीं है बल्कि आस्था व चमत्कार का संगम है, जहां दर्शन के लिए आने वाला हर शख्स दिव्य शक्तियों को महसूस करता है। मैंने भी यही अनुभव किया। मैं वैज्ञानिक तो नहीं हूं, लेकिन मुझे लगता है कि इस मंदिर की अद्भुत विशेषताएं वैज्ञानिकों को भी आश्चर्य में डाल सकती हैं।

मुझे यह देखकर सबसे ज्यादा हैरत हुई कि हेमाचल लक्ष्मी नरसिंह स्वामी मंदिर में जो भगवान नरसिंह की मूर्ति विराजमान है वह लकड़ी, पत्थर या किसी धातु से नहीं बनी हुई है बल्कि किसी ऐसी चीज से बनी हुई है जो इंसान की त्वचा जैसी मुलायम मालूम होती है। लोगों का मानना है कि जब मूर्ति पर फूल अर्पित किया जाता है, तो वह दबकर अंदर चला जाता है। अधिक दबाव देने पर मूर्ति से खून जैसा लाल रंग का लिक्विड भी निकलता है। यह लिक्विड मूर्ति की नाभि से लगातार निकलता रहता है, जिसे पुजारी चंदन का लेप करके रोकने की कोशिश करते हैं।

मूर्ति को 'जीवित' मानने की यह सबसे बड़ी वजह है। हेमाचल लक्ष्मी नरसिंह स्वामी मंदिर के पुजारियों का दावा था कि जब कोई शख्स मूर्ति के पास जाता है, तो उसे ऐसा महसूस होता है जैसे मूर्ति सांस ले रही हो। पुजारी के कहने का असर था या वातावरण का प्रभाव या वास्तविकता, जब मैं मूर्ति के करीब गया तो मुझे लगा जैसे कोई सांस ले रहा हो। बहरहाल, स्थानीय मान्यता यह है कि यह मूर्ति पहाड़ से स्वयं प्रकट हुई थी, इसलिए इसे स्वयंभू माना जाता है। यह भी विश्वास है कि इस स्थान पर भगवान नरसिंह की दिव्य शक्ति सदैव सक्रिय रहती है, जो दर्शन करने वाले लोगों को अपनी मौजूदगी का एहसास कराती है। हेमाचल लक्ष्मी नरसिंह स्वामी मंदिर के पास एक पवित्र जलधारा बहती है, जिसे चिंतामणि जलपथम कहते हैं। मान्यता यह है कि यह जल भगवान नरसिंह के चरणों से निकला हुआ है। रानी रुद्रम्मा देवी ने इस जलधारा का नाम चिंतामणि रखा था। मैंने इस जल में स्नान किया और एक बोतल में पानी घर ले जाने के लिए भी भरा ताकि औषधीय गुणों से भरपूर, जैसी कि मान्यता है, इस पानी से अपने तन व मन की शुद्ध कर सकूं। **समीर चौधरी.**

## आप की बात

### युवाओं को उद्यमिता से जोड़ें

एक तरफ बेरोजगारी है और दूसरी तरफ कंपनियां यह दावे कर रही हैं कि उनको योग्य कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। स्किल का यह डेफिसिट अगर कम हो तो रोजगार के मौके बढ़ेंगे। इसालिए सरकार को युवाओं को स्किल करने की कोशिश करनी चाहिए। बेरोजगारों को हुनरमंद कर रोजगार मुहैया कराने के लिए जो कौशल विकास मिशन संचालित है वह एनजीओ की लूटखसोट और सरकारी नियमों में फंस गया है। हर बेरोजगार को कुशल बनाने की जरूरत है लेकिन प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन में प्रशिक्षण के लिए गरीबी रेखा से नीचे होना, स्वयं सहायता समूह से होना, गांव का होना जैसी तमाम बकवास भरे पड़े हैं। इसी कारण सरकारी योजनाएं सफल नहीं होती हैं। ऐसा लगता है कि जो सरकार में पहुंचता है उसकी बुद्धि कुंद हो जाती है। क्या इन खाये, पिये मोटाये लोगों को इतना भी नहीं पता है कि सबको रोजगार की जरूरत है इसलिए जो भी प्रशिक्षण लेना चाहे सबको मौका मिलना चाहिए। रोजगार को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में कौशल विकास मिशन योजना संचालित हैं जहां युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए तैयार किया जाता है। सरकार ने रोजगार स्थापित करने के लिए मुद्रा योजना जैसी स्कीम भी लांच की है। लेकिन प्रायः यह देखने में आ रहा है कि कौशल विकास मिशन के नाम पर बहुत से संस्थान सिर्फ बजट का वारा-न्यारा करते हैं। ऐसे-ऐसे कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केन्द्र चल रहे हैं जिनके पास ट्रेनिंग देने की बेसिक सुविधाएं तक नहीं हैं। ऐसे केन्द्रों से प्रशिक्षण हासिल करने वाले युवा दरअसल महज प्रमाण पत्र पाते हैं। उनका कौशल नहीं विकसित हो पाता है। इसलिए सरकार को कौशल विकास मिशन को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाना चाहिए। कौशल विकास मिशन में युवाओं की दक्षता बढ़ाने के लिए पीपीपी या एनजीओ मॉडल पर मिशन चलाने के बजाय स्थायी प्रशिक्षण केन्द्र खोलना चाहिए जहां कम से कम छह माह या फिर संबंधित ट्रेड में दक्षता हासिल करने के लिए जरूरी समय तक प्रशिक्षण दिया जाये। जब युवा स्वरोजगार के लिए ही प्रशिक्षण करने जाते हैं तो फिर उनको आधा अधूरा ट्रेनिंग अगर दिया जायेगा तो फिर वे आगे चलकर स्वरोजगार में भी विफल हो जायेंगे।

**शुभम श्रीवास्तव, लखनऊ.**

### औद्योगिक विकास

प्रदेश में धीरे-धीरे निवेश बढ़ रहा है। निवेश बढ़ेगा तो औद्योगिक विकास को भी पंख लगेंगे और रोजगार के मौके भी बढ़ेंगे। प्रदेश में निवेश के जो प्रयास हो रहे हैं उससे प्रगति तेज होगी और रोजगार के मौके बढ़ेंगे। देश की युवा शक्ति का सदुपयोग करने के लिए यह जरूरी है कि सरकार अधिक से अधिक रोजगार के मौके बढ़ाये ताकि युवा अपनी क्षमता का उपयोग राष्ट्र निर्माण में कर सकें। एक तरफ बेरोजगारी है और दूसरी तरफ कंपनियां यह दावे कर रही हैं कि उनको योग्य कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। स्किल का यह डेफिसिट अगर कम हो तो रोजगार के मौके बढ़ेंगे। सरकार को युवाओं को स्किल करने की कोशिश करनी चाहिए। बेरोजगारों को हुनरमंद कर रोजगार मुहैया कराने के लिए जो कौशल विकास मिशन संचालित है वह एनजीओ की लूटखसोट और सरकारी नियमों में फंस गया है। हर बेरोजगार को कुशल बनाने की जरूरत है लेकिन प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन में प्रशिक्षण के लिए गरीबी रेखा से नीचे होना, स्वयं सहायता समूह से होना, गांव का होना जैसी तमाम बकवास भरे पड़े हैं। इसी कारण सरकारी योजनाएं सफल नहीं होती हैं। ऐसा लगता है कि जो सरकार में पहुंचता है उसकी बुद्धि कुंद हो जाती है। क्या इन खाये, पिये मोटाये लोगों को इतना भी नहीं पता है कि सबको रोजगार की जरूरत है इसलिए जो भी प्रशिक्षण लेना चाहे सबको मौका मिलना चाहिए। रोजगार को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में कौशल विकास मिशन योजना संचालित हैं जहां युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए तैयार किया जाता है।

**राकेश कुमार पाण्डेय, लखनऊ.**

संक्षेप

## एसपी ने सुनी जन फरियाद



बहराइच। पुलिस अधीक्षक श्री विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा जनता दर्शन* में आये फरियादियों की समस्याओं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के सम्बध में सम्बन्धित अधिकारियों/थाना प्रभारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण जाँच कर निस्तारित करने हेतु आदेशित किया गया। जनसुनवाई के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री आयुष विक्रम सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी उपस्थित रहे।

## सदर अस्पताल में लापरवाही का आरोप

फतेहपुर। राजकीय जिला चिकित्सालय में डॉक्टरों की लापरवाही और व्याप्त भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष संतोष सिंह राजू ने फतेहपुर जिलाधिकारी को पत्र भेजकर दोषी डॉक्टरों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई और अस्पताल को दलालों से मुक्त कराने की मांग की है। पत्र में आरोप लगाया गया है कि किशुनदासपुर थाना हुसैनगंज निवासी पंकज पुत्र श्रीकृष्ण को आपात स्थिति में सदर अस्पताल लाया गया था। आरोप है कि शाम लगभग 8:00 बजे ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों ने मरीज को बिना किसी जांच या इलाज के करीब दो घंटे तक बैठाए रखा। परिजनों के बार-बार आग्रह के बाद भी इलाज शुरू नहीं किया गया, जबकि अस्पताल में सक्रिय दलाल मरीज को प्राइवेट अस्पताल ले जाने के लिए प्रेरित कर रहे थे सूचना मिलने पर जब भाजपा नेता खुद अस्पताल पहुंचे, तो डॉक्टर ने उनसे भी अभद्र व्यवहार किया। इसके बाद जब डिप्टी सीएमओ मौके पर पहुंचे, तब जाकर मरीज का इलाज शुरू हो सका। भाजपा नेता ने जिलाधिकारी से 8 सितंबर 2026 की शाम ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों की जवाबदेही तय करते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 12 को

बिजनौर। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बिजनौर ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश पर आगामी 12 सितम्बर शनिवार को प्रातः 10 बजे से जनपद न्यायालय बिजनौर सहित जनपद एवं बाह्य स्थित न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिजनौर के मार्गदर्शन में संपन्न होगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन एवं न्यायालयों में लंबित समझौतायोग्य वादों का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निःशुल्क एवं त्वरित निस्तारण किया जाएगा। इसमें धारा-138 एन0आई0एक्ट, बैंक रिकवरी, मोटर दुर्घटना दावा, श्रम (लेबर) विवाद, बिजली एवं पानी के बिल, वैवाहिक एवं पारिवारिक विवाद, राजस्व वाद, भूमि अधिग्रहण, सेवा संबंधी प्रकरण, वेतन-भत्ते तथा अन्य दीवानी एवं आपराधिक शमनीय वादों का निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने सभी वादकारियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में राष्ट्रीय लोक अदालत में उपस्थित होकर अपने मामलों का सौहार्दपूर्ण समाधान कराएं तथा समय, धन एवं अनावश्यक न्यायिक प्रक्रिया से बचते हुए इस जनहितकारी व्यवस्था का लाभ उठाएं।

## डीएम को सौंपा ज्ञापन

फतेहपुर जिले में निजी विद्यालयों द्वारा अभिभावकों के किए जा रहे मानसिक व आर्थिक शोषण के विरोध में "जिला अभिभावक संघ" ने मोर्चा खोल दिया है। संघ के जिलाध्यक्ष दीपक कुमार डब्लू और डिस्टिक्ट बार एसोसिएशन के महामंत्री अनुराग नारायण पुत्तन मिश्रा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को मांग पत्र सौंपकर निजी स्कूलों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में निजी विद्यालयों द्वारा नियमों की अनदेखी और अभिभावकों की मजबूरी का फायदा उठाने के कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं। संघ ने शहर स्थित सरस्वती बाल मन्दिर इण्टर कालेज शिवपुरम में छात्र तेजस की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मृत्यु की उच्च अधिकारियों से निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

# चार अंतरराष्ट्रीय तस्कर गिरफ्तार

### 60 लाख की अफीम बरामद

एस पी मिश्रा

रुपईडीहा बहराइच। भारत-नेपाल सीमा पर मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में रुपई गौतम के पर्यवेक्षण में कार्रवाई की गई। प्रभारी निरीक्षक रुपईडीहा हरेंद्र कुमार मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम तथा एस एस बी के डिप्टी कमांडेंट शशि भूषण के नेतृत्व वाली टीम ने पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चार मोबाइल फोन, 4310 नेपाली रुपये और 6510 भारतीय रुपये भी बरामद किए हैं। बरामद मोबाइल में टेक्नो स्पार्क-8, पोको सी-51, ओप्पो रेनो-2 और ओप्पो-17 प्रो शामिल हैं। पुलिस ने मामले में



और थाना रुपईडीहा पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने एक ट्रैलर वाहन की तलाशी के दौरान 4.917 किलो अवैध अफीम बरामद कर एक महिला समेत चार अंतरराष्ट्रीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। बरामद अफीम की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 60 लाख रुपये बताई गई है। रूपईडीहा थाना प्रभारी हरेंद्र कुमार मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक बहराइच विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी और क्षेत्राधिकारी नानपारा चित्रांशु बुधवार को भारत-नेपाल सीमा से बहराइच जाने वाले मार्ग पर जैतापुर मोड़ से पहले पुराने बस स्टॉप के पास एक ट्रैलर वाहन को रोककर जांच की तलाशी के दौरान ट्रेलर वाहन संख्या ल्द०1अ8898 से एक काले रंग के बैग में छिपाकर रखी 4.917 किलो अवैध अफीम बरामद हुई। मौके से वाहन में सवार नेपाल निवासी चट्टान बसनेर व उसकी पत्नी गीता खत्री, हिमाचल प्रदेश निवासी राजकुमार तथा नेपाल निवासी देवेंद्र बुढ़ा को गिरफ्तार किया गया। थाना रुपईडीहा पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। गिरफ्तार आरोपियों को आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय बहराइच भेज दिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में चट्टान बसनेर व उसकी पत्नी गीता खत्री निवासी जाजरकोट, नेपाल, देवेंद्र बुढ़ा निवासी बागमती प्रदेश, नेपाल तथा राजकुमार निवासी शिमला, हिमाचल प्रदेश शामिल हैं। कार्रवाई में थाना रुपईडीहा पुलिस के साथ एस एस बी 42वीं वाहिनी के जवान शामिल रहे।

# परिवार परामर्श केंद्र ने परिवार को टूटने से बचाया



बहराइच। आपसी पारिवारिक विवाद के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक के समक्ष सुलह हेतु प्रार्थना पत्र दिए गए, जिनके निस्तारण हेतु पुलिस अधीक्षक प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को निर्देशित किया गया। परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर-समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया तथा दोनों पक्षों को समझाया गया, जिसके परिणामस्वरूप दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में लड़ाई-झगड़ा न करने तथा परिवारिक कर्तव्यों का पालन करते हुए खुशी-खुशी साथ रहने की बात कही गयी। आपसी सुलह होने पर दोनों पक्षों को एक दूसरे के साथ आपस में सामंजस्य स्थापित कर परिवारिक दायित्वों को सही प्रकार से निर्वहन करने हेतु सलाह दी गयी।

# साइबर अपराध से बचाव के प्रति किया गया जागरूक



बहराइच। राष्ट्रीय साइबर जागरूकता अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक श्री विश्वजीत श्रीवास्तव के आदेश के अनुपालन में, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी जी के कुशल निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी नगर श्री नारायण दत्त मिश्रा जी के पर्यवेक्षण में साइबर क्राइम पुलिस थाना बहराइच की पुलिस टीम द्वारा ब्लू बेल्स मोंटेसरी स्कूल, ताजपुर, थाना क्षेत्र रानीपुर, जनपद बहराइच में लगभग 150-200 लोगों को साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान मोबाइल फोन एवं सोशल मीडिया पर बने आईडी को टू-स्टेप वेरिफिकेशन से सुरक्षित करने तथा मोबाइल में इंस्टॉल महत्वपूर्ण एप्स में कठिन पासवर्ड लगाने के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही मोबाइल में आने वाले संदिग्ध लिंक्स एवं अढङ फाइल्स से बचने तथा डिजिटल अरेस्ट एवं अन्य साइबर फ्रॉड से बचाव के संबंध में लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान उच्चाधिकारीगण द्वारा प्राप्त निदेर्शों से उपस्थित लोगों को भली-भांति अवगत कराया गया। साथ ही किसी व्यक्ति के साथ साइबर फ्रॉड होने की स्थिति में तत्काल नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल के हेल्पलाइन नंबर 1930 तथा के माध्यम से शिकायत दर्ज कराने के संबंध में जानकारी दी गई। आधिकारिक साइबर क्राइम पोर्टल पर भी 1930 को साइबर क्राइम हेल्पलाइन के रूप में दशार्या गया है।

# अवैध तमंचे और कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार



बहराइच। थाना रुपईडीहा पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से एक मोटरसाइकिल भी बरामद कर एमवी एक्ट में सीज की गई है। पुलिस अधीक्षक बहराइच विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी व सीओ नानपारा चित्रांशु गौतम के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक हरेन्द्र कुमार मिश्र की टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार मंगलवार को टीम क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर ग्राम गड़रहवा में बलराम भट्ठा से करीब 500 मीटर पहले बगीचे के पास से एक संदिग्ध युवक को दोपहर 1:32 बजे पकड़ा गया। पूछताछ में उसकी पहचान शेर खाँ पुत्र नसीर निवासी गुप्तावरपुरवा, मजरा शंकरपुर, थाना रुपईडीहा के रूप में हुई।

तलाशी लेने पर उसके पास से 315 बोर का एक अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। उसके कब्जे से एक होंडा शाइन 100 ऊमोटरसाइकिल नं. वढ40इद1643, और 140 रुपये नगद बरामद हुआ है। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर आरोपी के खिलाफ थाना रुपईडीहा में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय रवाना कर दिया।

गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक धनजी सिंह, कांस्टेबल विवेक सिंह, मो. तनवीर खाँ और अनुप कुमार शामिल रहे।

## सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 23,908 किशोरियों को लगी पहली डोज

बहराइच। किशोरियों को भविष्य में सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत प्रदेश के सभी जिलों में 14 से 15 वर्ष की किशोरियों को एक डोज वाली गार्डासिल वैक्सीन लगाई जा रही है। वहीं आकांक्षी जनपदों में 9 से 13.5 वर्ष की किशोरियों के लिए स्वदेशी सवावैंक वैक्सीन भी उपलब्ध है, जिसकी दो डोज छह माह के अंतराल पर दी जानी हैं। सवावैंक टीकाकरण में बहराइच ने शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया है। सीएमओ डॉ. संजय कुमार ने बताया कि आठ सितंबर तक बहराइच में सवावैंक की पहली डोज के निर्धारित 23,908 के लक्ष्य के सापेक्ष सभी 23,908 किशोरियों को टीका लगाया जा चुका है। देवीपाटन मंडल के श्रावस्ती में भी 9,930 के लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत उपलब्धि दर्ज की गई है। वहीं बलरामपुर में 15,158 के लक्ष्य के मुकाबले 6,393 किशोरियों का टीकाकरण हुआ है। शेष लक्ष्य पूरा करने के लिए स्वास्थ्य टीमें विशेष सत्र आयोजित कर रही हैं।

# महिला का नाम फर्द खतौनी से हटाया, समाधान दिवस में की कर्मचारियों की शिकायत

जिला संवाददाता (वीओएल)

धामपुर, बिजनौर। महिला किसान ने तहसील कर्मियों की लापरवाही से परेशान होकर अपनी बैनामाशुदा भूमि की फर्द खतौनी में अपना नाम दर्ज कराने के लिए समधान दिवस में शिकायती पत्र देकर कार्रवाही की मांग की है। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अंशिका दिक्षित की अध्यक्षता में तहसील धामपुर में को आयोजित समाधान दिवस के मौके पर शिकायतकर्ता कुसुमलता पत्नी मदनपाल सिंह निवासी ग्राम रामठेरा तहसील धामपुर ने अपनी शिकायत दर्ज कराते हुए कहा कि एक आराजी कायस्थ स्थित मौजा नंगला गन्ना बी0ए परगना व तहसील धामपुर जिला बिजनौर में खसरा नम्बर 200 रकबा 0.317 है0 भूमि है। जिसमें उसका 1/2 भाग 0.159 है0 भूमि है जबकि जावित्री देवी पत्नी मलखे निवासी खानूजट भी 1/2 भाग की मालिक व काबिज है। जावित्री देवी की मृत्यु उपरान्त 1/2 भाग पर वेद प्राकश व चिरंजीलाल व मदन व प्रमोद पुत्रगण मलखे सिंह के नाम विरासत हो गई। तथा जावित्री के चारो पुत्रों में से एक पुत्र ने अपना हिस्सा हेमराज पुत्र यादराम को तथा तीन पुत्रों ने अपना हिस्सा राजो देवी पत्नी नरदेव सिंह को बजरिये बैनाम कर दिया। यानी चारो भाईयों उपरोक्त भूमि में अपना पूर्ण बकदर 1/2 हिस्सा विक्रय कर दिया। तथा बैनामें के आधार पर उक्त चारो भाईयों के नाम के स्थान पर क्रेता हेमराज व राजो देवी का नाम दाखिल खारिज हो चुका है। शिकायतकर्ता कुसुमलता पत्नी मदनपाल सिंह का आरोप है कि पूर्व में उसका नाम उसके 1/2 भाग 0.159 है0 भूमि का फर्द खतौनी में दर्ज था लेकिन नई खतौनी बनाते समय हल्का लेखपाल ने कुसुमलता का नाम नई फर्द खतौनी में दर्ज करने से छोड दिया। कुसुमलता ने फर्द खतौनी में अपना नाम दर्ज कराने व उसका हटाने वाले दोषी तहसील कर्मियों की जांच कराकर कार्रवाही की मांग की है।

# प्रदेश में लाखों आंगनवाड़ी व सहायिकाओं के मानदेय में हुई बढ़ोतरी : एमएलसी



जिला संवाददाता

बिजनौर। प्रदेश सरकार द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के मानदेय को 7500 रुपए से बढ़ाकर 12 हजार रुपए प्रतिमाह तथा आंगनबाड़ी सहायिकाओं का मानदेय 3750 रुपए से बढ़ाकर 6 हजार प्रतिमाह कर दिया गया है। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकताओं व सहायिकाओं के के लिए साड़ी की धनराशि को बटन दबाकर उनके बैंक खातों में हस्तांतरित भी किया। कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अयोध्या के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया जिसे विधान परिषद सदस्य अशोक कटारिया, नहटौर विधायक ओम कुमार, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बिजनौर इंदिरा सिंह, जिलाधिकारी जसजीत कौर सहित अन्य अधिकारियों, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं ने देखा। बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा आयोजित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं के सम्मान समारोह कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य अशोक कटारिया ने कहा कि सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास व सबके विश्वास पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 मे नरेंद्र मोदी जी देश के प्रधानमंत्री बने है। उन्होंने विभिन्न योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री उज्वला योजना आदि योजनाओं से पात्रों को लाभान्वित करते हुए अब तक 55 लाख करोड रुपए डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खातों में भेजे हैं। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं को सर्वप्रथम मानदेय बढ़ोतरी पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि बिजनौर से बलिया तक, गाजियाबाद से गाजीपुर तक, मेरठ से महाराजगंज तक पूरे प्रदेश में लाखों आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायिकाओं के मानदेय में बढ़ोतरी हुई है प्रदेश में करोड़ों रुपए के मानदेय में बढ़ोतरी हुई है। विधायक नहटौर ओम कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश हर व्यक्ति के चेहरे पर खुशी व जीवन में खुशहाली लाने का कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान विधान परिषद सदस्य अशोक कटारिया, नहटौर विधायक ओम कुमार, नगर पालिका अध्यक्ष इंदिरा सिंह, जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बढे हुए मानदेय के सांकेतिक चेक आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं को दिए। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कार्यक्रम में आगमन पर जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी से करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, जिला विकास अधिकारी रचना गुप्ता, जिला कार्यक्रम अधिकारी विमल कुमार चैबे सहित अन्य अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां व सहायिकाएं मौजूद रहे।

# जनपद स्तरीय बैंड प्रतियोगिता आयोजित



महोबा। माध्यमिक विद्यालयों की जनपद स्तरीय बैंड प्रतियोगिता का आयोजन पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महोबा में 9 सितंबर 2026 को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या सरगम खरे एवं कार्यक्रम के नोडल अमित राजपूत द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया। उक्त प्रतियोगिता में सेंट जोसेफ इंटर कॉलेज ने प्रथम, पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महोबा ने द्वितीय व सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता टीमों को प्रधानाचार्या सरगम खरे द्वारा प्रमाण पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया और भविष्य में और अच्छी प्रस्तुति देने के लिए प्रोत्साहित किया गया। निर्णायकों की भूमिका अमित राजपूत, सिस्टर विमला, नीरज प्रभा, वंदना शुक्ला, आसाराम ने निभाई।

## डीएम के आदेश पर भी नहीं बनी सड़क, लामा के ग्रामीणों ने की शिकायत



बांदा। बड़ोखरखुर्द ब्लाक के ग्राम लामा के ग्रामीण ओमप्रकाश सिंह, रामआशीष, अनिरुद्ध, सुनीता, फूलकली आदि ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र दिया है। कहा कि ग्राम लामा में अनिल कुमार मिश्रा के मकान से गयादीन का डेरा व रामकिशोर का डेरा आदि हैं। यहां पर कई परिवार निवास करते हैं। बच्चे स्कूल जाते हैं लेकिन कच्चा मार्ग होने से सभी कार्य बाधित हैं। कई बार ब्लाक में अवगत कराया गया लेकिन आज तक कुछ नहीं हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस का कोई रिजल्ट नहीं निकला। ग्रामीणों ने संपर्क मार्ग पक्का कराने की मांग की है। बताते चले कि बीते एक माह पूर्व ग्रामीणों ने मार्ग निर्माण को लेकर जिलाधिकारी से भेंट की थी। उन्होंने इस मामले पर जिला पंचायतराज अधिकारी को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए थे लेकिन डीपीआरओ ने जिलाधिकारी के आदेश को भी नजरअंदाज कर दिया। इसी के चलते दोबारा ग्रामीणों को जिलाधिकारी के पास शिकायत लेकर जाना पड़ा।

## बारिश के बाद बीमारियों से निपटने की तैयारी तेज करने की मांग



बांदा। बाढ़-बारिश के बाद बीमारियों से निपटने के लिए भाजपा नेता राकेश बाजपेयी ने सीएमओ को पत्र देकर बीमारियों से निपटने की तैयारी तेज करने की मांग की है। उन्होंने पैलानी, जसपुरा सहित जिलेभर में फ्लू, मच्छरजनित बीमारियों और संक्रमण की आशंका को देखते हुए दवा व जांच व्यवस्था दुरुस्त करने पर जोर दिया। समाजसेवी राकेश बाजपेयी ने सीएमओ से कहा कि बाढ़ के कारण जिले के कई ग्रामीण क्षेत्रों में जनजीवन प्रभावित हुआ है। बाढ़ का पानी उतरने के बाद जगह-जगह जलभराव, गंदगी व नमी की स्थिति बनी हुई है। ऐसे वातावरण में मच्छरों की संख्या बढ़ने के साथ ही संक्रमण फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। विशेष रूप से पैलानी और जसपुरा क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांवों में लोगों के स्वास्थ्य पर विशेष निगरानी की जरूरत है। उन्होंने सीएमओ से मांग की कि पैलानी, जसपुरा व जिले के सभी बाढ़ प्रभावित इलाकों में स्वास्थ्य विभाग की टीमें सक्रिय की जाएं। कहा कि राहत और बचाव कार्य के बाद अब सबसे बड़ी चुनौती प्रभावित आबादी को बीमारियों से बचाना है।

## जर्जर छात्रावासों का सर्वे कराने की मांग

बांदा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने जनपद में जर्जर छात्रावास भवन, एवं निजी पीजी में रह रहे छात्र-छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने को तत्काल सर्वेक्षण एवं अवश्यक कार्रवाई किए जाने के लिए जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया है। प्रदेश सह संयोजक सुभाष त्रिपाठी ने कहा कि अभी विगत दिनों दिल्ली के सत्य निकेतन क्षेत्र में छात्र छात्राओं के रहने वाली बहुमंजिला पीजी इमारत के अचानक धराशायी होने की अत्यंत दुःखद एवं चिंताजनक घटना सामने आई है। इसमें कई लोगों की की मृत्यु हुई। अनेक लोग घायल हुए। दोबारा ऐसी कोई घटना न हो उसके लिए जिलाधिकारी से आग्रह किया है कि एक ऐसी टीम बनाए जो जनपद के पीजी का निरीक्षण करे। मानक तय करे जिससे कि सभी छात्र एवं छात्राएं सुरक्षित रहे। इस दौरान शिवम पांडे,, कार्तिकेय गुप्ता जिला संयोजक, अभय साहू, रामेन्द्र शमा, युवराज सिंह, समीर सिंह, अंबिका तिवारी, मोनू तिवारी, अंजनेय अवस्थी आदि उपस्थित रहे।


## नकली गुटखा फैक्ट्री, पुलिस ने छापा मारकर आरोपी को दबोचा



बांदा। कोतवाली नगर क्षेत्र के शंकरनगर मोहल्ले में पुलिस ने मंगलवार शाम छापेमारी कर मकान में चल रही अवैध गुटखा पकड़ी है। सहायक एसपी मेविस टाक ने बताया कि शंकरनगर निवासी चंद्रप्रकाश उर्फ चंदू अपने मकान में गुटखा तैयार कर रहा था। मौके से उसे गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान एक गुटखा बनाने की मशीन, मिश्रित तंबाकू व कटी सुपाड़ी, विभिन्न नामों की पुड़िया, रैपर और इलेक्ट्रॉनिक वजन मशीन बरामद हुई। बरामद सामान की अनुमानित कीमत करीब 3.5 लाख रुपये बताई गई है। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह कानपुर से गुटखा निर्माण की सामग्री लाकर पिछले कई दिनों से मकान में गुटखा तैयार कर रहा था। तैयार गुटखे की आसपास के क्षेत्रों में सप्लाई किए जाने की बात भी सामने आई है। पुलिस अब इस कारोबार से जुड़े सप्लायरों और खरीदारों के बारे में जानकारी जुटा रही है। सहायक एसपी मेविस टाक ने बताया कि आरोपी के खिलाफ कोतवाली नगर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने एक गुटखा बनाने की मशीन, करीब 73 किलोग्राम मिश्रित तंबाकू एवं कटी सुपाड़ी, करीब तीन किलोग्राम विभिन्न नामों की गुटखा पुड़िया, करीब 40 किलोग्राम शुभम लिखे रैपर, करीब छह किलोग्राम जबर लिखे रैपर और एक इलेक्ट्रॉनिक वजन मशीन बरामद की है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि निर्माण सामग्री कहां से मंगाई जाती थी और तैयार गुटखा किन-किन स्थानों पर सप्लाई किया जा रहा था। पुलिस का कहना है कि कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका सामने आने पर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

## शाह चौकी प्रभारी पर मनमानी का आरोप

फतेहपुर। भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के पदाधिकारियों एवं किसानों ने शाह पुलिस चौकी प्रभारी पर लापरवाही और मनमानीपूर्ण रवैये का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक फतेहपुर को ज्ञापन सौंपा है। संगठन ने चौकी प्रभारी पर विभिन्न मामलों में कार्रवाई न करने तथा एकतरफा निर्णय लेने के गंभीर आरोप लगाए हैं। ज्ञापन में किसानों द्वारा ग्राम शाह के किसान दीपक गुप्ता के खेत की मेड़ तोड़कर पड़ोसी द्वारा कब्जा करने का मामला उठाया गया है। चौकी प्रभारी ने नाप-जोख करवाकर निर्णय दिया था, लेकिन दबंग पक्ष द्वारा मेड़ न बांधे जाने पर इसे राजस्व का मामला बताकर टाल दिया गया। थाना दिवस में उच्च अधिकारियों के सामने आरोपी द्वारा गलती स्वीकारने के बावजूद पुलिस द्वारा ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इसके अलावा ग्राम शाह के गाटा संख्या 2830 बंजर जमीन पर किसान द्वारा कृषि यंत्र खड़ा किया जाता है, लेकिन पुलिस और राजस्व विभाग के दबाव में पड़ोसी द्वारा वहां जबरन ईंट-मोरंग गिराकर निर्माण कराने की कोशिश की जा रही है। अयाह के किसान संतोबा की धारा 24 हकबंदी पत्थर गढ़ी के बाद दबंगों द्वारा उखाड़े गए पत्थर के मामले में उपजिलाधिकारी के आदेश के बावजूद पुलिस मुकदमा दर्ज नहीं कर रही है। वहीं अयाह के ग्राम भगवानपुर में मारपीट की घटना पर चोटिल व्यक्ति पर ही मुकदमा न लिखने का दबाव बनाकर सुलह कराने का प्रयास किया जा रहा है।



संक्षेप

## अल्केम ने लॉन्च किया रेनोसिया एक्सो

मुंबई। अल्केम लेबोरेटरीज लिमिटेड ने आज रेनोसिया एक्सो लॉन्च करने की घोषणा की। यह नेक्स्ट-जेनरेशन हेयर रीजेनरेशन थेरेपी है, जिसे एक व्यापक वैज्ञानिक तरीके से हेयर फॉलिकल की हेल्थ और वाइटैलिटी को सपोर्ट करने के लिए विकसित किया गया है।भारत में हेयर लॉस सबसे तेजी से बढ़ रही डमेटोलॉजिकल समस्याओं में से एक बन गया है।इसका असर सिर्फ बढ़ती उम्र के लोगों पर ही नहीं, बल्कि कम उम्र के लोगों पर भी बढ़ रहा है। जेनेटिक्स, लाइफस्टाइल में बदलाव, एनवायरनमेंटल स्ट्रेसर्स और बदलते हेल्थ पैटर्न इसके प्रमुख कारणों में शामिल हैं। पिछले एक दशक में हेयर रिस्टोरेशन की साइंस काफी विकसित हुई है और यह समझ भी बेहतर हुई है कि प्रोग्रेसिव हेयर थिनिंग के पीछे क्या कारण हैं। हेयर थिनिंग फॉलिक्युलर मिनिएचराइजेशन, अल्टर्ड सेलुलर सिग्नलिंग, ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस, इन्फ्लेमेशन और फॉलिक्युलर माइक्रोएनवायरनमेंट में बदलाव जैसी कई बायोलॉजिकल प्रोसेसेज से प्रभावित होती है।इस बदलती समझ के साथ उतने ही एडवांस्ड थेराप्यूटिक सॉल्यूशंस की जरूरत है।

## नंद घर का मिशन पोषण अभियान शुरू

नई दिल्ली।9वें राष्ट्रीय पोषण माह 2026 की शुरूआत से पहले, अनिल अग्रवाल फाउंडेशन की प्रमुख पहल और वेदांता की सामाजिक प्रभाव शाखा नंद घर ने आज नंद घर का मिशन, संपूर्ण पोषण अभियान की शुरूआत की।यह पहल भारत सरकार के पोषण अभियान 2.0 के तहत पोषण को जन आंदोलन बनाने और बेहतर पोषण परिणामों के लिए सामूहिक प्रयासों को बढ़ावा देने के निरंतर प्रयासों को आगे बढ़ाती है। हर बच्चे को जीवन में सही शुरूआत देना। जब इसमें शिक्षा और संस्कार जुड़ते हैं, तो जीवन के पहले छह वर्षों में ही एक उत्पादक जीवन की मजबूत नींव रखी जाती है।हमारे शास्त्रों में भी यही कहा गया है। महिलाएं हमारी आबादी का 50 प्रतिशत हैं। जब महिलाएं सशक्त और आर्थिक रूप से स्वतंत्र होती हैं, तो इसका प्रभाव परिवार, समाज और अर्थव्यवस्था पर परिवर्तनकारी होता है।यही नंद घर के पीछे मेरा सपना है। आज 18 राज्यों में 15,000 से अधिक नंद घरों के माध्यम से 5 लाख से अधिक बच्चों और 4 लाख महिलाओं के जीवन को प्रभावित करते हुए यह सपना साकार होता दिखाई दे रहा है।

## बंधन लाइफ आईइन्वेस्ट अल्टिमा प्लस और एक नया मल्टी कैप फंड लॉन्च

मुंबई। बंधन ग्रुप की जीवन बीमा कंपनी, बंधन लाइफ इंश्योरेंस ने बंधन लाइफ आईइन्वेस्ट अल्टिमा प्लस नामक एक यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान (यूलिप) लॉन्च किया है, जो ग्राहकों को उनके प्रियजनों की सुरक्षा के साथ लंबे समय के लिए संपत्ति बनाने में मदद करने के लिए डिजाइन किया गया है, तथा इसके साथ ही कंपनी ने एक नया 'बंधन लाइफ मल्टी कैप फंड' भी लॉन्च करने की घोषणा की है, जो ग्राहकों को भारत की लॉन्ग-टर्म ग्रोथ स्टोरी में भाग लेने का अवसर प्रदान करता है। 10 प्रति यूनिट की शुरूआती नेट एसेट वैल्यू (एन.ए.वी) वाला यह नया फंड लॉन्च (एन.एफ.एल) 21 सितंबर 2026 तक खुला रहेगा। भारत की ग्रोथ स्टोरी तेजी से बढ़ती आकांक्षाओं, अधिक वित्तीय जागरूकता और शेयर बाजारों में बढ़ती भागीदारी से आकार ले रही है। जैसे-जैसे अधिक भारतीय संपत्ति बनाने और अपने परिवारों के भविष्य को सुरक्षित करने की ओर देख रहे हैं।

## जी5 भारत के स्ट्रीमिंग अनुभव में नयी शुरुआत

नई दिल्ली। जी5 उनके मनोरंजन को तलाशने और देखने के अनुभव को नए सिरे से परिभाषित कर रहा है। अपने कंटेंट को और बेहतर बनाने की दिशा में आगे बढ़ते हुए, प्लेटफॉर्म ने मोबाइल और कनेक्टेड टीवी पर एक बड़ा और अभूतपूर्व बदलाव पेश किया है। यह बदलाव बेहतर पर्सनलाइजेशन, एआई आधारित कंटेंट खोज, समृद्ध विजुअल नेविगेशन और अलग-अलग स्क्रीन के बीच सहज अनुभव से संचालित है। दर्शकों के देखने के तरीके को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया नया जी5 मनोरंजन की खोज को सहज, आकर्षक और आसान बनाने के लिए पाँच अलग-अलग यूनिवर्स प्रीमियम एंटरटेनमेंट, फ्री 5, किड्ज, टीवी और स्पोर्ट्स के दरवाजे खोलता है। पर्सनलाइजेशन नए अनुभव का मुख्य हिस्सा है, जो दर्शकों को उनकी रुचियों के अनुसार सबसे प्रासंगिक कंटेंट खोजने में मदद करता है।

# सेंसेक्स में 813 अंकों की गिरावट




मुंबई। घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट आई। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के साथ कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंचने से मानक सूचकांक... बीएसई सेंसेक्स 813 अंक लुढ़का जबकि एनएसई निफ्टी 23,450 अंक के नीचे आ गया।

सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली और विदेशी निवेशकों की नए सिरे से पूंजी निकासी से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित रही। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 813.35 अंक यानी 1.08 प्रतिशत लुढ़क कर दिन के निचले स्तर 74,764.23 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 203.60 अंक यानी 0.86 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,431.50 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में एचसीएल टेक्नोलॉजीज का शेयर सबसे अधिक 4.55 प्रतिशत टूटा। इसके अलावा इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचडीएफसी बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयरों में भी गिरावट रही। दूसरी ओर, लाभ में रहने वाले शेयरों में अदाणी पोर्ट्स, टाटा स्टील, ट्रेंट और एनटीपीसी शामिल हैं। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में भी तेजी रही। ब्रेंट कच्चा तेल 2.67 प्रतिशत बढ़कर 100.5 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। बिकवाली दबाव के साथ भारतीय शेयर बाजार में लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही। कच्चे तेल की उंची कीमतों, वैश्विक तनाव बने रहने और बाजार में बढ़ती अस्थिरता ने निवेशकों का भरोसा प्रभावित किया। इससे जोखिम लेने की धारणा प्रभावित हुई। उन्होंने कहा कि भारत अस्थिरता सूचकांक (वीआईएक्स) में छह प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई। यह बाजार में बढ़ती सावधानी और निकट अवधि को लेकर सतर्क रुख को दर्शाती है। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को 123.19 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। सेंसेक्स मंगलवार को 555.23 अंक टूटकर 75,577.58 अंक पर रहा था और निफ्टी 144.05 अंक की गिरावट के साथ 23,635.10 अंक पर बंद हुआ था।

# कच्चे तेल के दाम में उछाल के बीच रुपया 34 पैसे टूटकर 95.08 प्रति डॉलर पर



मुंबई। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 34 पैसे टूटकर 95.08 (अस्थायी) के स्तर पर रहा। कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंचने से महंगाई और विदेशी मुद्रा के अधिक बाहर जाने की आशंका से रुपये पर दबाव रहा।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि कमजोर शेयर बाजार और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की बिकवाली से भी रुपये पर दबाव बढ़ा। पश्चिम एशिया में तेल संयंत्रों और टैंकर पर हुए हमलों के बाद ब्रेंट कच्चे तेल का वायदा भाव करीब छह सप्ताह में पहली बार 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया। अमेरिका-ईरान के बीच जारी तनाव के दौरान पहले से प्रभावित आपूर्ति व्यवस्था पर और दबाव बढ़ने की आशंका से तेल की कीमतों में तेजी आई। ब्रेंट क्रूड 2.94 प्रतिशत बढ़कर 100.73 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 94.80 पर खुला, जो दिन का उच्चतम स्तर भी था। बाद में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच रुपया कमजोर होकर 95.22 के निचले स्तर तक आया। अंत में रुपया 95.08 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा, जो पिछले बंद भाव 94.74 से 34 पैसे की गिरावट है। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.05 प्रतिशत बढ़कर 98.84 पर पहुंच गया। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने की प्रवृत्ति के कारण आज रुपये में गिरावट आई। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ने से ब्रेंट क्रूड 100 डॉलर के स्तर को पार कर गया। एफआईआई की बिकवाली ने भी रुपये पर दबाव डाला। हालांकि, कमजोर डॉलर के कारण रुपये ने शुरुआती नुकसान की कुछ भरपाई की। इससे पहले मंगलवार को अमेरिकी सेना ने अपने युद्धपोत पर हुए हमलों के जवाब में ईरान के पांच तेल टैंकर को निशाना बनाया। इसके बाद ईरान ने जॉर्डन में अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाया। घरेलू शेयर बाजार में सेंसेक्स 813.35 अंक गिरकर 74,764.23 अंक पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 203.60 अंक फिसलकर 23,431.50 अंक पर आ गया।

# पेट्रोलियम कंपनियों को पेट्रोल पर पांच व डीजल पर 23 रुपये प्रति लीटर नुकसान

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंचने से सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों को पेट्रोल की बिक्री पर करीब पांच रुपये और डीजल पर 23 रुपये प्रति लीटर का नुकसान हो रहा है।

विश्लेषकों ने बुधवार को यह जानकारी दी। कच्चे तेल की कीमत जुलाई के बाद अपने सबसे उंचे स्तर पर पहुंच गई है। इससे पहले 23 जुलाई को इसकी कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर थी। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत 2.5 प्रतिशत बढ़कर 100 डॉलर प्रति बैरल से अधिक हो गई है, जबकि अमेरिकी वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट कच्चा तेल करीब दो प्रतिशत बढ़कर 95 डॉलर प्रति बैरल के आसपास आ गया। यह तेजी अमेरिका और ईरान के बीच हालिया तनाव तथा एक-दूसरे के खिलाफ की गई सैन्य कार्वाई के बाद आई है। दुनिया के तीसरे सबसे बड़े तेल आयातक और उपभोक्ता देश भारत पर अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव का सीधा असर पड़ता है। कच्चे तेल की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी से देश का डॉलर में होने वाला आयात खर्च बढ़ता है, जिससे व्यापार घाटे और रुपये पर दबाव पड़ सकता है।

# सोने की कीमतों में लगातार तीसरे दिन गिरावट



नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को कम मांग के कारण सोने की कीमतों में लगातार तीसरे सत्र में गिरावट आई और यह 100 रुपये टूटकर।,58,000 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत पिछले सत्र में।,58,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, हालांकि, चांदी ने इस रुख के उलट प्रदर्शन किया और लगातार दूसरे सत्र में अपनी बढ़त जारी रखी। यह मंगलवार के 2,41,100 रुपये प्रति किलोग्राम के बंद स्तर से 2,300 रुपये बढ़कर 2,43,400 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) हो गई। सोने की कीमत एक सीमित दायरे में रही है क्योंकि निवेशक इस सप्ताह के आखिर में आने वाले महत्वपूर्ण अमेरिकी महंगाई आंकड़ों से पहले सतर्क रुख अपना रहे हैं। उन्होंने कहा कि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच लगातार महंगाई को लेकर चिंताएं फिर से बढ़ा दी हैं। गांधी ने कहा, ऊर्जा की अधिक लागत महंगाई के दबाव को बढ़ा सकती है और इस संभावना को मजबूत कर सकती है कि ब्याज दरें उंची बनी रह सकती हैं, जिससे सर्राफा में बढ़त सीमित हो सकती है। वैश्विक बाजार में, हाजिर सोना 43.67 डॉलर या एक प्रतिशत बढ़कर 4,399.22 डॉलर प्रति औंस हो गया, जबकि चांदी लगभग एक प्रतिशत बढ़कर 66.25 डॉलर प्रति औंस हो गई। हालिया गिरावट के बाद हाजिर सोने में सुधार हुआ क्योंकि कारोबारी दीर्घावधिक ऋण पुनर्खरीद कार्यक्रम पर अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट की घोषणा का इंतजार कर रहे थे। बाजार का ध्यान अब पूरी तरह से इस सप्ताह के आखिर में आने वाले अमेरिकी पीपीआई और सीपीआई आंकड़ों पर है, जो यह तय करने में महत्वपूर्ण होगा कि क्या महंगाई का दबाव सितंबर में फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरें बढ़ाने को सही ठहराता है।

# जवाबदेही के साथ नवोन्मेष और मजबूती का संतुलन बनाये रखें

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर रोहित जैन ने बुधवार को कहा कि नीतियों में नवोन्मेष के लिए पर्याप्त अवसर होना चाहिए, लेकिन इसके साथ जवाबदेही और वित्तीय व्यवस्था की मजबूती भी सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने यहां वैश्विक फिनटेक सम्मेलन में कहा कि नीति का उद्देश्य ऐसी परिस्थितियां तैयार करना होना चाहिए, जिनमें उपयोगी नवोन्मेष जिम्मेदारी के साथ विकसित हो सके।

इसके लिए ऐसे स्पष्ट नियम जरूरी हैं, जहां जोखिमों को समझा जा चुका हो, वहीं उभरते जोखिमों के मामले में प्रयोग के लिए पर्याप्त गुंजाइश हो और प्रौद्योगिकी तथा उसके उपयोग में बदलाव के साथ नियमों में भी बदलाव किया जा सके। अच्छी नीति को नवोन्मेष को बढ़ने का अवसर देना चाहिए और साथ ही जवाबदेही तथा मजबूती भी बढ़नी चाहिए। उन्होंने कहा कि नीतियां जमीनी स्तर पर हो रहे बदलावों से भी जुड़ी होनी चाहिए। तेजी से बदलते माहौल में नियामक केवल रिटर्न और निगरानी से जुड़ी जानकारी के आधार पर उभरती प्रौद्योगिकियों को पूरी तरह नहीं समझ सकते। वित्तीय संस्थानों, वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियों और प्रौद्योगिकी सेवा प्रदाताओं के साथ नियमित बातचीत से नए उपयोगों और उभरती चिंताओं की जल्द पहचान करने में मदद मिलती है।

# कच्चा तेल 100 डॉलर प्रति बैरल के पार




न्यूयॉर्क। पश्चिम एशिया में तेल संयंत्रों और टैंकर पर हमलों के बाद कच्चे तेल की कीमत करीब छह सप्ताह में पहली बार 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई है।

इन हमलों से पहले से कमजोर आपूर्ति श्रृंखला के और प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट कच्चे तेल का सबसे अधिक कारोबार वाला वायदा अनुबंध मंगलवार को 97.89 डॉलर प्रति बैरल पर बंद हुआ था। इसकी कीमत बुधवार को शुरुआती कारोबार में कुछ समय के लिए 100 डॉलर प्रति बैरल के पार हो गई। कच्चे तेल की कीमत बढ़ने से पेट्रोल, डीजल और विमान ईंधन के दाम भी बढ़ सकते हैं। इससे यात्रा की लागत बढ़ने के साथ-साथ ताजा खाद्य पदार्थों और फर्नीचर तथा घरेलू उपकरणों जैसी लंबी दूरी तक भेजी जाने वाली वस्तुओं की कीमतों पर भी असर पड़ सकता है। बाजार में यह प्रतिक्रिया उस समय आई जब अमेरिकी सेना ने बताया कि उसने अपने नौसैनिक युद्धपोत पर हुए मिसाइल हमले की कोशिश के जवाब में ईरान के पांच तेल टैंकर को निशाना बनाया। इसके अलावा, ईरान समर्थित हूती विद्रोही समूह के हमलों से सऊदी अरब में तेल संयंत्रों में आग लग गई।

# टिकाऊ वृद्धि के लिए सेवा निर्यात में विविधता लाने की जरूरत

मुंबई। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने बुधवार को कहा कि टिकाऊ वृद्धि हासिल करने के लिए भारतीय उद्योग को सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) तथा आईटी आधारित सेवाओं एवं पेशेवर सेवाओं के दो प्रमुख क्षेत्रों से आगे बढ़कर अपने सेवा निर्यात में विविधता लाने की जरूरत है। ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2026 में एक सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वैश्विक वित्तीय सेवा क्षेत्र बढ़ रहा है और इसका आकार करीब 670 अरब अमेरिकी डॉलर है, लेकिन इसमें भारत की हिस्सेदारी केवल आठ अरब डॉलर है, जो वैश्विक व्यापार का एक प्रतिशत से कुछ ही अधिक है। यहां वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) कंपनियां बदलाव ला सकती हैं... आठ अरब अमेरिकी डॉलर में से 95 प्रतिशत डिजिटल तरीके से प्रदान की जाने वाली वित्तीय सेवाएं हैं। ये ऐसी सेवाएं हैं जिन्हें अपने देश में बैठे हुए सीमा पार उपलब्ध कराया जाता है। यह संभवतः भारत की ताकत है और इसी क्षेत्र में हम आगे बढ़ रहे हैं।

अब समय आ गया है कि प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल के जरिये हमें इसमें विविधता लानी चाहिए। उन्होंने कहा कि देश का सेवा निर्यात अच्छी वृद्धि दर्ज कर रहा है। वित्त वर्ष 2025-26 में कुल 863 अरब अमेरिकी डॉलर के निर्यात में सेवा क्षेत्र का योगदान 421 अरब डॉलर रहा था। सचिव ने बताया कि देश के सेवा निर्यात की वृद्धि की कहानी में प्रमुख चुनौतियों में से एक यह रही है कि यह दो प्रमुख क्षेत्रों यानी आईटी व आईटी आधारित सेवाओं तथा पेशेवर सेवाओं पर अधिक केंद्रित है। आईटी या आईटी संबद्ध सेवाओं का भारत के कुल निर्यात में करीब 50 प्रतिशत हिस्सा है, जबकि पेशेवर सेवाओं की हिस्सेदारी 30 प्रतिशत है। फिलहाल हमारे सेवा निर्यात की बुनियाद इन दो क्षेत्रों पर टिकी है, लेकिन अगर हमें वृद्धि करनी है और लंबे समय तक सतत या टिकाऊवृद्धि हासिल करनी है तो इसमें विविधता लानी होगी। उन्होंने कहा कि भारत में दुनिया को विभिन्न प्रकार की सेवाएं उपलब्ध कराने की क्षमता है।

वाणिज्य सचिव ने लेनदेन की लागत और धन भेजने की लागत को कम करने के तरीकों पर विचार करने का भी सुझाव दिया।

## 253 ग्राम से 201 ग्राम तकः दुनिया के सबसे हल्के फोल्डेबल में है इंजीनियरिंग

नई दिल्ली। साल 2019 में 276 ग्राम वजन वाला पहला गैलेक्सी फोल्ड पेश करने के बाद से सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने फोल्डेबल स्मार्टफोन की संभावनाओं का दायरा लगातार बढ़ाया है। जैसे-जैसे ये तकनीकें आगे बढ़ीं, सैमसंग ने एक और चुनौती पर ध्यान दिया। बड़ी स्क्रीन वाले फोल्डेबल को रोजमर्रा में साथ ले चलना और आसान कैसे बने, वह भी उन अनुभवों को खोए बिना जो इस फॉर्म फैक्टर को अलग बनाते हैं। इसी कोशिश में गैलेक्सी जेड फोल्ड5 का वजन 253 ग्राम रहा और गैलेक्सी जेड फोल्ड6 में यह घटकर 239 ग्राम हो गया।गैलेक्सी जेड फोल्ड7 के साथ लक्ष्य और ऊंचा हो गया। क्या कोई फोल्डेबल किसी बार-टाइप फ्लैगशिप स्मार्टफोन से भी हल्का हो सकता है? उस समय सैमसंग के फ्लैगशिप बार-टाइप स्मार्टफोन्स में शामिल Galaxy S25 Ultra का वजन 218 ग्राम था। डेवलपमेंट टीम ने गैलेक्सी जेड फोल्ड7 के लिए इससे भी कम वजन का लक्ष्य रखा, 215 ग्राम। गैलेक्सी जेड फोल्ड7 ने 215 ग्राम पर यह लक्ष्य पूरा किया।

## पेज एक का शेष

### श्रीलंका के

समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए भी संयुक्त रूप से काम करते रहेंगे। यह 38 वर्षों में पहली बार है जब कोई भारतीय रक्षा मंत्री श्रीलंका की यात्रा पर गया है। सिंह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज कोलंबो में श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके के साथ गर्मजोशी भरी और बेहद सार्थक बैठक हुई। उन्होंने कहा मैंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनकी सरकार के सफलतापूर्वक दो वर्ष पूरे होने पर बधाई दी। बयान के अनुसार, दिसानायके ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ हुई अपनी मुलाकातों को याद किया और दोहराया कि श्रीलंका, भारत के सुरक्षा हितों के प्रतिकूल किसी भी गतिविधि के लिए अपने क्षेत्र का इस्तेमाल कभी नहीं होने देगा। श्रीलंका के राष्ट्रपति ने चक्रवात दितवाह के दौरान ऑपरेशन सागर बंधु के तहत भारत द्वारा दी गई राहत सहायता और पुनर्निर्माण एवं पुनर्वास कार्यों को सुगम बनाने के लिए नयी दिल्ली द्वारा दिए गए व्यापक पुनर्वास पैकेज के लिए भी आभार व्यक्त किया। बयान के अनुसार, सिंह ने कहा कि श्रीलंका के सबसे करीबी मित्र और पड़ोसी के रूप में भारत सहायता को कोई एहसान नहीं, बल्कि संकट के समय सबसे पहले मदद के लिए आगे आने वाले देश के रूप में अपनी जिम्मेदारी मानता है और भविष्य में भी ऐसा करता रहेगा।

### एनआईए की

दिल्ली-एनसीआर में कथित बैठकें होने और सदस्यों को प्रशिक्षण देने की बात भी जांच में सामने आई है। जांच एजेंसी ने रसायनों और प्रयोगशाला के उपकरण बरामद होने का भी दावा किया है। विस्फोट के बाद मिले सामान की फॉरेंसिक जांच में टीएटीपी और अमोनियम नाइट्रेट के निशान मिलने की बात चार्जशीट में कही गई है। एनआईए के मुताबिक, 10 नवंबर 2025 को लाल किले के पास शाम करीब 6 बजकर 50 मिनट पर जिस कार में विस्फोट हुआ, उसे कथित तौर पर वाहन आधारित विस्फोटक उपकरण में बदला गया था। जांच एजेंसी का आरोप है कि नबी और एक सह-आरोपी ने साजिश के तहत सेकंड हैंड कार खरीदी थी। विस्फोट के समय नबी उसी वाहन में मौजूद था। जांच के दौरान घटनास्थल से मिले जैविक नमूनों की डीएनए जांच से उसकी पहचान की पुष्टि होने का दावा किया गया है। फॉरेंसिक जांच में घटनास्थल से मिले सामान पर टीएटीपी और अमोनियम नाइट्रेट के अवशेष भी पाए गए। एनआईए के अनुसार, फॉरेंसिक सबूतों से संकेत मिला कि वाहन में लगाए गए विस्फोटक को अंदर से एक कमांड तंत्र के जरिए सक्रिय किया गया था।

### बेटियों को

और कोई परिवार अवसर के अभाव में विकास से दूर नहीं रहेगा। बेटी की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाले अपराधियों के लिए जेल या जहन्नुम के अलावा कोई तीसरा रास्ता नहीं है। हमारी सरकार माफिया के सामने नहीं झुकती। महिलाओं की सुरक्षा पर कोई समझौता नहीं हो सकता। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला सुरक्षा को मजबूत करने के लिए पुलिस बल में महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ाई गई है। 2017 में करीब 10 हजार महिला पुलिसकर्मी थीं। आज यह संख्या 44 हजार हो गई है और नई भर्ती के बाद यह 50 हजार से अधिक हो जाएगी। मिशन शक्ति केंद्र स्थापित किए गए हैं। महिला बीट पुलिस अधिकारियों की तैनाती और इंटीग्रेटेड महिला बीट सिस्टम लागू किया गया है। 1090 और 181 जैसी व्यवस्थाओं को महिलाओं की सुरक्षा से जोड़ा गया है। पीएसी में तीन महिला बटालियन भी स्थापित हो रही हैं। इन्हें वीरांगना अवंती बाई लोधी, वीरांगना ऊदा देवी पासी और वीरांगना झलकारी बाई के नाम से जाना जाएगा। सीएम योगी ने कहा कि बेटी-बहन के लिए रास्ते का अर्थ केवल सड़क नहीं है। स्कूल, अस्पताल, बाजार या कार्यस्थल तक पहुंचने के रास्ते उनके सपनों की मंजिल तक जाने के मार्ग हैं। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में पिछले साढ़े नौ वर्षों में प्रदेश में हाईवे से एयरपोर्ट और रेलवे से मेट्रो तक कनेक्टिविटी का व्यापक विस्तार हुआ है। पूर्वांचल, बुंदेलखंड, गंगा और गोरखपुर लिंक जैसी एक्सप्रेसवे परियोजनाओं ने आवागमन को आसान बनाया है। बेहतर कनेक्टिविटी से स्कूल-कॉलेज, बाजार, रोजगार और कार्यस्थल की दूरी कम होती है।

### 2017 से पहले

रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को गर्भवती एवं धात्री महिलाओं, बच्चों, किशोरियों तथा उनके परिवारों के पोषण, स्वास्थ्य, देखभाल को समर्पित 9वें राष्ट्रीय पोषण माह (9 सितंबर से 8 अक्टूबर, 2026) का वाराणसी में शुभारंभ किया। सीएम ने कार्यक्रम स्थल पर लगी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इसके साथ ही उन्होंने नन्हें बच्चों को गोद में लेकर दुलारा और उनका अन्नप्राशन कराया। सीएम योगी ने इस मौके पर यूपी समेत देश विभिन्न राज्यों से आई आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों से संवाद किया और आंगनवाड़ी केंद्रों पर आधारित लघु फिल्म भी देखी। मुख्यमंत्री ने शासन की आदर्श व्यवस्था की शाश्वत अवधारणा को रामराज्य से जोड़ते हुए गोस्वामी तुलसीदास की पंक्तियों ह्यनहिं दरिद्र कोउ दुखी न दीना। नहिं कोउ अबुध न लच्छन हीना॥ह्व का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इसका आशय ऐसी व्यवस्था से है, जहां कोई गरीब, दुखी, दीन-हीन या कमजोर न हो और हर व्यक्ति स्वस्थ एवं समर्थ समाज के निर्माण में योगदान दे सके। इसी सोच के साथ केंद्र और प्रदेश सरकार मातृ एवं शिशु पोषण, महिलाओं के स्वास्थ्य, प्रारंभिक शिक्षा और आंगनवाड़ी व्यवस्था को मजबूत करने में जुटी है। सीएम ने कहा कि सक्षम विद्यार्थी आगे चलकर कुशल युवा बनेगा और यही कुशल युवा आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला रखेगा। वही भारत को नेतृत्व देगा और विकसित भारत के संकल्पों को आगे बढ़ाएगा। इसलिए बच्चों के शुरूआती वर्षों में पोषण, स्वास्थ्य और शिक्षा पर निवेश देश के भविष्य में निवेश है। प्रधानमंत्री मोदी जी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में वर्ष 2001 से जिन योजनाओं और विजन को जमीन पर उतारा, वही मॉडल आज देश के अलग-अलग हिस्सों में दिखाई दे रहा है। उत्तर प्रदेश भी इसी दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। सीएम योगी ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में आंगनवाड़ी केंद्रों की स्थिति बेहद खराब थी। बड़ी संख्या में केंद्र जर्जर अवस्था में थे। बच्चों के लिए पेयजल, शौचालय और हॉट मील जैसी मूलभूत सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं थीं। पोषाहार की आपूर्ति भी नियमित नहीं थी। सरकार बनने के बाद जब आंगनवाड़ी केंद्रों की समीक्षा की गई तो पोषाहार आपूर्ति व्यवस्था में भी गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। उस समय पोषाहार की आपूर्ति से जुड़ी व्यवस्था में एक शराब माफिया से जुड़े व्यक्ति के शामिल होने की जानकारी सामने आई थी। इसे देखते तत्काल इसकी गुणवत्ता की जांच के आदेश दिए गए और आपूर्ति व्यवस्था में बदलाव किया गया। पिछले साढ़े नौ वर्षों में 70 हजार से अधिक आंगनवाड़ी केंद्रों को नया स्वरूप दिया गया। नए मॉडल आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों के अनुकूल आधुनिक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। एक केंद्र के निर्माण एवं रिनोवेशन पर करीब 30 लाख रुपये तक खर्च किए जा रहे हैं। बाउंड्रीवॉल, बच्चों के लिए शौचालय, शुद्ध पेयजल, पोषण वाटिका और एलईडी स्क्रीन जैसी सुविधाओं को प्राथमिकता दी जा रही है।

### उच्चतम न्यायालय ने

वापस ले लिया गया। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया अधिकारी अदालत की अवमानना के दोषी हैं और बाद में नोटिस वापस ले लेने से उन्हें अवमानना की जिम्मेदारी से मुक्त नहीं किया जा सकता। इस पर सीजेआई ने कहा, आप बिल्कुल सही कह रहे हैं। हमारे युवाओं के खिलाफ कार्वाई करने का कोई सवाल ही नहीं है। हमने स्पष्ट आदेश पारित किया है। उन्होंने कहा, हमें हैरानी है कि मजिस्ट्रेट नोटिस कैसे जारी कर सकती हैं, जबकि हमने पहले ही किसी भी छात्र के खिलाफ दंडात्मक कार्वाई नहीं करने का आदेश दिया है। यह बिल्कुल स्पष्ट आदेश था।

प्रधान न्यायाधीश ने वरिष्ठ वकील से मामले के तथ्यों को रिकॉर्ड पर रखने को कहा। उन्होंने कहा, हम स्पष्टीकरण मांगेंगे। वह बताएं कि ऐसा क्यों किया गया। पीठ में न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना भी शामिल थे।

### केन्द्रीय मंत्रिमंडल

टाइगर रिजर्व, खुटाघाट बांध, मल्हार पुरातात्विक स्थल और रतनपुर महामाया मंदिर जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों तक रेल संपर्क बेहतर होगा।

### बिहार में

स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं।डुमरिया घाट में गंडक, बलतरा और कुरसेला में कोसी, खगड़िया में बूढ़ी गंडक, दीघा, गांधी घाट, हाथीदह, भागलपुर, कहलगांव और मुंगेर में गंगा, श्रीपालपुर में पुनपुन, बेनीबाद में बागमती तथा दरौली और गंगपुर सिसवन में घाघरा नदियों का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर है।बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए राज्य के विभिन्न जिलों में 723 सामुदायिक रसोई संचालित की जा रही हैं। इसके अलावा 15 राहत शिविरों में 13,446 विस्थापित लोगों के ठहरने, भोजन, चिकित्सा और अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की गई है।बुलेटिन के अनुसार अब तक 1.94 लाख पॉलीथिन शीट और लगभग 29,400 सूखा राशन पैकेट वितरित किए जा चुके हैं। निकासी और आवागमन के लिए।,979 नौकाएं लगाई गई हैं तथा 5,178 क्विंटल पशु चारा भी वितरित किया गया है।प्रमुख बैराजों से जल निकासी की स्थिति पर विभाग ने बताया कि बुधवार सुबह 10 बजे गंडक बैराज से 86,000 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा था और प्रवृत्ति स्थिर थी। इस वर्ष इसका अधिकतम प्रवाह 14 जुलाई को 2.24 लाख क्यूसेक दर्ज किया गया था। कोसी बैराज से।,48,200 क्यूसेक पानी का प्रवाह दर्ज किया गया, जबकि इंद्रपुरी बैराज (सोन नदी) से 80,785 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा था और वहां जल प्रवाह बढ़ने की प्रवृत्ति बनी हुई है। इस वर्ष इंद्रपुरी बैराज से सर्वाधिक 5,63,654 क्यूसेक पानी दो सितंबर को छोड़ा गया था।राहत एवं बचाव कार्यों के लिए राज्य के विभिन्न जिलों में राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की 27 तथा राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की 10 टीमों को तैनात किया गया है।

### उन्नाव में

केवल कागजों पर दर्ज नहीं हो रही हैं, बल्कि उन्हें तेजी से जमीन पर उतारने का काम किया जा रहा है। उन्नाव में क्राउन की परियोजना इसका उदाहरण है। क्राउन का निवेश प्रदेश के पैकेजिंग और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र के लिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पेय पदार्थ उद्योग की बढ़ती पैकेजिंग जरूरतों को पूरा करने के साथ प्लांट के आसपास सप्लाई चेन, एमएसएमई, वेयरहाउसिंग और परिवहन से जुड़ी गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। क्राउन पैकेजिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का गठन मार्च 2026 में हुआ है। यह क्राउन होल्डिंग्स की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है और इसका पंजीकृत कार्यालय लखनऊ में है।

### बुंदेलखंड में

उत्पादकता जैसे मानकों पर तकनीकों के परिणामों का भी मूल्यांकन किया जाएगा। परियोजना के तहत 72 प्रैक्टिकल ट्रेनिंग सेशन आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक सत्र में करीब 100 किसान शामिल होंगे। इस तरह करीब 7,200 किसान प्रशिक्षण से जुड़ सकेंगे। प्रशिक्षण में वाटर बजटिंग, फर्टिगेशन, क्रॉप प्लानिंग, सिंचाई संचालन और कृषि मशीनरी के इस्तेमाल की जानकारी दी जाएगी। गंगावली में तैयार हो रहे मॉडल को सफल होने पर बड़ागांव विकासखंड के पाहुज नहर के डाउनस्ट्रीम स्थित 24 अन्य गांवों तक ले जाने की तैयारी है। इसका उद्देश्य गंगावली में उपयोगी साबित होने वाली तकनीकों को बड़े क्षेत्र में लागू करना है।




# दलीप ट्रॉफी : पूर्व क्षेत्र खिताब के करीब

## दक्षिण क्षेत्र के कप्तान तिलक वर्मा ने 99 रन की पारी खेली लेकिन पूर्व क्षेत्र ने दूसरी पारी में अपने कप्तान इशान किशन के 80 रन

एजेंसी

चेन्नई। दक्षिण क्षेत्र के कप्तान तिलक वर्मा ने 99 रन की पारी खेली लेकिन पूर्व क्षेत्र ने दूसरी पारी में अपने कप्तान इशान किशन के 80 रन की बदौलत बुधवार को यहां दलीप ट्रॉफी फाइनल के चौथे दिन खिताब लगभग तय कर लिया। तिलक की 211 गेंद में 99 रन की पारी के बावजूद दक्षिण क्षेत्र की टीम पूर्व क्षेत्र के पहली पारी के 708 रन के जवाब में 336 रन पर सिमट गई। पूर्व क्षेत्र ने इस तरह 372 रन की बढ़त हासिल की। पूर्व क्षेत्र ने दक्षिण क्षेत्र को फॉलोआन नहीं देकर दूसरी पारी में स्वयं खेलने का फैसला किया और पांच विकेट पर 212 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त को 584 रन तक पहुंचाया। दिन का खेल खत्म होने पर कुमार कुशाग्र 34 जबकि कोनेन कुरैशी 26 रन बनाकर खेल रहे थे। दोनों छठे विकेट के लिए 52 रन की अटूट साझेदारी कर चुके हैं।

कल मैच का आखिरी दिन है और पहली पारी में विशाल बढ़त की बदौलत पूर्व क्षेत्र का खिताब जीतना लगभग तय हो गया है। पहली पारी में 270 रन बनाने वाले किशन अपनी 98 गेंद की पारी के दौरान पूरी तरह से सहज दिखे। उन्होंने पारी की शुरुआत ऑफ स्पिनर त्रिपुराना विजय पर मिड विकेट के ऊपर से छक्का लगाकर की। उन्होंने 26वें ओवर में विजय की लगातार गेंदों पर दो चौके और दो छक्के भी मारे। इससे कुछ ही क्षण पहले डीआरएस ने किशन को बचा लिया था। उन्होंने शिखर मोहन (52) के साथ तीसरे विकेट के लिए 146 रन की साझेदारी की। मैदानी अंपायर रोहन पंडित ने लेग स्पिनर श्रेयस गोपाल की अपील पर किशन को पगबाधा आउट दिया लेकिन डीआरएस लेने पर उन्हें फैसला बदलना पड़ा। चाय के बाद किशन अपनी लय बरकरार नहीं रख सके और जल्द ही आउट हो गए। उन्होंने तेज गेंदबाज एमडी निधीश की गेंद पर देवदत्त पडिक्कल को कैच थमाया। इससे चेपक में मौजूद दर्शक किशन का एक और शतक नहीं देख सके। उन्हें वैभव



सूर्यवंशी के जल्दी आउट होने से भी निराशा हुई। छह रन के निजी स्कोर पर विजय की पगबाधा की अपील से डीआरएस के जरिए बचने वाले सूर्यवंशी बड़ी पारी नहीं खेल सके। उन्हें इसी गेंदबाज की गेंद पर नारायण जगदीशन ने स्टंप कर दिया।


### अब मेरा लक्ष्य अफगानिस्तान सीरीज जीतना है, अपने खेल में बदलाव करना होगा : तिलक

चेन्नई। मौजूदा दलीप ट्रॉफी भले ही दक्षिण क्षेत्र के कप्तान तिलक वर्मा के लिए उम्मीद के मुताबिक नहीं रही हो लेकिन भारत के टी20 अंतरराष्ट्रीय उपकप्तान ने अब अपने लिए नया लक्ष्य तय कर लिया है जो तीन मैच की आगामी टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में अफगानिस्तान को हराना है। पूर्व क्षेत्र ने यहां घरेलू सत्र के शुरुआती टूर्नामेंट में लगभग जीत पक्की करते हुए कुल 584 रन की बढ़त हासिल कर ली है। हालांकि तिलक ने शानदार बल्लेबाजी की। दलीप ट्रॉफी फाइनल के चौथे दिन के खेल के बाद तिलक ने कहा, हां, व्यक्तिगत तौर पर मेरी फॉर्म काफी अच्छी रही है। लेकिन साथ ही यह अलग प्रारूप (अफगानिस्तान के खिलाफ) है। इसलिए मुझे फिर से अपना खेल बदलना होगा। मैं इसे लेकर काफी आश्वस्त हूं। उन्होंने कहा, अब मेरा लक्ष्य अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज जीतना है इसलिए मैं उसी आत्मविश्वास के साथ जाऊंगा और देखते हैं कि चीजें कैसी रहती हैं। भारत 13 सितंबर को नयी दिल्ली में पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के साथ अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज का आगाज करेगा। एक महीने से अधिक समय तक लाल गेंद से क्रिकेट खेलने के बाद सफेद गेंद के प्रारूप में बदलाव कितना चुनौतीपूर्ण होगा इस पर तिलक ने कहा, मैं यह नहीं कहूंगा कि यह इतना आसान है लेकिन हमारे पास अभ्यास के लिए कुछ दिन हैं। हमने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट दोनों में लाल गेंद से सफेद गेंद के प्रारूप में बदलाव किया है इसलिए यह भी वैसा ही है। उन्होंने कहा, मैं पहले भी रणजी ट्रॉफी खेल चुका हूं और उसके बाद अंतरराष्ट्रीय सफेद गेंद की सीरीज में गया। मैं उसके मुताबिक ढल गया था।

# सबालेंका और पेगुला भी सेमीफाइनल में

न्यूयॉर्क। बेन शेल्टन ने पांच सेट तक चले मैराथन मुकाबले में मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्काराज़ को हराकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के सेमीफाइनल में जगह बनाई जबकि महिला वर्ग में एरिना सबालेंका और जेसिका पेगुला अंतिम चार में पहुंचने में सफल रही। शेल्टन ने अल्काराज़ को चार घंटे 28 मिनट तक चले मैच में 6-7 (5), 6-1, 6-3,1-6, 7-6 (10-7) से हराया। यह मैच सुबह तीन बजकर 33 मिनट पर समाप्त हुआ और इस तरह से यह अमेरिकी ओपन में सबसे देर तक चला मैच बन गया है। सेमीफाइनल में शेल्टन का मुकाबला 11वीं वरीयता प्राप्त फ्रांसिस टियाफो से होगा, जिन्होंने एलेक्स मिशेलसन को 5-7, 3-6, 7-5, 6-3, 7-6 (10-6) से हराया। टियाफो ने तीसरी बार इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

शेल्टन और टियाफो के सेमीफाइनल में आमने-सामने होने से यह सुनिश्चित हो गया है कि अमेरिका का एक पुरुष खिलाड़ी फाइनल में पहुंचेगा। एंडी रॉडिक के 2003 में खिताब जीतने के बाद अमेरिका का कोई भी पुरुष खिलाड़ी ग्रैंड स्लैम खिताब नहीं जीत पाया है। इससे पहले अमेरिकी ओपन में सबसे देर तक चले मुकाबले में भी अल्काराज़ शामिल थे। उन्होंने 2022 के क्वार्टर फाइनल में यानिक सिनर को हराया था और फिर 19 साल की उम्र में अपना



पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता था। यह मैच सुबह दो बजकर 50 मिनट पर समाप्त हुआ था। शेल्टन ने तीसरी बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। इससे पहले वह 2023 में अमेरिकी ओपन और 2025 ऑस्ट्रेलियाई ओपन के अंतिम चार में पहुंचे थे। शेल्टन ने दूसरे सेट की शुरुआत से ही लगातार नौ गेम जीतकर मैच पर अपना नियंत्रण बना दिया। दाहिनी कलाई की चोट के कारण अप्रैल के बाद अपने पहले टूर्नामेंट में खेल रहे अल्काराज़ ने चौथा सेट जीतकर वापसी की। वह थोड़ा अस्वस्थ लग रहे थे क्योंकि उन्होंने अंतिम सेट शुरू होने से पहले उल्टी की।

इससे पहले सबालेंका को जब लग रहा था कि अमेरिकी ओपन में लगातार तीसरा खिताब और महिला वर्ग में नंबर एक रैंकिंग बनाए रखने का उनका सपना टूट रहा है तब उन्होंने साबित किया कि वह आखिर तक हार मानने वाली नहीं हैं। सबालेंका ने मंगलवार को रोमांचक मुकाबले में विंबलडन चैंपियन लिंडा नोस्कोवा को 7-6 (1), 3-6, 7-6 (10-7) से हराकर अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया जहां उनका सामना जेसिका पेगुला से होगा। सबालेंका ने मैच के बाद कहा, क्या जबरदस्त मुकाबला था। वह क्या शानदार खिलाड़ी है। एक समय तो मुझे लगा कि सब कुछ खत्म हो गया है। इससे मुझे थोड़ा सहज होने और ध्यान केंद्रित करने में मदद मिली। सबालेंका के लिए नंबर एक की रैंकिंग बरकरार रखने के लिए इस मैच में जीत जरूरी थी। उन्हें अब पेगुला की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा।

### आईओए ने असुंता लाकड़ा के यौन उत्पीड़न के आरोप की जांच के लिए समिति गठित की

नयी दिल्ली। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने महिला टीम की पूर्व कप्तान असुंता लाकड़ा द्वारा हॉकी इंडिया के सचिव भोला नाथ सिंह पर यौन उत्पीड़न के मामले में परेशान करने और डराने धमकाने के आरोपों की जांच के लिए उच्च न्यायालय की सेवानिवृत न्यायाधीश दीपा शर्मा की अध्यक्षता में चार सदस्यीय स्वतंत्र जांच समिति का गठन किया है। खेल मंत्रालय के निर्देश के बाद गठित इस पैनल में पूर्व ट्रैक एवं फील्ड एथलीट वंदना राव, महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान ममता खरब और वकील सितवत नबी सदस्य के रूप में शामिल हैं। हॉकी इंडिया के कार्यकारी बोर्ड की सदस्य लाकड़ा ने झारखंड में स्थानीय कोच सुधीर गोल्ला द्वारा लड़कियों के कथित यौन उत्पीड़न पर आपत्ति जताने के बाद सिंह पर धमकी देने और परेशान करने का आरोप लगाया था। हॉकी इंडिया को समिति के मानदेय, यात्रा, आवास और अन्य आकस्मिक खर्चों से संबंधित सभी आवश्यक भुगतान मुहैया कराने का भी निर्देश दिया गया है।

## संक्षेप

### अजितेश ने चेन्नई ओपन गोल्फ में दो शॉट की बढ़त

चेन्नई। अजितेष संधू ने बुधवार को यहां दूसरे दौर में छह अंडर 66 के स्कोर के साथ चेन्नई ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में दो शॉट की बढ़त बना ली। चंडीगढ़ के 37 साल के संधू का कुल स्कोर 13 अंडर 131 है। दिन की शुरुआत संयुक्त रूप से बढ़त के साथ करने वाले संधू ने दूसरे दौर में आठ बर्डी की लेकिन दो बोगी भी कर गए जिससे उनका स्कोर छह अंडर रहा। संधू ने पहले दौर के बाद संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे चेक गणराज्य के स्टेपन दानेक पर दो शॉट की बढ़त बना ली है। दानेक ने छह बर्डी और दो बोगी से चार अंडर 68 का स्कोर बनाया। वह कुल 11 अंडर के स्कोर से दूसरे स्थान पर हैं। दिल्ली के राशिद खान (68) 10 अंडर 134 के कुल स्कोर के साथ तीसरे पायदान पर हैं।

### श्रीलंका क्रिकेट को अनुमानित दो करोड़ डॉलर के राजस्व का नुकसान

कोलंबो। श्रीलंका क्रिकेट को अगले साल की शुरूआती आईसीसी महिला चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी अधिकार गंवाने के बाद लगभग दो करोड़ अमेरिकी डॉलर (लगभग 188 करोड़ रुपये) के राजस्व का नुकसान हो सकता है। इस टूर्नामेंट का आयोजन मूल रूप से श्रीलंका में कराया जाना था लेकिन अब इसे भारत में 14 से 28 फरवरी 2027 तक कराया जाएगा जिसके मैच मुंबई और वडोदरा में खेले जाएंगे। श्रीलंका क्रिकेट की परिवर्तन (ट्रांसफोरमेशन) समिति के सचिव प्रकाश शाफटर ने पत्रकारों से कहा, हमें निश्चित रूप से मेजबानी शुल्क मिलेगा। मुझे लगता है कि यह करीब 20 लाख डॉलर के करीब होगा। साथ ही श्रीलंका क्रिकेट को स्टेडियम और अन्य आयोजन स्थलों को तैयार करने तथा सुविधाओं को बेहतर बनाने का खर्च भी उठाना पड़ेगा।

### राष्ट्रीय शिविर के साथ एशियाई खेलों की तैयारी शुरू की

कोलकाता। भारतीय सीनियर महिला रग्बी सेवन्स टीम ने आगामी एशियाई खेलों के लिए अपनी तैयारी शुरू कर दी है और कोच टेरेंस जोसफ ने कहा कि राष्ट्रीय शिविर में मुख्य ध्यान मैच के दौरान रणनीति को सही तरीके से लागू करने और निरंतरता बनाए रखने पर रहेगा। यह शिविर कोलकाता स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण के नेताजी सुभाष ईस्टर्न सेंटर में आयोजित किया जा रहा है जो प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं से पहले भारतीय रग्बी टीम का घरेलू प्रशिक्षण स्थल रहा है।

# इंग्लैंड के खिलाफ पाक 133 रन पर ऑलआउट

एजेंसी

बर्मिंघम। इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट में पाकिस्तान 133 रन पर ऑलआउट हो गया। उसके सिर्फ 3 बल्लेबाज ही दहाई का आंकड़ा छू सके। बर्मिंघम के एजबेस्टन में सऊद शकील ने सबसे ज्यादा 43 रन की पारी

- 3 बल्लेबाज ही दहाई का आंकड़ा छू सके बाबर 7 रन पर बोल्ड; टंग को 4 विकेट

खेली। मोहम्मद अब्बास ने 21 रन बनाए। इंग्लैंड के लिए जोश टंग ने 4 विकेट लिए। ओली रॉबिन्सन और जोफ्रा आर्चर को 3-3 विकेट मिले। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी और पाकिस्तान को शुरूआत से ही दबाव में डाल दिया। ओली रॉबिन्सन ने सईम अयूब को 10 गेंदों में



बिना खाता खोले छइह किया। यह रॉबिन्सन के टेस्ट करियर का 100वां विकेट भी रहा।

अजान अवैस 9 रन बनाकर जोफ्रा आर्चर की गेंद पर जोश टंग को कैच दे बैठे। इसके बाद रॉबिन्सन ने अब्दुल्ला शफीक को 3 रन पर स्लिप में डैन लॉरेंस के हाथों कैच कराया। आर्चर ने अगले ओवर में कप्तान शान मसूद को 5 रन पर आउट कर दिया। पाकिस्तान ने शुरूआती 9 ओवर में ही 3 विकेट गंवा दिए थे। कप्तान बाबर आजम भी पारी को संभाल नहीं सके। वह 18 गेंदों में 7 रन बनाकर जोश टंग की गेंद पर बोल्ड हुए।

टंग की गेंद अंदर की ओर आई और बाबर उसकी लेंथ को सही तरीके से नहीं पढ़ सके। गेंद उनके बल्ले के नीचे से निकलकर ऑफ स्टंप पर जा लगी। उनके आउट होने के समय पाकिस्तान का स्कोर 48 रन पर 5 विकेट था। बाबर के आउट होने के साथ पाकिस्तान के टॉप-5 बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा छूए बिना पवेलियन लौट गए। इन पांचों ने मिलकर सिर्फ 24 रन बनाए।

# माया की हार के साथ जूनियर अमेरिकी ओपन में भारत की एकल चुनौती समाप्त

एजेंसी

न्यूयॉर्क। माया राजेश्वरन रेवती के दूसरे दौर में अरिना मालिजिना से तीन सेट में मिली हार के साथ जूनियर अमेरिकी ओपन में भारतीय चुनौती लगभग समाप्त हो गई। 15वीं वरीयता प्राप्त माया को मंगलवार को रूस की प्रतिद्वंद्वी से दो घंटे 16 मिनट में 3-6, 7-5, 5-7 से हार का सामना करना पड़ा।

माया जूनियर ग्रैंडस्लैम में लगातार दो जीत दर्ज नहीं कर पाईं हैं, वह फ्रेंच ओपन में भी दूसरे दौर में बाहर हो गई थीं। वहीं ऑस्ट्रेलियाई ओपन और विम्बलडन में उनका सफर पहले दौर में ही समाप्त हो गया था। लड़कों के युगल वर्ग के पहले दौर में अर्णव पापारकर और थाईलैंड के उनके जोड़ीदार कुनानान पंतारातोर्ण को महज 58 मिनट में कजाखस्तान के दामिर झालगास्बे और अमेरिका के साफिर आजम से 4-6, 2-6 से हार मिली।

पापारकर को लड़कों के एकल वर्ग के पहले दौर में भी शिकस्त मिली। माया को हालांकि बालिका युगल वर्ग में मुकाबला खेलना है जिसमें उन्होंने यूक्रेन की एंटोनिना सुशकोवा के साथ जोड़ी बनाई है। उनका सामना चेक गणराज्य की जाना कोवाकोवा और कैटरीना जाजीकोवा की पांचवीं वरीय जोड़ी से होगा। वहीं ऑस्ट्रेलियाई ओपन और विम्बलडन में उनका सफर पहले दौर में ही समाप्त हो गया था।

### विनेश की याचिका पर अदालत ने डब्ल्यूएफआई से पूछा रुख


नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने पहलवान विनेश फोगाट की उस याचिका पर भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) का रूख जानना चाहा है जिसमें विनेश ने सीनियर विश्व चैम्पियनशिप 2026 के लिये महिला वर्ग के चयन ट्रायल में भाग लेने की इजाजत मांगी है। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने डब्ल्यूएफआई के वकील से इस मामले पर निर्देश लेकर आने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई बृहस्पतिवार को होगी। फोगाट ने एक लंबित याचिका में अपनी याचिका के जरिये डब्ल्यूएफआई के सात सितंबर के उस सर्कुलर के अमल और लागू होने पर रोक लगाने की भी मांग की जिसमें चयन ट्रायल के लिए योग्यता के नियम तय किए गए थे। ये ट्रायल 14 सितंबर को यहां इंदिरा गांधी स्टेडियम में होने हैं।

# सेमीफाइनल में बांग्लादेश पर भारत का पलड़ा भारी

एजेंसी

दुबई। सात बार की चैम्पियन भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ महिला एशिया कप के पहले सेमीफाइनल में उतरेगी तो कड़ी मैदानी प्रतिद्वंद्विता और दोनों देशों के बीच राजनयिक तनाव की पृष्ठभूमि में होने वाले इस मुकाबले में हरमनप्रीत कौर की टीम का पलड़ा भारी रहेगा।

बांग्लादेश में राजनीतिक बदलाव के बाद भारत और बांग्लादेश के राजनयिक संबंध तनावपूर्ण रहे हैं। दोनों देशों के बीच तनाव का असर अतीत में अक्सर क्रिकेट के मैदान पर भी देखने को मिला है और यह इस मैच में भी देखा जा सकता है। मौजूदा राजनीतिक तनाव के कारण भारतीय पुरूष टीम का बांग्लादेश दौरा कई बार स्थगित हो



चुका है। जहां तक क्रिकेट का सवाल है तो भारतीय टीम पूरे टूर्नामेंट में शानदार फॉर्म में रही है और सारे मैच जीतकर ग्रुप ए में शीर्ष स्थान हासिल किया। ग्रुप चरण में भारत ने पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 55 रन पर समेटकर सात विकेट से जीत हासिल की। भारतीय बल्लेबाजी काफी मजबूत रही है और स्मृति मंधाना ने हांगकांग के खिलाफ 64 गेंद में 124 रन बनाकर फिर साबित कर दिया कि उन्हें आधुनिक दौर के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में क्यो गिना जाता है। महिला टी20 क्रिकेट में सबसे तेजी से 3000 रन पूरे करने वाली विस्फोटक बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने टीम को अच्छी शुरूआत देकर पावरप्ले में विरोधी टीमों को दबाव में रखा है। मध्यक्रम में कप्तान हरमनप्रीत और विकेटकीपर बल्लेबाज रिचा घोष ने आखिरी ओवरों में अच्छे रन बनाये हैं। गेंदबाजी में भारत के पास विविधता और गहराई है। दीप्ति शर्मा महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गई हैं। उन्होंने राधा यादव और श्री चरणी के साथ मिलकर हर मैच में स्पिन का जाल बखूबी बुना है।

# बीसीसीआई, प्रदेश क्रिकेट संघ राष्ट्रीय खेल अधिनियम के तहत क्यों नहीं : कोर्ट

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) और प्रदेश क्रिकेट संघों से पूछा है कि वे राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम 2025 के दायरे में क्यो नहीं आ सकते। मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और वी मोहना ने मंगलवार को बीसीसीआई के मामले में कुछ क्रिकेट ईकाइयों द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान यह बात कही। पीठ ने बीसीसीआई और प्रदेश संघों के वकीलों से यह भी कहा कि वे इस बारे में निर्देश लें कि उनके पदाधिकारियों की सेवा की शर्तें 2025 के उस अधिनियम के तहत क्यो नहीं आनी चाहिये जो अब लागू हो चुका है।

न्यायालय 2014 में दायर बीसीसीआई से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई कर रहा है और समय समय पर इस मामले में कई आवेदन दाखिल हो चुके हैं। इससे पहले न्यायालय ने सुधार के उपाय सुझाने के लिए पूर्व सीजेआई जस्टिस आर एम लोढ़ा की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया था।

समिति को दी गई जिम्मेदारियों में बीसीसीआई के लिए संविधान तैयार करना भी शामिल था। न्यायालय ने बीसीसीआई के ढांचे, संगठन और कामकाज में सुधार से जुड़ी समिति की अनुशंसाओं को स्वीकार कर लिया था। न्यायालय ने सितंबर 2022 में बीसीसीआई के संविधान में बदलाव की मंजूरी दी थी और कहा था।

### खिलाड़ी होने से कैंसर से लड़ने में मदद मिली : सकलेन

लाहौर। पाकिस्तान के शीर्ष हॉकी खिलाड़ियों में शामिल रहे मुहम्मद सकलेन ने बुधवार को खुलासा किया कि वह कैंसर से जूझ रहे थे और उनके खेल से जुड़े अनुभव ने इस जानलेवा बीमारी से लड़ने में उनकी काफी मदद की। अड़तालिस वर्षीय सकलेन को आठ महीने पहले स्टेज-4 बी ओरल कैंसर (मुंह के कैंसर) का पता चला था। उन्होंने कहा, यह मेरे लिए बहुत बड़ा झटका था क्योंकि जब आप एक खिलाड़ी होते हैं तो आपको विश्वास ही नहीं होता कि आपको कोई गंभीर और जानलेवा बीमारी हो सकती है।

### राष्ट्रीय निशानेबाजी चैम्पियनशिप में सबसे युवा भारतीय बनी नायरा

नयी दिल्ली। दस वर्ष और तीन महीने की नायरा शर्मा राष्ट्रीय निशानेबाजी चैम्पियनशिप के लिये क्वालीफाई करने वाली सबसे युवा भारतीय बन गई। दिल्ली की नायरा ने हाल ही में भोपाल में अखिल भारतीय अंतर स्कूल निशानेबाजी चैम्पियनशिप में दस मीटर एयर राइफल में 400 में से 363 अंक हासिल किये। वह दिल्ली की टॉपगन निशानेबाजी अकादमी में ट्रेनिंग करती है।

# भारत न्यूजीलैंड दौरा : दर्शकों में जबरदस्त उत्साह

एजेंसी

ऑकलैंड। भारतीय टीम के इस साल अक्टूबर में होने वाले न्यूजीलैंड दौरे के लिए दर्शकों में जबरदस्त उत्साह है और न्यूजीलैंड क्रिकेट ने कहा कि तीनों प्रारूप में होने वाली इस श्रृंखला के लिए अब तक 50000 से अधिक टिकट बिक चुके हैं।

भारत छह साल के अंतराल के बाद न्यूजीलैंड का दौरा करेगा, जहां वह पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय, पांच वनडे और दो टेस्ट मैच खेलेगा। न्यूजीलैंड क्रिकेट की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस श्रृंखला के आम जनता के लिए टिकटों की बिक्री सोमवार को शुरू हो गई। और कई मैचों के सभी टिकट बिकने की पूरी संभावना है, जिसमें क्राइस्टचर्च में खेले जाने वाला

- अब तक बिक चुके हैं 50000 से अधिक टिकट

दूसरा टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच भी शामिल है, जिसके 75 प्रतिशत टिकट बिक चुके हैं।

इसमें आगे कहा गया है, ईडन पार्क में टिकटों की अत्यधिक मांग के कारण स्टेडियम की छठी पंक्ति की सीटों को 2019 में भारत के न्यूजीलैंड दौरे के बाद पहली बार खोलना पड़ रहा है। भारत के खिलाफ 30 अक्टूबर को होने वाले चौथे टी20 मैच के लिए यह सीटें दर्शकों के लिए उपलब्ध रहेंगी। न्यूजीलैंड क्रिकेट के मार्केटिंग प्रमुख टिम एलिस ने कहा कि भारतीय दौरे के लिए दर्शकों में जबरदस्त उत्साह बना हुआ है।

एलिस ने कहा, कई वर्षों बाद पहली बार ईडन पार्क के शीर्ष तल को खोलना वास्तव में रोमांचक है। इससे इस दौरे को लेकर उत्साह का पता चलता है।

# भारत 35 महीने से आईसीसी वनडे रैंकिंग में टॉप पर

एजेंसी

नयी दिल्ली । भारतीय टीम ने आईसीसी वनडे टीम रैंकिंग में नंबर-1 की पोजिशन बरकरार रखी है। ताजा रैंकिंग में उसके 116 रेटिंग पॉइंट्स हैं। न्यूजीलैंड 109 रेटिंग के साथ दूसरे और ऑस्ट्रेलिया 102 रेटिंग के साथ तीसरे नंबर पर है। भारतीय टीम सितंबर 2023 में पाकिस्तान को पीछे छोड़कर

- सितंबर 2023 में पाकिस्तान को पीछे छोड़ा न्यूजीलैंड दूसरे स्थान पर

वनडे रैंकिंग में टॉप पर पहुंची थी। टीम तब से यानी पिछले 35 महीने 18 दिन से टॉप पर बरकरार है। भारतीय क्रिकेट टीम जनवरी 2013 में एमएस. धोनी की कप्तानी में पहली बार कउउ वनडे रैंकिंग में नंबर-1 टीम बनी थी।

भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की घरेलू वनडे सीरीज 3-2 से जीतकर यह ऐतिहासिक मुकाम हासिल किया था। भारत ने 2013 में इंग्लैंड को 3-2 से हराया था। इसके साथ ही भारत पहली बार आईसीसी वनडे रैंकिंग में नंबर-1 बना था। साउथ अफ्रीका मौजूदा रैंकिंग में 102 रेटिंग पॉइंट्स के साथ चौथे स्थान पर है। पाकिस्तान 100 रेटिंग के साथ पांचवें और श्रीलंका 96



रेटिंग के साथ छठे नंबर पर है। इंग्लैंड 93 रेटिंग के साथ सातवें और अफगानिस्तान 92 रेटिंग के साथ आठवें स्थान पर है। बांग्लादेश नौवें और वेस्टइंडीज 10वें स्थान पर है। आईसीसी बल्लेबाजों की वनडे रैंकिंग में टॉप-10 में कोई बदलाव नहीं है। भारतीय कप्तान शुभमन गिल 801 रेटिंग पॉइंट्स के साथ टॉप पर बरकरार हैं। विराट कोहली (767 रेटिंग) तीसरे और रोहित शर्मा (758 रेटिंग) चौथे स्थान पर हैं। वहीं टी-20 रैंकिंग में भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन पहले स्थान पर बरकरार हैं। अभिषेक शर्मा (तीसरे स्थान) और तिलक वर्मा (सातवें स्थान) टॉप-10 में शामिल भारतीय हैं। टॉप-10 में सिर्फ एक बदलाव हुआ है। इंग्लैंड के फिल साल्ट ने साउथ अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस को पीछे छोड़ चौथा स्थान हासिल किया है।

आईसीसी की टीम रैंकिंग में टीम के मैचों के नतीजों के साथ उसके प्रदर्शन की निरंतरता को भी ध्यान में रखा जाता है। हर टीम की रेटिंग उसके प्रदर्शन और संबंधित मैचों के रेटिंग-वेट के आधार पर तय होती है। इसलिए केवल पॉइंट्स की संख्या से रैंक तय नहीं होती, बल्कि पॉइंट्स और मैचों के आधार पर बनी रेटिंग महत्वपूर्ण होती है। बीसीसीआई ने भारत की घरेलू क्रिकेट के लिए कैम्पा, रइक लाइफ और चैटजीपीटी के साथ दो सीजन का करार किया है। इन तीनों करारों की कुल कीमत 130 करोड़ रुपए से ज्यादा है। तीनों कंपनियां भारत की घरेलू क्रिकेट की एसोसिएट पार्टनर होंगी। भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की घरेलू वनडे सीरीज 3-2 से जीतकर यह ऐतिहासिक मुकाम हासिल किया था। भारत ने 2013 में इंग्लैंड को 3-2 से हराया था।

# अरुणाचल प्रदेश भारत की एकता का अभिन्न हिस्सा

ईटानगर। उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने बुधवार को कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत की एकता का अभिन्न हिस्सा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक्ट ईस्ट नीति से मिली गति के कारण पूर्वोत्तर क्षेत्र देश के विकास का प्रमुख इंजन बनकर उभर रहा है।

यहां अरुणाचल प्रदेश विधानसभा के विशेष सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह राज्य भारत की सीमाओं का एक गौरवशाली प्रहरी है और इसका विकास देश की प्रगति से गहराई से जुड़ा हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि अरुणाचल प्रदेश सांस्कृतिक रूप से समृद्ध राज्य है और इसमें असीम संभावनाएं हैं। राधाकृष्णन ने कहा कि केंद्र सरकारों ने समय-समय पर पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास को लगातार अधिक प्राथमिकता दी है। उन्होंने याद दिलाया कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय का गठन किया था। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक्ट ईस्ट नीति और पूर्वोत्तर के आठ राज्यों को अष्ट लक्ष्मी बताना इस क्षेत्र की अपार संभावनाओं को दर्शाता है। पूर्वोत्तर क्षेत्र देश की विकास यात्रा में एक अहम चालक के रूप में उभर रहा है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि इस वर्ष के केंद्रीय बजट में पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय के लिए 6,800 करोड़ रुपये से अधिक का




आवंटन किया गया है, जो पूर्वोत्तर क्षेत्र पर केंद्र सरकार के निरंतर ध्यान को दर्शाता है। अरुणाचल प्रदेश के विकास पर प्रकाश डालते हुए राधाकृष्णन ने कहा कि राज्य का करीब 79 प्रतिशत हिस्सा वन क्षेत्र है। राज्य समृद्ध जैव विविधता, जंगलों, नदियों और पारिस्थितिक संसाधनों से संपन्न है, जो देश की पर्यावरणीय सुरक्षा और जलवायु परिवर्तन से निपटने की क्षमता के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा, अरुणाचल प्रदेश भारत के भविष्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह राज्य भारत की एकता का अभिन्न हिस्सा है। अरुणाचल प्रदेश का विकास भारत की प्रगति से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि अरुणाचल प्रदेश देश में कीवी फल का सबसे बड़ा उत्पादक बनकर उभरा है और किसानों को एक लाख से अधिक मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ एक मजबूत अरुणाचल प्रदेश और मजबूत भारत के निर्माण के लिए सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया। मंगलवार शाम दो दिवसीय दौरे पर इस राज्य में पहुंचे राधाकृष्णन ने कहा कि पिछले एक दशक में अरुणाचल प्रदेश में ग्रामीण सड़कों की कनेक्टिविटी करीब 4,000 किलोमीटर से बढ़कर 14,000 किलोमीटर से अधिक हो गई है, जबकि राष्ट्रीय राजमार्गों की लंबाई करीब 1,000 किलोमीटर से बढ़कर 2,500 किलोमीटर से अधिक हो गई है। उन्होंने कहा कि राज्य की प्रति व्यक्ति आय दोगुने से अधिक हो गई है, जबकि सड़क निर्माण की रफ्तार बढ़कर करीब 1,800 किलोमीटर प्रति वर्ष हो गई है। उन्होंने कहा कि इस अवधि के दौरान 800 से अधिक स्कूलों का उन्नयन किया गया है और सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों का नामांकन बढ़कर 1.7 लाख से अधिक हो गया है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि राज्य में महिला सशक्तीकरण की दिशा में भी उल्लेखनीय प्रयास किए गए हैं। उन्होंने बताया कि करीब 16,000 स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से 1.5 लाख से अधिक महिलाओं को लाभ मिला है। राज्य में अब करीब 16,000 लखपति दीदियां हैं और उम्मीद जताई कि भविष्य में वे करोड़पति बनेंगी। राधाकृष्णन ने विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति के लिए मुख्यमंत्री पेमा खांडू, उनके मंत्रिपरिषद के सदस्यों, विधायकों और अरुणाचल प्रदेश की जनता को बधाई दी।

# दुर्भावनापूर्ण तरीके से एआई क्षमता हासिल करने के अमेरिकी दावों पर चीन का पलटवार

बैंकॉक। चीन ने बुधवार को अमेरिका के उन दावों पर पलटवार किया जिनमें कहा गया था कि चीनी कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) निर्माता अमेरिका की एआई प्रणालियों से क्षमताएं हासिल करने के लिए बड़े स्तर पर आक्रामक और दुर्भावनापूर्ण कोशिशें कर रहे हैं।

एफबीआई, नेशनल सिक्योरिटी एजेंसी और साइबर सिक्योरिटी एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सिक्योरिटी एजेंसी ने मंगलवार को एक संयुक्त साइबर सुरक्षा परामर्श जारी किया। इसमें कहा गया कि चीनी एआई निर्माताओं ने कम से कम 2024 के आखिर से अमेरिका के आधुनिक एआई मॉडल- जैसे एंथ्रोपिक के क्लाउड, ओपनएआई के जीपीटी, गूगल के जेमिनी और स्पेसएक्स एआई के ग्रोक से क्षमताएं हासिल की हैं। परामर्श में चीन की कंपनियों डीपसीक, अलीबाबा, मूनशॉट एआई और जेडएआई का नाम लिया गया और कहा गया कि ये गतिविधियां संभवतः चीनी सरकार की जानकारी में की गईं। बीजिंग में, विदेश मंत्रालय ने अमेरिका




से कहा कि वह चीन पर बेबुनियाद आरोप लगाने या उसे बदनाम करने से बचे। मंत्रालय ने कहा कि चीन और अमेरिका दोनों ही एआई के क्षेत्र में बड़ी ताकतें हैं और उन्हें आपसी सहयोग मजबूत करना चाहिए। चीन का एआई विकास उच्च-स्तरीय तकनीकी आत्मनिर्भरता और ताकत का नतीजा है। हमारा मानना है कि सभी पक्षों को ऐसे एआई विकास को बढ़ावा देने के लिए सहयोग मजबूत करना चाहिए जो खुला, समावेशी, सबके लिए फायदेमंद और आम भलाई पर केंद्रित हो। उम्मीद है कि इस महीने के आखिर में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच होने वाली बातचीत में एआई गवर्नेंस का मुद्दा भी उठेगा। अमेरिकी परामर्श में कहा गया कि चीनी एआई कंपनियां अनधिकृत पहुंच पाने के लिए कई रास्तों से डिस्टिलेशन अनुरोध भेजती हैं, जिससे अमेरिकी एआई कंपनियों की इस्तेमाल की शर्तों का उल्लंघन होता है। चीन स्थित एआई कंपनियां बड़े पैमाने पर आक्रामक, दुर्भावना वाली और लक्षित डिस्टिलेशन गतिविधियों में शामिल हैं, जिनसे अमेरिकी आधुनिक एआई मॉडल की प्रतिबंधित और विशिष्ट कार्यक्षमताएं और दक्षताएं हासिल की जाती हैं।

## संक्षेप

### घरेलू बाजार में चीनी सस्ती हुई

नयी दिल्ली। भारतीय चीनी एवं जैव-ऊर्जा विनिर्माता संघ (इस्मा) के अध्यक्ष नीरज शिरगांवकर ने बुधवार को कहा कि घरेलू बाजार में चीनी की कीमतों में नरमी आने के बावजूद इसका आयात करना अभी भी फायदेमंद है। उनका यह बयान वैश्विक स्तर पर चीनी की कीमतों में हाल में आई तेजी के बीच आया है। भारत ने पिछले महीने त्योहारी मौसम से पहले घरेलू आपूर्ति बढ़ाने और खुदरा कीमतों को काबू में रखने के लिए 10 लाख टन चीनी के शुल्क-मुक्त आयात की अनुमति दी थी। घरेलू कीमतों में गिरावट के बावजूद आयात अभी भी फायदेमंद है। उन्होंने बताया कि दो सप्ताह पहले चीनी की मिल स्तर वाली कीमतें 65-67 रुपये प्रति किलोग्राम के उच्च स्तर पर थीं, जो अब घटकर 43-44 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई हैं। उन्होंने कहा कि खुदरा कीमतों पर इसका असर दिखने में अभी एक-दो सप्ताह और लगेंगे। कीमतों को नियंत्रित करने के लिए उठाए गए कदमों के तहत सरकार ने पिछले महीने 10 लाख टन चीनी के शुल्क-मुक्त आयात की अनुमति दी थी। सूत्रों के मुताबिक, मिलों ने अब तक तय मात्रा में से आठ लाख टन चीनी के आयात के लिए आवेदन किया है। हालांकि, आपूर्ति में कमी और भारत की ओर से खरीद शुरू होने के कारण वैश्विक कीमतों में तेजी आने से मिलों को इन आयातों की लाभप्रदता को लेकर चिंता होने लगी है।

# शिवराज आज करेंगे बीज विधेयक के मसौदे पर किसानों से बात

नयी दिल्ली। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान बृहस्पतिवार को नकली और घटिया बीजों की बिक्री की समस्या से निपटने के लिए प्रस्तावित बीज कानून पर प्रमुख किसान संगठनों के साथ उच्च-स्तरीय बातचीत करेंगे।

कृषि भवन में होने वाली इस बातचीत का मकसद प्रस्तावित कानून को अंतिम रूप देने से पहले किसानों के जमीनी अनुभवों, सुझावों और चिंताओं को इसमें शामिल करना है। बीज विधेयक, 2025 का मसौदा भारत के बीज कानूनों को मौजूदा कृषि जरूरतों के हिसाब से ढालने के लिए बीज अधिनियम, 1966 और बीज (नियंत्रण) आदेश, 1983 की जगह लेने का प्रयास करता है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, बैठक में भारतीय किसान संघ, भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) के विभिन्न गुट, ऑल इंडिया किसान कोऑर्डिनेशन कमेटी, किसान महापंचायत, भारतीय कृषक समाज, गांव किसान उन्नयन और सोसायटी फॉर इंडिपेंडेंट फार्मर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर उचित समय पर होंगे हस्ताक्षर

मुंबई। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने बुधवार को कहा कि भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौता लगभग अंतिम रूप ले चुका है और कुछ मुद्दों पर दोनों पक्षों के बीच बातचीत जारी है। उन्होंने कहा कि समझौते पर उचित समय पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। किसी भी व्यापार समझौते में दोनों देशों को एक-दूसरे के बाजार में कुछ विशेष रियायतें देना जरूरी होता है।

अग्रवाल ने कहा कि वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल कई बार स्पष्ट कर चुके हैं कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता लगभग अंतिम रूप ले चुका है। दोनों पक्ष कुछ मुद्दों पर अभी बातचीत कर रहे हैं और उचित समय पर समझौते पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यापार समझौते में दोनों देशों को एक-दूसरे के बाजार में कुछ विशेष रियायत के साथ प्रवेश देना जरूरी होता है। अग्रवाल ने कहा, भारत की ओर से यह करना आसान है, क्योंकि वह सर्वाधिक तरजीही राष्ट्र के आधार पर शुल्क लगाता है। अमेरिका की शुल्क व्यवस्था अलग है। वहां कार्यकारी फैसलों



के आधार पर शुल्क लगाए जा रहे हैं। इसलिए अमेरिका ऐसी व्यवस्था तैयार कर रहा है, जिससे दोनों देशों के शुल्क में अंतर पैदा हो और भारत को विशेष बाजार पहुंच मिल सके। उचित समय आने पर दोनों देश समझौते पर हस्ताक्षर कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार भी बढ़ रहा है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने हाल में कहा था कि अमेरिका द्वारा भारत को उसके प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में बेहतर शुल्क शर्तें देने के बाद ही द्विपक्षीय व्यापार समझौते का ब्योरा घोषित किया जाएगा। अमेरिका को भारत का वस्तु निर्यात अप्रैल-जुलाई 2026-27 के दौरान तीन प्रतिशत बढ़कर 34.5 अरब डॉलर हो गया, जबकि आयात 22.42 प्रतिशत बढ़कर 22.12 अरब डॉलर रहा। भारत और अमेरिका ने फरवरी में समझौते के पहले चरण की रूपरेखा को अंतिम रूप देने की घोषणा की थी। हालांकि, अमेरिका की शुल्क व्यवस्था में बदलाव के बाद दोनों देशों के बीच इस समझौते को लेकर आगे बातचीत शुरू हुई। गोयल सितंबर के अंत में अमेरिका जाएंगे। वह मिलवॉकी में होने वाली जी-20 व्यापार मंत्रियों की बैठक में शामिल होंगे और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमीसन ग्रीर के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। इस दौरान व्यापार समझौते से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा होने की संभावना है। अग्रवाल ने यह भी कहा कि भारत और चिली के बीच व्यापार समझौते को लेकर बातचीत अंतिम चरण में है। कुछ मुद्दों पर दोनों पक्ष फिलहाल सहमति नहीं बना पाए हैं, लेकिन अगले दो-तीन महीनों में समाधान निकलने की उम्मीद है। भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते के बारे में अग्रवाल ने कहा कि भारत और न्यूजीलैंड के बीच व्यापार समझौता अक्टूबर से लागू होने की उम्मीद है। दोनों देशों ने 27 अप्रैल को इस समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।

# छठी कक्षा को त्रि-भाषा नीति से इस साल छूट देने पर विचार करे सीबीएसई : न्यायालय

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से कहा कि वह इस अकादमिक सत्र के लिए छठी कक्षा के छात्रों को अपनी त्रि-भाषा नीति से छूट देने पर विचार करे।

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ ने सीबीएसई की त्रि-भाषा नीति को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई 17 सितंबर तक टालते हुए बोर्ड से कहा कि वह मौजूदा अकादमिक सत्र में छठी कक्षा के छात्रों को शामिल करने की संभावना पर विचार करे। पीठ में न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना भी शामिल हैं। न्यायालय ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा, इस साल छठी कक्षा पर विचार करें...यदि उन्हें कुछ छूट दी जा सकती है...। मेहता ने अदालत से सुनवाई टालने का अनुरोध किया क्योंकि अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल ऐश्वर्या भाटी उपलब्ध नहीं थीं। फिर भी, उन्होंने भरोसा दिलाया कि संबंधित अधिकारी पीठ के सुझाव पर विचार करेंगे। शीर्ष विधि अधिकारी ने कहा, हम सब मिलकर बैठेंगे और फिर आपको सूचित करेंगे। याचिकाकर्ताओं में से एक के वरिष्ठ वकील ने कहा कि मामले में और देरी नहीं होनी चाहिए क्योंकि छात्रों को आखिरकार परीक्षा देनी है और इससे उनके माता-पिता की चिंता बढ़ रही है। न्यायालय उन याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था जिनमें सीबीएसई की उस नीति को चुनौती दी गई थी, जिसके तहत नौवीं कक्षा के छात्रों के लिए एक जुलाई से तीन भाषाएं पढ़ना अनिवार्य किया गया था।

# अच्छा प्रदर्शन कर रही भारतीय अर्थव्यवस्था

नयी दिल्ली। भारतीय अर्थव्यवस्था अच्छा प्रदर्शन कर रही है और जल्द ही अपनी रफ्तार हासिल करते हुए चालू खाते में अधिशेष की स्थिति में लौट आएगी।

भारतीय अर्थव्यवस्था के सामने प्रमुख चुनौती देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी का कम होना है। वित्तीय-प्रौद्योगिकी पर केंद्रित सम्मेलन ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2026 में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन अच्छा रहा है। मैं इसे बहुत अच्छा कभी नहीं कहूंगा, क्योंकि मैं एक सुधारवादी हूं। देश की अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में अपेक्षा से बेहतर 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। उन्होंने कहा कि भारत जल्द ही चालू खाते में अधिशेष की स्थिति में पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि निवेश के लिए विदेशी पूंजी के साथ घरेलू बचत की भी महत्वपूर्ण भूमिका होनी चाहिए। हम फिर से




अपनी पुरानी स्थिति हासिल करेंगे और मुझे लगता है कि हम जल्द ही चालू खाते में अधिशेष दर्ज करेंगे... हम पहले तीन प्रतिशत के नियम को लेकर चिंतित रहते थे। यदि चालू खाते का घाटा जीडीपी के तीन प्रतिशत से अधिक हो जाता था, तो बहुत बड़ी समस्या खड़ी हो जाती थी। लाहिड़ी ने कहा कि भारत में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) केवल पूंजी उपलब्ध कराने के लिहाज से महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि इससे वैश्विक मूल्य श्रृंखला तक पहुंच, विनिर्माण का पैमाना बढ़ाने और प्रौद्योगिकी हासिल करने में भी मदद मिलती है।

उन्होंने कहा कि भारत में जीडीपी के हालिया आंकड़ों में विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी बढ़ी है, लेकिन हमें अब बहुत अधिक विनिर्माण की जरूरत है। विकसित देशों में विनिर्माण की हिस्सेदारी घटी है, लेकिन ऐसा वहां प्रति व्यक्ति आय के काफी ऊंचे स्तर पर हुआ।

भारत को विनिर्माण क्षेत्र में बड़े पैमाने पर उत्पादन की क्षमता विकसित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा, डेटा सेंटर, सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के क्षेत्रों में विदेशी कंपनियों का आना और निवेश सकारात्मक है। वित्त वर्ष 2025-26 में भारत का चालू खाते का घाटा 25.2 अरब डॉलर यानी जीडीपी का 0.6 प्रतिशत रहा था।

## इंटरटेनमेंट...

# फिल्म : 'मिर्जापुर-द मूवी' ने में कमाये 154 करोड़

**मुंबई**। गुरमीत सिंह के निर्देशन में बनी 'मिजार्पुरः द मूवी' ने पहले सोमवार को देश में 16 करोड़ की नेट कमाई की। इसके साथ फिल्म का 4 दिन में भारत में नेट कलेक्शन 109.75 करोड़ और वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन 154.05 करोड़ हो गया है। महज 4 दिनों में ही ये फिल्म इस साल की 8वीं हाईएस्ट ग्रॉसिंग फिल्म बन चुकी है।



इसने अल्फा और कॉकटेल 2 जैसी फिल्मों को पीछे कर दिया। फिल्म ने पहले सोमवार की कमाई में सलमान खान की 'सुल्तान, 'ब्रह्मास्त्र पार्ट 1 शिवा' और 'द कश्मीर फाइल्स' को पीछे छोड़ दिया है। 'मिजार्पुरः द मूवी' चार दिन में 100 करोड़ क्लब में शामिल हो गई है। फिल्म महज 4 दिनों में 2026 की 8वीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन चुकी है। इसने अल्फा और कॉकटेल-2 जैसी फिल्मों से ज्यादा कमाई कर ली है। मौजूदा कमाई देखकर अनुमान लगाया जा सकता है कि ये जल्द ही अक्षय कुमार की वेलकम टू द जंगल और आवारापन 2 से भी ज्यादा कमाई कर सकती है। सोमवार को 'मिजार्पुर' के 10,570 शोज में 38.8% सीटों पर दर्शक नजर आए। वहीं, भक्ति ड्रामा 'हनुमान अंश' के 7,343 शोज में 36.0% ऑक्यूपेंसी दर्ज की गई। 'हनुमान अंश' ने सोमवार को अपने 32वें दिन ?10 करोड़ कमाए। सैकनिल्क के मुताबिक, 'मिजार्पुरः द मूवी' ने अपने पहले सोमवार यानी रिलीज के चौथे दिन देश में ?16 करोड़ की नेट कमाई की। ओपनिंग डे की तुलना में यह 37.86% की गिरावट है। हालांकि वीकडे के लिहाज से कमाई बेहतरीन हुई है।

आमतौर पर पहले दिन की तुलना में पहले कामकाजी सोमवार को कमाई 40% तक गिरती है। देश में अब तक पहले सोमवार को सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों की लिस्ट में 'मिजार्पुरः द मूवी' 39वें नंबर पर है। हालांकि, इसने रणबीर कपूर की 'ऐ दिल है मुश्किल' की ?15.65 करोड़ की कमाई को पीछे छोड़ा है। फिल्म ने सलमान खान की 'सुल्तान' की ?15.54 करोड़, 'ब्रह्मास्त्र पार्ट 1 शिवा' की ?15.10 करोड़ और विवेक अग्निहोत्री की 'द कश्मीर फाइल्स' की ?15.05 करोड़ की पहले सोमवार की कमाई को भी पछाड़ दिया है।

> अल्फा, कॉकटेल-2 पीछे, साल की 8वीं सबसे बड़ी फिल्म बनी, सोमवार की कमाई में सलमान, रणबीर की फिल्में पछाड़ीं

# तिग्मांशु धूलिया ने 'धुरंधर' की कहानी पर उठाये सवाल

**मुंबई**। निर्देशक तिग्मांशु धूलिया ने 'पान सिंह तोमर, 'हासिल' और 'साहेब बीवी और गैंगस्टर' जैसी फिल्में डायरेक्ट की हैं। निर्देशक और अभिनेता तिग्मांशु धूलिया ने मौजूदा हिंदी सिनेमा में कहानी कहने के तरीके पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि कॉरपोरेट कल्चर और एक जैसे फिल्मी टेम्पलेट के कारण फिल्मों में मौलिक कहानियां कम होती जा रही हैं। धूलिया ने यह टिप्पणी हाल ही में एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित राजेंद्र माथुर मेमोरियल लेक्चर के दौरान की। कार्यक्रम दिल्ली में आयोजित हुआ था। धूलिया ने कमर्शियल मेनस्ट्रीम सिनेमा का उदाहरण देते हुए 'पुष्पा, 'केजीएफ' और 'धुरंधर' का जिक्र किया। उन्होंने कहा, हर फिल्म एक फिक्शनल बायोपिक है।

# रणबीर को राम के रूप में स्वीकार नहीं कर सकता

**मुंबई**। रामानंद सागर के पोते और प्रोड्यूसर-डायरेक्टर शिव सागर ने नितेश तिवारी की आने वाली फिल्म 'रामायण' में रणबीर कपूर को भगवान राम के रोल में लेने पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि 'एनिमल' के बाद वह रणबीर को राम के रूप में स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं। शिव सागर ने न्यूज एजेंसी अठक से नितेश तिवारी की रामायण पर कहा, एक कास्टिंग को छोड़कर मुझे बाकी पूरी कास्टिंग बहुत पसंद है। पर्सनली मैं 'एनिमल' के बाद मैं रणबीर कपूर को राम के रूप में स्वीकार नहीं कर सकता। जब मैं रामजी को देखता हूं, तो मुझे लगता है कि किसी नए चेहरे को लिया जाना चाहिए था। उन्होंने आगे कहा, आप एक बहुत मजबूत सपोर्टिंग कास्ट ले सकते हैं। यश बहुत अच्छे लग रहे हैं और साई पल्लवी भी बहुत अच्छी लग रही हैं। उन दोनों के साथ पिछली भूमिकाओं का इतना बोझ नहीं है। रणबीर के साथ बहुत बोझ है। इसलिए हम आमतौर पर अपने सीरियल्स में नए चेहरे लेते हैं, ताकि उनकी कोई पिछली छवि या इतिहास न हो। उन्होंने शिव सागर ने कहा, 'हो सकता है।

> रामानंद सागर के पोते ने रामायण कास्टिंग पर उठाये सवाल, एनिमल कैरेक्टर का बोझ है

# प्रलय के सेट से रणवीर सिंह का नया लुक वायरल

**मुंबई**। रणवीर सिंह की अगली फिल्म 'प्रलय' को लेकर फैंस की एक्साइटमेंट बढ़ गई है। मुंबई में चल रही शूटिंग से रणवीर का पहला लुक सामने आया है। लंबे बालों में नजर आ रहे रणवीर की पीठ पर एक बच्चा भी दिखाई दे रहा है। लुक सामने आते ही सोशल मीडिया पर फैंस ने इसे 'धुरंधर' के उनके किरदार जसकीरत से जोड़ना शुरू कर दिया।

फिल्म में रणवीर के साथ कल्याणी प्रियदर्शन भी नजर आएंगी। 'प्रलय' के सेट से सामने आए वीडियो और तस्वीरों में रणवीर सिंह लंबे बालों वाले लुक में दिखाई दे रहे हैं। उनकी पीठ पर एक बच्चा नजर आ रहा है। हालांकि, फिल्म में उनके किरदार और बच्चे के बीच संबंध को लेकर मेकर्स की ओर



से अभी कोई जानकारी सामने नहीं आई है। सामने आई झलक ने फिल्म की कहानी को लेकर उत्सुकता बढ़ा दी है। फिल्म 'धुरंधर' में रणवीर सिंह ने हमजा अली मजारी नाम के एक अंडरकवर भारतीय जासूस का किरदार निभाया है। फिल्म में बाद में खुलासा होता है कि उसका असली नाम जसकीरत सिंह रांगी है। रणवीर का लुक सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर फैंस ने उनकी तुलना 'धुरंधर' के किरदार जसकीरत से करनी शुरू कर दी। कई यूजर्स ने कमेंट कर कहा कि 'जसकीरत लौट आया'। लंबे बालों वाला रणवीर का लुक देखकर फिल्म को लेकर चर्चा तेज हो गई है। सामने आए वीडियो में रणवीर सिंह के साथ अभिनेत्री कल्याणी प्रियदर्शन भी नजर आ रही हैं।

> लंबे बाल और पीठ पर बच्चा देख फैंस बोले जसकीरत फिर लौट आया, बढ़ा फिल्म का बज




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com